www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:13 सूर्यास्त 5:33

आज का तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| शिमला | 5.00 | 15.00 |
| धर्मशाला | 7.02 | 21.00 |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72240.26 |
| निफ्टी | 21731.40 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | शनिवार, 30 दिसंबर 2023 | 15 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 12 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए

भगवान श्रीराम के वंशज थे चंबा के शासक ...पेज 3

# रामलला की कौन सी प्रतिमा होगी स्थापित, ट्रस्ट मैंबर्स ने अभी नहीं किया खुलासा

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** में राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की प्रतिमा को लेकर शुक्रवार को ट्रस्ट की बैठक हुई। बैठक में ट्रस्ट ने अंतिम फैसला नहीं लिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने तीन मूर्तियों पर अपना मत लिखित रूप से महासचिव चंपत राय को दे दिया है। इस पर आखिरी फैसला अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास और चंपत राय लेंगे। बताया जा रहा है कि इस पर एक-दो दिन में अंतिम फैसला हो जाएगा।




**3** प्रतिमाएं रामसेवकपुरम में रामलला की तैयार की हैं

**3** डिजाइनों में से एक प्रतिमा का चयन होगा, जिसमें दिव्यता होगी और चेहरे पर बालक जैसा भाव होगा



**51** इंच ऊंची बनाई हैं रामलला की प्रतिमाएं

- कर्नाटक के मूर्तिकार डॉ. गणेश भट्ट, जयपुर के सत्यनारायण पांडे और कर्नाटक के ही अरुण योगीराज ने ये मूर्तियां तैयार की हैं।

**2** कर्नाटक और एक राजस्थान के पत्थर से तैयार की मूर्तियां, कर्नाटक के पत्थर की मूर्तियां श्याम रंग की

**1** को प्राण प्रतिष्ठा के लिए चुना जाएगा।

**22** जनवरी को होगी प्राण प्रतिष्ठा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहेंगे मौजूद

**15** सदस्यों में से 10 सदस्य बैठक में मौजूद



## मूर्तियों का किया निरीक्षण

बैठक के दौरान सभी सदस्य मंदिर परिसर से तीन किलोमीटर दूर रामसेवकपुरम गए। वहां तीन मूर्तिकारों की बनाई गई मूर्तियों को मेज पर रखा गया। करीब आधे घंटे तक सभी सदस्यों ने मूर्तियों को बारीकी से देखा।

## अतिथियों को मिलेगा 'अयोध्या दर्शन' का प्रसाद

22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने वाले प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व संघ प्रमुख समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों को गीताप्रेस के 'अयोध्या दर्शन' का प्रसाद मिलेगा। इस पुस्तक में अयोध्या के इतिहास, प्रमुख मंदिरों, तीर्थों व संस्कृति का परिचय है। गीता प्रेस में अयोध्या आने वाले खास मेहमानों के लिए 100 पुस्तक गुच्छ तैयार किए जा रहे हैं, जबकि अयोध्या दर्शन की दस हजार प्रतियां भेजी जाएंगी। इसके अलावा खास समारोह के लिए श्रीरामांक की तीन हजार प्रतियां प्रकाशित की जा रही हैं।

## मोदी आज पहुंचेंगे

पीएम मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने और नई अमृत भारत ट्रेनों और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के लिए अयोध्या पहुंचेंगे। इस दौरान वह 31,400 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।



- गर्भगृह में रामलला बाल स्वरूप में विराजेंगे। कर्नाटक के पत्थर की मूर्तियां श्याम रंग की हैं, जबकि राजस्थान की श्वेत संगमरमर की हैं।

## सोने का धनुष बाण भेंट करेगा महावीर मंदिर ट्रस्ट

**रामलला** को पटना महावीर मंदिर ट्रस्ट सोने का धनुष-बाण अर्पित करेगा। ट्रस्ट ने राम मंदिर निर्माण के लिए 10 करोड़ भी दान में दिए हैं, जिसकी अंतिम किस्त प्राण प्रतिष्ठा से पहले दे दी जाएगी। उच्चतम न्यायालय का फैसला आने के बाद महावीर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोर कुणाल ने मंदिर निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए अर्पित करने की बात कही थी।

## न्यूज शॉर्ट्स

### नीना सिंह सीआईएसएफ की पहली महिला चीफ बनीं



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) की कमान नीना सिंह को सौंपी है। राजस्थान कैडर की आइपीएस अधिकारी नीना सिंह सीआइएसएफ की पहली महिला महानिदेशक (डीजी) होंगी। वे सीआइएसएफ में विशेष महानिदेशक के पद पर तैनात हैं। देशभर के एयरपोर्ट, दिल्ली मेट्रो और अन्य सरकारी भवनों की सिक्योरिटी उन्हीं के जिम्मे है।

### पूर्व पाक विदेश मंत्री कुरैशी को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को पुलिस रिमांड पर देने के बजाय रावलपिंडी कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने नौ मई की हिंसा से जुड़े नए मामलों में कोर्ट से कुरैशी का 30 दिन का रिमांड मांगा था, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया।

### कोहली ने सात कैलेंडर वर्ष में दो हजार प्लस रन बनाए

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत को भले ही करारी शिकस्त मिली हो, लेकिन विराट कोहली ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 146 साल के इतिहास में कभी नहीं हो सका। विराट पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट यानी तीनों प्रारूप मिलाकर सात अलग-अलग कैलेंडर वर्ष में 2000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। -संबंधित खबर पेज 15

## टॉप स्टोरीज

शिमला पहुंचकर बोले सुक्खू, डीजीपी मामले में जल्द लिया जाएगा फैसला ...पेज 3
भारत के सामने सीरीज न गंवाने की चुनौती ...पेज 15
नौसेना अफसरों के कंधों पर सजेगी शिवाजी की राजमुद्रा ...पेज 16

**एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर**

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

# डायरेक्टर के संस्थान छोड़ते ही मंत्रालय ने मंगवाया रिकॉर्ड

ट्रिपल आईटी ऊना का मामला

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**बोर्ड** ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) की बैठक में लिए फैसलों और नई रिक्रूटमेंट के लिए जारी किए विज्ञापन को कैंसिल कर केंद्रीय उच्च शिक्षा मंत्रालय ने ट्रिपल आईटी ऊना का रिकॉर्ड तलब किया है।

कुछ दिन पहले संस्थान के डायरेक्टर एस सिलवा कुमार ने संस्थान छोड़ दिया था। अब चर्चा है कि उन्होंने इस्तीफा मजबूरी में दिया या फिर लिया गया है। ये तथ्य भी अब मंत्रालय की जांच में जुड़ गए हैं। मंत्रालय से लेकर केंद्रीय मंत्री तक पिछले एक साल से शिकायतों का दौर जारी था। कुछ समय पहले जब रवि शर्मा को बीओजी का अध्यक्ष बनाया गया था, तब से खटपट शुरू हो गई थी, उनके कार्यकाल में कुछ समय पहले इस्तीफा देकर जाने वाले डायरेक्टर की जो बीओजी बैठक हुई, उसमें कई फैसले लिए गए हैं, जो नियमों के खिलाफ हैं। (अनंत ज्ञान)

### 2020 में कैंसिल हुआ था रिक्रूटमेंट प्रोसेस

**कैंसिल** हुई रिक्रूटमेंट को लेकर कई चर्चाएं शुरू हो गई हैं, जिन पदों की रिक्रूटमेंट होनी थी, उनका प्रोसेस 2020 में कैंसिल हो चुका है। 2021 में दो सदस्य कमेटी ने जांच की थी। अब 31 दिसंबर को ट्रिपल आईटी के रजिस्ट्रार की रिटायरमेंट हो रही है। चर्चा है कि अब यहां पर किसी और डायरेक्टर की तैनाती हो रही है। एस सिलवा कुमार के कार्यकाल में रजिस्टर, अस्सिटेंट रजिस्टार, स्पोर्ट्स ऑफिसर, असिस्टेंट प्रोफेसर आदि के पदों को भरने का प्रोसेस शुरू हो चुका था और आवेदन आना शुरू हो गए थे, लेकिन उनके जाते ही प्रोसेस को कैंसिल कर दिया गया।

**पहले** क्या हुआ इस बारे में कुछ बात नहीं कर सकते। आगे से जो भी फैसले होंगे, वे नियमों के तहत होंगे। फिलहाल स्टॉप गैप अरेंजमेंट के रूप में उन्हें कार्यभार दिया गया है।

-विनोद कुमार, ट्रिपल आईटी के कार्यकारी व एनआईटी जालंधर के डायरेक्टर।

**डायरेक्टर** का कार्यकाल पूरा हो गया था और उन्हें एक्सटेंशन दी गई थी, इसलिए उन्हें अपने पुराने संस्थान में जाना पड़ा है। बीओजी की बैठक में लिए गए फैसलों पर प्रक्रिया चल रही है। इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता।

-रवि शर्मा, बीओजी, अध्यक्ष।

## इमरान खान जेल में कर सकेंगे चुनावी बैठकें



**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने अदियाला जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नेताओं और वकीलों के साथ चुनावी बैठकें करने की इजाजत दे दी है। गौर हो कि आठ फरवरी को पाकिस्तान में चुनाव होंगे। हाई कोर्ट का फैसला इमरान खान की ओर से दायर याचिका पर सुनाया गया है, जिसमें पार्टी के सदस्यों असद कैसर, जुनैद अकबर खान, सीनेटर औरंगजेब कान और मोहम्मद खान और इश्तियाक मेहरबान के साथ बैठक करने की अनुमित मांगी गई थी।

- इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने दी इजाजत

हिल्स क्वीन | शिमला में अनंत ज्ञान



हिल्स क्वीन शिमला के रिज मैदान पर शुक्रवार को 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र पढ़ते पाठक।

# नॉर्थ ईस्ट में उग्रवाद का अंत आखिर उल्फा ने डाले हथियार

एजेंसी, नई दिल्ली

**केंद्र,** असम सरकार और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के बीच दिल्ली में त्रिपक्षीय शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। पूर्वोत्तर में शांति प्रयास की दिशा में मोदी सरकार की यह बड़ी कामयाबी है। 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समाधान समझौते पर साइन किए हैं। इसके साथ ही असम के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। शांति समझौते के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा और उल्फा के अरबिंद राजखोवा नीत वार्ता समर्थक गुट के एक दर्जन से ज्यादा शीर्ष नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही पूर्वोत्तर के राज्यों में दशकों पुराने उग्रवाद का अंत हो गया है।

- उल्फा और केंद्र सरकार के बीच नई दिल्ली में हुआ त्रिपक्षीय शांति समझौता

## ललन का इस्तीफा, नीतीश जेडीयू अध्यक्ष

एजेंसी, नई दिल्ली



**दिल्ली** में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की शुक्रवार को हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पद से इस्तीफा दे दिया।

ललन सिंह ने नीतीश कुमार को पार्टी का नया अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। नीतीश दूसरी बार पार्टी के अध्यक्ष बने हैं। ललन सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सक्रियता को देखते हुए मैंने यह फैसला लिया है। मैं बहुत समय तक पार्टी अध्यक्ष रह चुका हूं। मुझे चुनाव लड़ना है, पार्टी में दूसरे काम भी करने हैं।

नीतीश कुमार ने कहा कि आप लोगों का आग्रह है तो मैं इसके लिए तैयार हूं। 21 जुलाई 2021 में ललन सिंह को जेडीयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था।

- बोले- लोकसभा चुनाव में सक्रियता को देखते हुए लिया फैसला

**संरक्षक** विदेश से आकर तत्तापानी को पर्यटन की दृष्टि से किया विकसित, विश्व पटल पर दी पहचान

# गर्म पानी के चश्मों को प्रेम ने दिया जीवन

महेंद्र कुमार, सुन्नी



**शिमला** से 49 किलोमीटर दूर तत्तापानी के प्रेम रैना ने सतलुज नदी पर बने आठ सौ मेगावॉट के कोल बांध की जद में आ रहे गर्म पानी के चश्मों को संरक्षित कर उन्हें पुनर्जीवन दिया।




उन्होंने 2016 में बांध की वजह से बनी झील में गर्म पानी के चश्मों को जलमग्न होने से पहले ही अपने खर्चे पर एक किलोमीटर ऊपर तक जल को उठाकर न केवल तत्तापानी तीर्थ की पौराणिक महत्ता को बरकरार रखा, बल्कि ऋषि जमदग्नि की महान परंपरा को भी पुनर्प्रतिष्ठित किया। प्रेम रैना ने दस वर्ष तक इटली के क्रेमोना व सीमावर्ती फ्रांस और रूस में हिंदू धर्म संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया। वह 2010 में स्वदेश लौट आए थे। रैना के प्रयासों का नतीजा है कि कोल डैम बनाने के बाद यहां बनी झील पर एडवेंचर टूरिज्म की शुरुआत भी की गई। हिमाचल प्रदेश के दूसरे प्राकृतिक स्वास्थ्य केंद्र हॉट स्प्रिंग तत्तापानी के प्रबंधक प्रेम रैना ने मात्र सौ रुपए से एक व्यवसाय शुरू किया था। हॉट स्प्रिंग होटल सतलुज नदी के किनारे था, यहीं से अपने व्यवसाय की शुरुआत करने वाले प्रेम ने तत्तापानी की पहचान देश-विदेश में फैलाई। इस होटल में प्रेम ने आयुर्वेद और योग को भी पर्यटकों के लिए सुलभ बनाया। (अनंत ज्ञान)

### कई लोगों को रोजगार

**प्रेम** रैना आज चार होटल और एक स्वास्थ्य केंद्र चलाते हैं, जो आयुर्वेदिक उपचार, योग और प्राकृतिक चिकित्सा प्रदान करता है। इसके अलावा उनकी एक एडवेंचर टूरिज्म कंपनी है, जो पर्यटकों को व्हाइट वाटर रॉफ्टिंग की सुविधा प्रदान करती है। प्रेम रैना कई लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे हैं। चश्मों के लिए विख्यात तत्तापानी सतलुज नदी के किनारे बसा छोटा सा गांव है।

### प्राइड ऑफ हिमाचल

**प्रेम** रैना को सांस्कृतिक चेतना, पर्यटन के उत्थान के लिए किए प्रयास को देखते हुए 2017 में हिमाचल प्रदेश के उद्यमी पुरस्कार व 2019 में द प्राइड ऑफ हिमाचल और 2022 में आइकन ऑफ एशिया पुरस्कार दिया गया। 2022 में ही आयुर्वेद और योग को बढ़ावा देने के लिए सत्व आइकनिक वेलनेस अवॉर्ड प्रदान किया। प्रदेश सरकार ने जल क्रीड़ा को बढ़ावा देने के लिए बिग इवेंट अवॉर्ड व आइकन ऑफ हिमाचल अवॉर्ड भी दिया।



## राम जी का अयोध्या धाम




**त्रेतायुग** से ही प्रभु श्रीराम की अयोध्या विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विख्यात रही है और दोबारा से अपना स्थान प्राप्त करेगी। विश्व की विभिन्न सभ्यताएं, जो आज केवल पुस्तकों में ही पढ़ने को मिलती है, उनके समर्थकों के लिए भी अयोध्या का सतत संघर्ष प्राण वायु का कार्य करेगा।

**पारुल अरोड़ा, मंडी नगर, हिमाचल प्रदेश।**



**बड़े** हर्ष का विषय है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर हमें देखने को मिलेगा। हम उस क्षण के साक्षी होंगे, जो मनुष्य के लिए दुर्लभ हैं। सैकड़ों संघर्षों के बाद आज फिर श्रीराम मंदिर बन पाया है, जैसे ही प्रभु श्रीराम का बुलावा आएगा, हम सभी अयोध्या दर्शनों के लिए जाएंगे।

**कल्पना शर्मा**
**योग शिक्षक, हॉस्पिटल रोड मंडी।**



**पूरे** देश के लिए गौरव की बात है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण पूरा होने वाला है। लाखों राम भक्तों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर इस क्षण को महत्वपूर्ण बना दिया है। कई वर्षों बाद हिंदू सनातनी अपने आराध्य देव श्रीराम के दर्शन कर पाएंगे। इस क्षण को हम अपनी यादों में हमेशा संजोए रखेंगे।

**अजय सहगल, मंडी।**



**अयोध्या** में रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की सभी देशवासियों को बहुत बधाई। इस महान पर्व के साक्षी बनने वाले सभी सनातनी धर्म प्रेमियों को अनेक शुभकामनाएं। इस गौरवमयी पलों की गवाही भरने के लिए स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं। इस महान दिन के सपने को साकार करने में अनेक स्वयं सेवकों ने आहुति दी है।

**राजीव भनोट, ऊना।**




**रामलला** के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को एक यादगार दिन के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल होगा। इस भव्य राम मंदिर के निर्माण की नींव सनातन धर्म के विश्वास और भक्ति पर रखी गई थी। मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने को हर सनातनी आतुर है।

**चरणजीत शर्मा, बंगाणा।**



**अयोध्या** में प्रभु श्रीराम का मंदिर बनने से पूरे विश्व में सनातन धर्म का नाम रौशन हुआ है। यह देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर में रह रहे सनातन प्रेमियों के लिए गर्व का विषय है। श्रीराम प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा की सभी का हार्दिक बधाई।

**प्रदीप शर्मा**
**रबोन, सोलन।**



**भगवान** राम हमारी जीवन शैली का प्रतीक है। दिव्य मंदिर बनने से प्रभु श्रीराम करीब 500 साल के इंतजार के बाद अपने गर्भगृह में विराजमान होंगे। इस दिन को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा, ताकि हमारा तनमन राममयी हो जाए।

**पदम पुंडीर**
**सब्जीमंडी, सोलन।**

## न्यूज ब्रीफ

### जाखू मंदिर गए पर्यटक की बिगड़ी तबीयत, मौत




**शिमला।** शिमला के जाखू मंदिर गए 29 वर्षीय पर्यटक की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके चलते युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यूपी से शिमला घूमने आए पर्यटक जाखू मंदिर गए थे। इस दौरान युवक की तबीयत बिगड़ी। दोस्तों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने युवक का शव कब्जे में ले लिया है, वहीं परिवार जनों को सूचित कर दिया है। उसके बाद पर्यटक का पोस्टमार्टम व आगामी कार्रवाई शुरू होगी।

### जंगलों में लगी आग, वन संपदा को नुकसान

**रिकांगपिओ।** जिला किन्नौर के विभिन्न इलाकों में जंगलों और घासनियों में आग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। वीरवार शाम उरनी-चगांव के इलाके में भड़की आग के कारण रात भर आग का तांडव देखा गया। वही शुक्रवार सुबह पूरा क्षेत्र धुएं से भर गया। 100 हेक्टेयर से अधिक भूमि में आग लगने के कारण जंगल व घासनी सहित करोड़ों की वन संपदा को भारी नुकसान हुआ है। आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग, वन विभाग सहित चगांव व उरनी पंचायत के ग्रामीण मौके पर पहुंचे हैं व सुबह से ही आग पर काबू करने की कोशिश की जा रही है। क्षेत्र में पहले ही लोगों को बर्फबारी व बारिश नहीं होने से सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, आग की घटनाओं से तापमान में और अधिक वृद्धि हो रही है। आग पर काबू नहीं पाने का एक बड़ी वजह जिला के अधिकतर जंगलों और घासनियों में सड़कें नहीं होने के कारण अग्निशमन वाहन और कर्मचारी भी कुछ नहीं कर पाते हैं। वहीं, वन विभाग किन्नौर द्वारा भी इस वर्ष आग पर नियंत्रण करने को लेकर किसी भी तरह की बैठक का आयोजन नहीं किया गया है।

### बद्दी में लाखों की चोरी, मामला दर्ज



**बीबीएन।** बद्दी की गुप्ता माक्रेट में एक दुकान से लाखों रुपए का सामान चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नरदीप राणा ने बताया कि वह बद्दी में गुप्ता मार्केट में मोटर रिबाइडिंग का काम करता है। वीरवार को दिन रोजाना की तरह रात आठ बजे दुकान बंद करके घर चला गया था, जब सुबह आकर देखा तो शट्टर का ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर से 7.5 पॉवर की मोटर, 40 एचपी मोटर, तीन एचपी की तीन मोटर, दो एचपी की दो मोटर, 90 किलोग्राम कॉपर और 40 किलोग्राम स्क्रैप चोरी हुआ। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। डीएसपी बद्दी प्रियंक गुप्ता ने मामले की पुष्टि की है।

### उपराष्ट्रपति छह जनवरी को आएंगे हमीरपुर

**हमीरपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनकर आगामी छह जनवरी को हमीरपुर का दौरा करेंगे। वह करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए यहां आ रहे हैं। उनका कार्यक्रम तो तय हो चुका है, लेकिन कार्यक्रम का वेन्यू कहां होगा, इसका फाइनल होना अभी बाकी है। जिला प्रशासन इसकी तैयारी में जुटा हुआ है। यह कार्यक्रम करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के सौजन्य से होना है। उपराष्ट्रपति इस कार्यक्रम में फार्मर्स और स्टूडेंट्स के साथ इंटरेक्शन करेंगे। मुख्य रूप से यही उनके यहां होने वाले दौरे में शामिल किया गया है। उपराष्ट्रपति के इस कार्यक्रम में और क्या-क्या जुड़ सकता है। इसका पता तो तभी लग पाएगा, जब टुअर प्रोग्राम आ जाएगा, लेकिन जिला प्रशासन अभी वेन्यू को लेकर सभी संभावनाओं पर काम कर रहा है।

### रिटायर्ड पटवारी-कानूनगो से मांगे आवेदन

**हमीरपुर।** जिला में खाली चल रहे पटवारियों के 20 पदों और कानूनगो के आठ पदों पर सेवानिवृत्त पटवारियों तथा कानूनगो की सेवाएं ली जाएंगी। इन पदों के लिए पात्र रिटायर्ड पटवारी-कानूनगो से 16 जनवरी तक उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त हमीरपुर हेमराज बैरवा ने बताया कि आवेदक की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, उसने राजस्व विभाग की किसी भी विंग में कम से कम पांच वर्ष तक सेवाएं दी हों तथा उसके खिलाफ किसी भी तरह की विभागीय या अनुशासनात्मक जांच लंबित नहीं होनी चाहिए। चयनित रिटायर्ड कानूनगो को 30 हजार रुपए मासिक और रिटायर्ड पटवारी को 25 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि जिला के विभिन्न पटवार वृत्तों और कानूनगो वृत्तों में राजस्व संबंधित कार्यों को तेजी से निपटाने तथा आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए सेवानिवृत्त कानूनगो और पटवारियों की सेवाएं लेने का निर्णय लिया गया है।

---

### सोलन पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी; हरियाणा का चिट्टा तस्कर प्रदीप नरवाल गिरफ्तार, दो फाइनांसर भी दबोचे

# कुल्लू के निरमंड–शिमला के रामपुर में सक्रिय चिट्टा गैंग का खुलासा

**तेजपाल नेगी, सोलन**

पुलिस ने अपर शिमला और उससे लगते कुल्लू के निरमंड क्षेत्र में चिट्टे की तस्करी में लगे दो युवकों को पकड़ने के बाद इस अंतरराज्यीय गिरोह के फाइनांसरों समेत मुख्य तस्कर को भी पकड़ कर सलाखों के पीछे डाल दिया है। गिरोह का मास्टर माइंड पुलिस के पकड़ से बचने के लिए विदेश भागने की फिराक में था। उस पर नशे का कारोबार करने पर पहले से ही पांच मुकदमें दर्ज हैं।

सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने शुक्रवार को हुई पत्रकार वार्ता में बताया कि जिला पुलिस सोलन द्वारा जिला में नशा तस्करों विशेषत: चिट्टा और अन्य नशीली दवाइयों तथा पदार्थों की तस्करी करने वालों पर लगातार कड़ी नज़र रख रही है। 17 दिसंबर को इसीक्रम में पुलिस की स्पेशल टीम ने कुल्लू जिले के निरमंड निवासी 24 वर्षीय सुनील कुमार तथा 22 वर्षीय संदीप ठाकुर उर्फ बन्नी को 21 ग्राम से ज्यादा चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को पुलिस हिरासत रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई तो पता चला कि यह एक बड़ा नेटवर्क है, जिस पर इस मामले में एसआईटी गठित करके जांच की गई। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि आरोपी संदीप पिछले चार सालों से चिट्टा तस्करी में संलिप्त हैं। पूछताछ और अकाउंट डिटेल्स से पता चला कि पिछले कुछ सालों में ही यह तीन किलो से ज्यादा की चिट्टा तस्करी इस अपर शिमला व कुल्लू के निरमंड क्षेत्र में कर चुका है तथा 60 लाख रुपए से ज्यादा का व्यापार कर चुका है। संजय ठाकुर के साथ मिलकर वे तस्करों से पैसों का लेन–देन करके चिट्टा की खरीद फरोख्त करता है।

इस पर पुलिस ने आरोपी संजय को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके बैंक अकाउंट से पिछले एक महीने में ही बाहरी राज्य के तस्करों के नेटवर्क को 2.5 लाख से ज्यादा रुपए देकर चार बार चिट्टे की खेप खरीदी गई थी, जो 150 ग्राम से भी अधिक है। इसके अलावा नकद भुगतान करके भी चिट्टा की खरीद फरोक्ष्त की गई। इन आरोपियों द्वारा इस नेटवर्क के फाइनांसियल मैनेजर आरोपी कैथल निवासी 46 वर्षीय जितेंदर कुमार और वहीं के 29 वर्षीय विक्रम भौरिया के साथ लाखों रुपए का लेन–देन किया गया है। विक्रम ने पिछले सिर्फ तीन महीनों में ही 32 लाख रुपए से ज्यादा की बैंक ट्रांजेक्शंस करके चिट्टा तस्करी को अंजाम दिया है। एसआईटी आरोपी जितेंद्र को चीका हरियाणा और आरोपी विक्रम को कैथल हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर इस नेटवर्क के मुख्य सरगना आरोपी प्रदीप नरवाल के बारे में जानकारी हासिल की गई। प्रदीप हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और दिल्ली का एक बहुत बड़ा नशा तस्कर है, जो पिछले सा सालों से नशा तस्करी कर रहा है। एसआईटी ने यूपी पुलिस के साथ संयुक्त आपरेशन करके प्रदीप को वीरवार को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को अदालत ने उसे पांच दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया।

(अनंत ज्ञान)

#### एक साल में कमाए साढ़े चार करोड़

**एसपी** गौरव सिंह ने बताया कि प्रदीप व उसके साथियों ने इस साल में ही सिर्फ बैंक खातों के माध्यम से ही नशा तस्करी करके 4.5 करोड़ से ज़्यादा की राशि अर्जित की है। उसके बैंक एकाउंट्स में बड़ी–बड़ी ट्रांजैक्शंस हैं।



पुलिस की पकड़ में चिट्टा तस्कर।

#### व्हाट्सऐप पर करते थे बातचीत

**इस** नेटवर्क में संलिप्त सभी आरोपी शातिर हैं। ये व्हाट्सऐप चैट्स और वॉइस कॉल्स, बेनामी बैंक एकाउंट्स आदि का ही इस्तेमाल करते हैं। इस मुक़दमे में आरोपियों की पांच गाड़ियां संलिप्त हैं, जिनमें आई 20 और बोलेरो जब्त की गई हैं। आरोपियों से नौ मोबाइल फ़ोन, डोंगल आदि जब्त किए गए हैं। इनके क़रीब दस बैंक एकाउंट्स को फ्रीज किया गया है और तीन लाख रुपए से ज्यादा की राशि भी जब्त कर ली गई है। इस नेटवर्क में संलिप्त आरोपियों से जुड़े हिमाचल प्रदेश के युवाओं के कनेक्शन्स को स्टडी किया गया, जिसमें पाया गया कि ये आरोपी हजारों हिमाचली युवाओं को चिट्टा बेचते हैं। सिर्फ आरोपी प्रदीप के कनेक्शंस में 150 से ज्यादा हिमाचली युवाओं को आइडेंटिफाई किया जा चुका है।

# हमीरपुर में नशे की बड़ी खेप बरामद

## पांच किलो चरस के साथ एक गिरफ्तार, मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**



भोरंज थाना के अंतर्गत जाहू भोटा सुपर हाई–वे मार्ग पर मुंडखर के पास चाब मोड़ पर पांच किलो चरस बरामद की है। जाहू पुलिस चौकी प्रभारी अजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने वीरवार देर रात नाका लगाया हुआ था। इस दौरान रतन लाल की गाड़ी को तलाशी के लिए रोका गया। गाड़ी में स्टेपनी के साथ छिपाई हुई पांच किलो 22 ग्राम चरस बरामद हुई।

हमीरपुर जिले के भोरंज थाना के तहत मुंडखर के समीप चाहल सड़क पर कुल्लू निवासी एक व्यक्ति से पांच किलो 22 ग्राम चरस बरामद की गई है। जिले में साल 2023 में बरामद की गई यह नशे की सबसे बड़ी खेप है। पुलिस चौकी जाहू की टीम ने वीरवार देर रात नाके के दौरान यह बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान रतन लाल निवासी गांव राउली डाकखाना ठेला तहसील भुंतर जिला कुल्लू के रूप में हुई है। चौकी पुलिस ने चाहल सड़क पर वीरवार देर रात नाका लगाया हुआ था। इस दौरान रतन लाल की गाड़ी को तलाशी के लिए रोका गया शक होने पर पुलिस ने छानबीन की और गाड़ी में स्टेपनी के साथ छिपाई हुई पांच किलो 22 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डॉक्टर आकृति शर्मा का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी छानबीन की जा रही है। जल्द ही आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।



चरस के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### जवाली चरस मामले का मुख्य आरोपी पकड़ा

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के ज्वाली पुलिस थाना के तहत बीते 23 दिसबंर को एक किलो से अधिक चरस के साथ पकड़े गए आरोपी से कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। ज्वाली पुलिस ने उक्त आरोपी को सोहन सिंह पुत्र होशियार सिंह को पोंग डैम के नजदीक घाटी बैरियर से गिरफ्तार किया है। एसपी पुलिस जिला नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि आरोपी पिछले 23 दिसंबर को जिस दिन पहले आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, वह उसी दिन से ही भूमिगत हो गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी जवाली पुलिस थाना के तहत टीयूकर गांव का रहने वाला है और पेशे से ठेकेदार भी है तथा उसने काफी संपत्ति अर्जित कर रखी है। पुलिस उसकी संपत्ति की वितीय जांच भी की जा रही है।

### ढाबे से 392.15 ग्राम चरस बरामद



**ठियोग।** ठियोग उपमंडल की देवरी घाट पंचायत के तहत गश्त के दौरान पुलिस की स्पेशल सेल टीम द्वारा एक ढाबे के औचक निरीक्षण के दौरान 392.15 ग्राम चरस बरामद की गई है। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि शिमला से स्पेशल सेल टीम नंगल देवी देवरीघाट क्षेत्र में गश्त पर थी कि इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पांच पर अपना ढाबा पर जब छानबीन की तो ढाबा मालिक राकेश बेक्टा (44) वर्ष पुत्र चेतराम निवासी देवरी घाट के कब्जे से 392.15 ग्राम चरस बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत

**डलहौजी।** पुलिस थाना किहार के अंतर्गत शुक्रवार को सरार–द्रेकड़ी मार्ग पर एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक की मौत एवं एक गंभीर रूप से घायल हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे, टाटा ऐस (एचपी 73 ए 6461) गांव सरार से लिग्गा की और आ रहा था, जैसे ही वाहन गदयाली के पास पहुंचा कि अचानक वाहन को चला रहे राहुल ने गाड़ी पर से अपना नियंत्रण खो दिया और वहां नीचे लगभग 75 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। सड़क पर ही कुछ दूरी पर काम कर रहे मजदूरों ने जब गाड़ी को गिरते देखा। उन्होंने तुरंत नीचे मौके पर पहुंचकर दोनों गाड़ी में सवार युवकों के लिए बचाव कार्य शुरू किया, परंतु 26 वर्षीय रविंदर गर्ग पुत्र रमेश कुमार गांव सरार डाकघर लिग्गा तहसील सलूणी जिला चंबा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया तो वहीं दूसरा युवक वाहन चालक 21 वर्षीय राहुल ठाकुर पुत्र तुलाराम गांव पद्धर डाकघर लिग्गाइ सलूणी जिला चंबा गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी किहार ने खबर की पुष्टि की है।

# कोटखाई में फटा सिलेंडर बाल–बाल बचे एसडीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ठियोग**

कोटखाई बाजार स्थित एक भवन की ऊपरी मंजिल में सिलेंडर फट जाने के चलते भवन में रह रहे स्थानीय एसडीएम अश्वनी कुमार शर्मा को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 3:15 बजे जस्टा बिल्डिंग कोटखाई बाजार में गैस का सिलेंडर फट गया, जिसमें ऊपरी मंजिल में ब्लास्ट से घर के दरवाजे और खिड़कियों के शीशे भी टूट गए।

पुलिस को दिए बयान में एसडीम अश्वनी कुमार शर्मा ने पुलिस में दिए बयान में कहा है कि वर्तमान में वह एसडीएम कोटखाई के रूप में तैनात हैं और निवास के रूप में प्रताप जस्टा बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल का उपयोग कर रहे हैं। वीरवार रात करीब तीन बजे जब वह गर्म पानी पीने के लिए सोकर उठे इसके लिए वह रसोई में गए और गैस चूल्हा चालू करने की कोशिश की, लेकिन जब चूल्हा जलाने की कोशिश की, तो अचानक पूरी रसोई में आग लग गई और उसके बाद पूरी मंजिल आग की चपेट में आ गई, खिड़कियां और दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गए। कुछ देर बाद पड़ोसियों ने वहां आकर उनकी मदद की और रेगुलेटर पर गीला कपड़ा डालकर गैस सिलेंडर के साथ–साथ आग पर भी काबू पा लिया। इस घटना में एसडीएम अश्वनी कुमार शर्मा को मामूली चोटें आईं हैं। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



आग लगने से जला किचन में सामान।

# कार्यकारिणी निलंबित कर प्रशासक नियुक्त करने के आदेशों पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश हाई कोर्ट ने न्यू विशाल हिमाचल गुड्स परिवहन सहकारी सभा सीमित राम नगर तहसील घनारी जिला ऊना की कार्यकारिणी निलंबित कर प्रशासक नियुक्त करने के आदेशों पर रोक लगा दी है। असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने न्यू विशाल हिमाचल गुड्स परिवहन सहकारी सभा सीमित की कार्यकारिणी निलंबित कर दी थी। इस मामले में कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि को–ऑपरेटिव सोसायटी के रजिस्ट्रार के कर्तव्यों का निर्वहन उससे निचले स्तर के अधिकारी कैसे कर रहे हैं। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने प्रार्थी सतीश कुमार और अन्यों द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के पश्चात कहा कि असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने ज्वाइंट सेक्रेटरी को आपरेशन के दबाव में आते हुए सभा पर प्रशासक की नियुक्ति की। कोर्ट ने कहा कि संबंधित अथॉरिटी ने अपने स्वतंत्र दिमाग का इस्तेमाल किए बगैर विवादित आदेश जारी किए। प्रार्थियों के अनुसार वे न्यू विशाल हिमाचल गुड्स परिवहन सहकारी सभा सीमित राम नगर तहसील घनारी जिला ऊना के चुने हुए प्रधान, उपप्रधान और कार्यकारिणी सदस्य हैं। 19 दिसंबर को असिस्टेंट रजिस्ट्रार को–ऑपरेटिव सोसायटी ने एक आदेश जारी कर उनकी सोसायटी की कार्यकारिणी को निलंबित कर दिया और सभा पर प्रशासक की नियुक्ति कर दी। प्रार्थियों ने इस कार्रवाई को भेदभावपूर्ण और राजनीति से प्रेरित बताते हुए इस आदेश को खारिज करने की मांग की है। प्रार्थियों का कहना है कि वे वर्ष 2020 में निर्वाचित हुए थे। इसके बाद सभा की कार्यकारिणी का लोकतांत्रिक ढंग से गठन किया गया। प्रदेश में सरकार के बदलते ही राजनीतिक आकाओं के दबाव में उनकी सोसायटी पर वितीय अनियमितताओं के आरोप लगने शुरू हुए। आरोप है कि असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने शक्तियां न होते हुए भी एकतरफा कार्रवाई करते हुए उनकी सभा का 2015 से 31 मार्च, 2022 तक का ऑडिट करने के आदेश जारी कर दिए। इस ऑडिट का सभा की कार्यकारिणी ने कोई विरोध नहीं किया, क्योंकि उनके अनुसार सभा ने कभी कुछ गलत किया ही नहीं था। प्रार्थियों के अनुसार सरकार के बदलने से वे लोग सक्रि य हो गए जो उनसे चुनाव हार गए थे। इसलिए उनके खिलाफ दुर्भावना से प्रेरित होकर यह कार्रवाई की गई। प्रार्थियों ने असिस्टेंट रजिस्ट्रार पर शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए उनकी कार्यकारिणी को बहाल करने की मांग की है।

#### ब्लूमज एजुकेशन सोसायटी को दी अंतरिम राहत ली वापस

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट ने बीएड और डीएलएड की सीटों को भरने के लिए छात्रों को स्पांसर करने की मांग से जुड़े मामले में ब्लूमज एजुकेशन सोसायटी को दी अंतरिम राहत वापस ले ली है। कोर्ट ने पाया कि सोसायटी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हाई कोर्ट को गुमराह किया और अपने पक्ष में कोर्ट से अंतरिम आदेश ले लिए। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने पुलिस अधीक्षक मंडी को आदेश दिए हैं कि वह ब्लूमज एजुकेशन सोसायटी प्रबंधन व अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करें जो इस प्रकरण में शामिल थे। कोर्ट ने इसके अलावा पुलिस अधीक्षक मंडी को यह स्पष्टीकरण कोर्ट के समक्ष देने को कहा है कि उन्होंने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की, जबकि 29 नवंबर 2023 को सरदार पटेल विश्वविद्यालय की ओर से इस बाबत उनके समक्ष शिकायत दर्ज कर दी थी।

**ऑफर** सैलानियों को रिझाने के लिए पर्यटन विकास निगम ने विशेष पैकेज घोषित किए

# पर्यटन निगम के होटलों में 15 मार्च तक भारी छूट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विंटर सीजन में हिमाचल घूमने आने वाले सैलानियों को रिझाने के लिए पर्यटन विकास निगम ने विशेष पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज से सैलानियों का विंटर सीजन में हिमाचल घूमना सस्ता हो जाएगा। निगम प्रदेश के करीब 55 होटलों में ठहरने पर 40 प्रतिशत छूट प्रदान करेगा। हिमाचल में पर्यटकों की आमद बढ़ाने के मकसद से यह फैसला लिया गया है।

शिमला, मनाली, धर्मशाला, मैक्लोडगंज, डलहौजी, कसौली और चंबा सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में स्थित निगम के होटलों में छूट की सुविधा मिलेगी। कमरों की बुकिंग करवाने के लिए सैलानियों को पर्यटन निगम की वेबसाइट पर सभी होटलों की रेट लिस्ट के साथ जानकारी मिलेगी। नव वर्ष का जश्न मनाने तो बड़ी संख्या में प्रदेश में सैलानी पहुंच रहे हैं, लेकिन इसके बाद सैलानियों की आमद कम हो जाती है। निगम की इस पहल से विंटर सीजन में सैलानियों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक अमित कश्यप ने बताया कि ि समस पर्व पर प्रदेश में लाखों पर्यटकों का आगमन हुआ, जिससे निगम के सभी होटल 80 से 90 प्रतिशत तक आरक्षित रहे। नववर्ष के आगमन के साथ ही निगम के होटलों में 15 मार्च, 2024 तक 40 प्रतिशत तक की छूट का ऑफर दिया गया है। अमित कश्यप ने कहा कि हिमाचल के पारंपरिक व्यंजनों खासकर धाम और सिड्डू को देश की राजधानी दिल्ली में भी काफी पसंद किया जा रहा है।

हाल ही में दिल्ली हाट में लगाए गए हिमाचली उत्पादों और व्यंजनों की प्रदर्शनी में निगम को लाखों रुपए की आमदनी हुई है और अब दिल्ली हाट में हिमाचल के एक परमानेंट स्टाल को लगाने की भी अनुमति मिल गई है। हिमाचल की वादियों में न्यू ईयर मनाने उमड़ा सैलानियों का सैलाब, रोजाना पहुंच रहे हजारों पर्यटक वाहन हिमाचल प्रदेश की वादियों में न्यू ईयर को लेकर सैलानियों का सैलाब उमड़ रहा है। रोजाना हजारों पर्यटक वाहन सूबे के विभिन्न पर्यटक स्थलों का रूख कर रहे हैं। हिल्स स्टेशन मनाली और शिमला सैलानियों की पसंद बने हुए हैं। पिछले 12 दिनों में पौने दो लाख के करीब वाहन शोघी बैरियर से शिमला शहर में दाखिल हुए हैं। क्रिसमस के दिन भी भारी संख्या में पर्यटक शिमला पहुंचे थे, जबकि नए साल के जश्न के लिए इससे भी ज्यादा सैलानियों के पहुंचने की उम्मीद है। शिमला आने वाले सभी ट्रेनें पांच जनवरी तक बुक हैं। शिमला व मनाली में बड़े होटल दो दिन पहले ही पैक हो गए हैं, जबकि निजी और छोटे होटल 70 फीसदी तक बुक हैं। शुक्रवार शाम तक शिमला के नामी और आलीशान होटल पैक हो गए हैं।



शिमला के रिज मैदान में चहल कदमी करते पर्यटक।

# अर्जुन अवार्ड के लिए चयनित रितु नेगी आज पहुंचेगी गिरिपार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, पावंटा साहिब**



हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर की प्राउड बेटी रितु नेगी शनिवार को गिरिपार के कफोटा पहुंचेगी। रितु नेगी कबड्डी खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली गिरिपार की बेटी, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी प्लेयर अर्जुन अवार्ड के लिए चयनित हुई हैं। रितु नेगी शनिवार को कफोटा स्कूल में पहुंचेगी। स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

कबड्डी संघ सिरमौर के अध्यक्ष कुलदीप राणा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि अंतरराष्ट्रीय कबड्डी प्लेयर रितु नेगी स्पेशल गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में कार्यक्रम में पहुंचेगी। स्कूल के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि कफोटा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शनिवार 30 दिसंबर को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अर्जुन अवार्डी रितु नेगी को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में पंचायत प्रधान दुगाना इंदिरा पुंडीर, शिल्ला बिमला चौहान, बोकाला पाब मनीषा देवी और शावगा पंचायत प्रधान दलीप ठुंडू कार्य, म में मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही अन्य विशेष अतिथियों में सोभाराम चौहान, जगत सिंह पुंडीर, रतिराम, गुमान चौहान, भाव सिंह कपूर, धर्म सिंह ठुंडू, नरेश शड़वाल, वीर बिक्रम मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में जहां बच्चे रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे वहीं शिक्षा, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### शासक मेरू वर्मन भगवान श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से ही नहीं, बल्कि मौर्य वंशी परिवार से हैं संबंधित

# भगवान श्रीराम के वंशज थे चंबा के शासक

**एमएम डैनियल, चंबा**

अयोध्या नगरी में भगवान श्रीराम के मंदिर का भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है और चंबा के शासकों को याद नहीं किया जाए, तो कहीं न कहीं बात अधूरी महसूस होती है। इसका मुख्य कारण चंबा के शासक भगवान श्रीराम के वंश से जुड़े हैं। भगवान श्रीराम वंश से शासक मेरू वर्मन भगवान श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से ही नहीं, बल्कि मौर्य वंशी परिवार से संबंधी है।



इस वंश की वंशावली बड़ी लंबी है, जो अभिलेखों और ताम्रलेखों के मिलान से सही सिद्ध होती है। वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं डलहौजी विधानसभा की पूर्व विधायक आशा कुमारी पत्नी राजकुमार विजेंद्र सिंह व राजपरिवार के अन्य सदस्य मौर्य वंश से ही तालुक रखते हैं। (अनंत ज्ञान)





शासक गोपाल सिंह



शासक श्याम सिंह



शासक भूरी सिंह



पूर्व विधायक चंबा राजवंश परिवार सदस्य आशा कुमारी

## हिमाचल में रहा लक्ष्मण पुत्रों का शासन

**रामनवमी** पर देश राममय हो जाता है। देश में कोई भी श्रीरामनाम से अछूता रह ही नहीं पाता। श्रीराम हम सभी के जीवन में गहरे बैठे हैं। राम के राज्य और प्रशासन को प्रतिमान माना गया। श्रीराम रघु वंश के थे। इस वंश की जड़ें इक्ष्वाकु और विवस्वान (सूर्य) से जुड़ी रही हैं। श्रीराम के बाद लव और कुश ने इस वंश को आगे बढ़ाया। अब श्रीराम के वंशज कहां हैं क्या वह आज भी हैं। वह लोग कौन हैं, जो खुद को उनका वंशज मानते हैं। श्रीराम ने कुश को दक्षिण कौशल, कुशस्थली (कुशावती) और अयोध्या राज्य सौंपा। वहीं, लव को पंजाब लव ने लाहौर को राजधानी बनाया। तक्षशिला में भरत पुत्र तक्ष और पुष्करावती (पेशावर) में पुष्कर को राज मिला। हिमाचल में लक्ष्मण पुत्रों का शासन था। मथुरा में शत्रुघन के पुत्र सुबाहु को दिया गया तो उनके दूसरे पुत्र शत्रुघाती का भेलसा (विदिशा) के सिंहासन पर बिठाया गया।

## शासक मेरू वर्मन ने रखी थी पहाड़ी भू-भाग पर अपने राज्य की आधारशिला

**इस** वंश का प्रथम शासक मेरू वर्मन था, जिसने पहाड़ी भू-भाग पर अपने राज्य की आधारशिला रखी थी। इसने भरमौर बसाकर उसे अपनी राजधानी बनाया। वृद्धावस्था में उसने अपने पुत्र जयस्तंभ को राज्य सौंपकर संन्यास ले लिया था। जयस्तंभ का चौथा वंशज आदित्य वर्मा था। इसका पौत्र दिवाकर विक्रम और उसका पुत्र मेरू वर्मन था। यह भरमौर के शासकों में सर्वाधिक प्रतापी और वीर था। उसके समय की प्राप्त विशाल मूर्तियां सर्व धातु की हैं। इन पर मेरू वर्मन का नाम उत्कीर्णित है। कनिंघम ने इसका शासन समय 680 से 700 ईस्वी माना है।

## शिलालेखों और ताम्रलेखों में चंबा राजवंश का इतिहास

**चंबा** राजवंश का पूर्व वंशज राजस्थान के चित्तौड़ से हिमाचल की ओर चला आया था। अंग्रेजी इतिहासकार कनिंघम को चंबा क्षेत्र की अपनी खोज यात्रा में गुप्त लिपि में चंबा के प्राचीन शासकों द्वारा उत्कीर्णित शिलालेख और बहुसंख्यक ताम्रपत्र मिले थे। इन शिलालेखों और ताम्रलेखों से चंबा राजवंश के इतिहास पर सुंदर प्रकाश पड़ता है। उक्त प्राप्त अभिलेखों से कनिंघम मानते हैं कि चंबा का राजवंश भारत के प्राचीन राजवंशों में सबसे प्राचीन राजवंश है। ई. 550 के लगभग चंबा राज्य की स्थापना मानी जाती है। वंशावली में इन्हें सूर्यवंशी और श्रीराम के पुत्र कुश का वंशज बताया गया है। चंबा राजवंश वालों का मानना है कि उनके पूर्वजों ने चित्तौड़ से आकर पहाड़ी भाग पर अपना राज्य स्थापित किया था। सन् 550 में चित्तौड़ पर मौर्यों का राज्य था और ये लोग सूर्यवंशी थे। अत: यह स्पष्ट है कि चंबा राजवंश वाले सूर्यवंशी हैं और चित्तौड़ के सूर्यवंशी मौर्य की ही एक शाखा हिमाचल प्रदेश की ओर आई थी।

## शूलिनी मां के दर पहली हाजिरी



सोलन की अधिष्ठात्री देवी शूलिनी माता के मंदिर में 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र की पहली प्रति।

# शिमला पहुंचकर बोले सुक्खू, डीजीपी मामले में जल्द लिया जाएगा फैसला

### कहा- दिल्ली में हिमाचल कांग्रेस कमेटी की बैठक में चुनाव जीतने की क्षमता वाले प्रत्याशियों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरा, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शुक्रवार को नई दिल्ली से शिमला पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से भी बातचीत की। डीजीपी संजय कुंडू और कारोबारी निशांत मामले में हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपनी प्रतिक्रिया दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डीजीपी मामले में जब माननीय हाई कोर्ट के आदेश आए थे तो मैं प्रदेश से बाहर था। अब लौटकर आदेशों को पढ़ूंगा और विस्तृत चर्चा करने के बाद आगामी फैसला जल्द लिया जाएगा। सीएम सुक्खू ने दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई हिमाचल कांग्रेस कमेटी की बैठक के बारे में जानकारी दी।



शिमला में पत्रकारों को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नई दिल्ली में हुई हिमाचल कांग्रेस कमेटी की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चर्चा हुई है। इस दौरान लोकसभा चुनाव में किस प्रकार और किन मुद्दों को लेकर जाना है, इस पर चर्चा हुई। सबसे बड़ी बात है कि जो हमारे प्रत्याशी होंगे, जिनमें चुनाव जीतने की क्षमता होगी, उनके चेहरे पर सब लोगों ने चर्चा की। चुनाव में हमें मजबूत और ईमानदार प्रत्याशी देने हैं। चुनाव में परिस्थिति के हिसाब से मुद्दे तय होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईमानदार और जनाधार रखने वाले नेताओं को पार्टी का प्रत्याशी बनाया जाएगा।

वहीं, नए साल में हिमाचल प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को लेकर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नए साल और पर्यटकों के स्वागत के लिए हिमाचल प्रदेश पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि पर्यटक हमारे अतिथि हैं, उनका स्वागत करने के लिए हम लोग तैयार हैं। हर जगह पर्यटकों को मेहमान स्वरूप देखा जाए और ट्रैफिक की व्यवस्था को भी सुचारु किया जाए।

## सीएम दो जनवरी को करेंगे मनाली विंटर कार्निवाल का शुभारंभ

**कुल्लू।** पांच दिवसीय मनाली राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल दो जनवरी से पांच जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दो जनवरी को सुबह मानली में माता हिडिंबा के मंदिर में पूजा-अर्चना करके कुल्लू जिले के अतिरिक्त अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक झांकियों को हरी रवाना करेंगे। इस दिन माल रोड मनाली में आयोजित की जाने वाली महा नाटी मुख्य आकर्षण रहेगी, जिसमें मनाली विधानसभा क्षेत्र के करीब 200 महिला मंडल हिस्सा लेंगे।

## शिक्षा उपनिदेशक को सेवानिवृत्ति के बाद पुन: सेवा विस्तार देने का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रधानाचार्य एवं निरीक्षण अधिकारी संघ ने जिला ऊना में शिक्षा उपनिदेशक को सेवानिवृत्ति के बाद पुन: सेवा विस्तार देने का विरोध किया है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरि शर्मा, महासचिव विजय शर्मा, उपाध्यक्ष अक्षत ठाकुर, मुश्ताक मोहम्मद, कार्यालय सचिव अश्वनी ठाकुर, प्रधानाचार्य और ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अश्वनी कुमार, मनोज धीमान वित्त सचिव, भोला दत्त कश्यप मुख्य संगठन सचिव, मुख्य प्रेस सचिव राम लाल शर्मा, एमएल टेकटा चीफ एडिटर, राकेश शर्मा सरमेट चीफ वेब सचिव, दिनेश ठाकुर रंधीर ठाकुर राजेंद्र चौहान, जिला शिमला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा राम आदि ने बताया कि पिछले दिनों जिला ऊना के उपनिदेशक शिक्षा को सेवानिवृत्ति के बाद पुन: रोजगार दिया गया है, जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले महीने ही शिक्षा सचिव ने एक नोटिफिकेशन निकली थी, जिसके अनुसार जिले में वरिष्ठतम प्रधानाचार्य को एडिशनल चार्ज दिए जाने की बात कही थी, परंतु यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है की सेवानिवृत्ति के लगभग एक महीने बाद सरकार ने उपनिदेशक एलिमेंटरी के पद पर एक सेवानिवृत्त अधिकारी को पुन: रोजगार दिया।

यह अधिकारी पहले से ही दो तरह की पेंशन ले रहा है। सारे नियमों को दरकिनार करके इस तरह की नियुक्ति समझ से परे हैं। प्रधानाचार्य एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश इस नियुक्ति का कड़ा विरोध करती है सरकार से अनुरोध करती है कि जब तक स्थायी उपनिदेशक की प्रमोशन नहीं होती जिले के वरिष्ठतम प्रधानाचार्य को ही एडिशन चार्ज दिया जाए और इस नियुक्ति को तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए।

संघ ने सरकार से मांग की है कि प्लेसमेंट के आधार पर कार्य कर रहे प्रधानाचार्य को शीघ्र नियमित किया जाए।

## जनविरोधी निर्णयों के लिए जानी जाएगी कांग्रेस सरकार: रणधीर शर्मा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार का 12 महीने का कार्यकाल जहां जन विरोधी निर्णयों के लिए जाना जाएगा, वहीं 12 हजार करोड़ कर्ज लेने के लिए भी याद किया जाएगा। यह बात भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक एवं विधायक रणधीर शर्मा ने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पर्यटकों के संबंध में मुख्यमंत्री ने जो बयान दिया है, उसे भारतीय जनता पार्टी गैर जिम्मेदाराना मानती है।

हिमाचल की सरकार द्वारा लिए गए निर्णय और मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया बयान प्रदेश की बिगड़ रही कानून-व्यवस्था को और बिगाड़ने में सहायक सिद्ध होंगे, जिस तरह से मुख्यमंत्री ने बयान दिया और जिन शब्दों का इस्तेमान उन्होंने किया वे किसी भी मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देते। उनके द्वारा दिए गए बयान में कहा गया कि जो पर्यटक झूमेंगे उन्हें पुलिस होटल छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ये सभी निर्णय नशे को बढ़ावा देने की ओर इशारा कर रहें हैं।

## कांग्रेस सरकार चुन-चुनकर कर रही कर्मचारियों के तबादले



प्रदेश भर से आए हिमाचल परिवहन मजदूर संघ के सदस्य बैठक में भाग लेते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**परिवहन मजदूर संघ ने राजनीतिक षड्यंत्र पर अंकुश लगाने पर की चर्चा**

हिमाचल परिवहन मजदूर संघ की राज्य स्तरीय बैठक शुक्रवार को विश्वकर्मा मंदिर परिसर में संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्यार सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पूरे प्रदेश के कर्मचारियों ने भाग लिया।

बैठक में कई मांगों पर मंथन और विचार-विमर्श किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्यार सिंह ठाकुर व उपाध्यक्ष बाला दत्त ने कहा कि जिस तरह से वर्तमान कांग्रेस सरकार चुन-चुनकर कर्मचारियों के तबादला कर रही है, उससे कर्मचारी खफा हैं। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही इस राजनीतिक षड्यंत्र पर अंकुश नहीं लगाया गया तो पूरे प्रदेश में संघ उग्र आंदोलन करेगा। इसको लेकर उन्होंने सरकार व एचआरटीसी प्रबंधन से भी पत्राचार किया है।

उन्होंने जल्द से जल्द मांगों को पूरा करने का सरकार से आग्रह किया है। इस दौरान प्रदेश भर से आए कर्मचारियों ने गर्मजोशी से नारेबाजी भी की और एकजुटता का संदेश दिया।

# दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का बड़ा योगदान

### केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर बोले- 2024 का चुनाव अहम, देश और दुनिया की भारत पर नजर

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर बिलासपुर जिले को रवाना होने से पहले हमीरपुर में पत्रकारों से रू-ब-रू हुए हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव बहुत ही खास है, क्योंकि देश और दुनिया की निगाहें भारत के लोकसभा चुनाव पर टिकी हैं।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का बहुत बड़ा योगदान है। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश में नए आयाम स्थापित हुए हैं। अनुराग सिंह ठाकुर ने दावा किया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। अनुराग ठाकुर ने बताया कि 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला उसके बाद 2019 के चुनावों में पहले से अधिक सीटें मिली अब 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी नया इतिहास रचेगी। (अनंत ज्ञान)



लोगों की समस्याओं को सुनते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने प्रभावित गांव से आपत्तियां दर्ज करवाने के दिए हैं दिशा-निर्देश

**पौंग** बांध के किनारे बसे लोगों की संपत्तियों के मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि ईको सेंसेटिव की बैठक को पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मिलकर स्थगित करवाया है, जिससे हिमाचल के पौंग बांध विस्थापित 52 गांवों के बाशिंदों अपनी आपत्तियां दर्ज करवाने का मौका मिला है। वहीं, अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने आपत्तियां दर्ज करवाने के भी विभाग को दिशा-निर्देश दिए हैं। वहीं, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भरोसा दिलाया है कि स्टेट होल्डर और आम जनता से बात करके ही इसके ऊपर निर्णय लिया जाएगा, जिसके लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पर्यावरण मंत्री का आभार व्यक्त किया है।




बिलासपुर जिले के झंडूता विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर जनसभा के दौरान अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए। उनके साथ हैं झंडूता के विधायक जेआर कटवाल भी अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

## संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर

**सोलन।** लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग देख रहे मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी शनिवार को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। संजय अवस्थी शनिवार को सोलन के अर्की विधानसभा क्षेत्र के बायला में पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे पशु औषाधालय भवन का लोकार्पण करेंगे। मुख्य संसदीय सचिव इसके बाल राजकीय उच्च विद्यालय बायला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे और मेधावी बच्चों को सम्मानित करेंगे। इस दौरान वह लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे।



**सियासत** | प्रदेश सरकार का एक साल का कार्यकाल रहा निराशाजनक: नेता प्रतिपक्ष

# झूठ के सहारे बनी सरकार से जनता परेशान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

प्रदेश में कांग्रेस सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरी तरह से फेल हुआ है। कांग्रेस ने प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए झूठ का सहारा लिया है। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नालागढ़ में एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के दौरान पत्रकार वर्ता में कही।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठ के सहारे बनी सरकार से आज प्रदेश की जनता परेशान हो चुकी है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले जिन गारंटियों का लोभ दिया था, उनमें से एक भी गारंटी को एक साल बाद भी पूरा नहीं कर पाई है, जिससे प्रदेश की जनता में आज खासा रोष पनप रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहल कैबिनट बैठक में एक साल लाख नौकरी देना का वादा किया था वह भी आज तक पूरा नही हो पाया है। उन्होंने कहा कि दून में अभी तक एसडीएम कार्यालय नहीं खोला गया है, जबकि जनता की डिमांड पर एसडीएम कार्यालय खोलने की घोषणा करते हुए नोटिफिकेशन तक पूर्व में भाजपा सरकार ने कर दी थी, जिसे वर्तमान सरकार ने डिनोटिफाई कर दिया था। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में हिमाचल में तीसरी बार रिकॉर्ड कायम करने जा रही है, जिसका मन प्रदेश की जनता न बना लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी पर लोगों को पूरा भरोसा है जो कहा हर वादा पूरा किया।



मीडिया से बात करते भाजपा की ओर से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व अन्य।

## प्रदेश संगठन पूरी तरह मजबूत: बिंदल

**प्रशिक्षण** वर्ग का शुभारंभ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने उद्घाटन सत्र में किया। उन्होंने वीर बाल दिवस का उदाहरण देते हुए कहा कि जिन्होंने देश के लिए कुर्बानियां दी है उन्हें भुला दिया गया है। इस अवसर पर द्वितीय सत्र में भाजपा के संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने सभी से आग्रह किया कि अपने राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित रहें। जबकि प्रशिक्षण वर्ग के तीसरे सत्र में भाजपा के महामंत्री त्रिलोक कपूर ने केंद सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की।

## केंद्र की जनकल्याण नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी

**बीबीएन।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल का प्रदेश स्तरीय नगर परिषद, नगर पंचायत सदस्यों का एकदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शुक्रवार को नालागढ़ में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पहुंचे। प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश की नगर पालिकाओं व नगर पंचायत के करीब 150 सदस्यों ने भाग लिया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण वर्ग लगाने का मुख्य उद्देश्य जन प्रतिनिधियों को जागरूक करना था, ताकि केंद्र की नीतियों को जन-जन तक पहुंचा जा सके क्योकिं प्रशिक्षण वर्ग में संगठन मजबूत होगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सहजल, प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री त्रिलोक कपूर, प्रदेश सचिव डेजी, ठाकुर, जिला अध्यक्ष रत्न पाल सिंह, पूर्व विधायक लखविंद्र राणा, परमजीत पम्मी, विनोद चंदेल, आशुतोष वैद्य, बलबीर ठाकुर, भारत साहनी समेत पांच मंडलों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

## केंद्र की सहायता से चल रही प्रदेश सरकार: संजय शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार केंद्र सरकार को लेकर हमेशा गलत बयानबाजी करती है, जबकि केंद्र प्रदेश को हर योजना में पूरा सहयोग करता है। प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है और आवश्यकतानुसार राशि प्रदेश को उपलब्ध करवाई जा रही है।



इस राशि के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आयुष्मान भारत, पोषण योजना, शिक्षा अभियान जैसी किसी भी प्रकार की सामाजिक, विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाएं नहीं जोड़ी गई है। संजय शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार के गठन से लेकर अभी तक 3378 करोड़ नौ लाख 65 हजार 384 रुपए केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार को भेजे गए हैं, यह राशि वह है जो केंद्र सरकार ने हिमाचल के लिए सीधा अनुभाग की है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार को केवल मात्र झूठ बोलने की आदत है और अगर केंद्र किसी भी प्रकार की मदद हिमाचल प्रदेश की करता है तो तथ्यों का झुठलाने का प्रयास करते हैं और इसे अपना अधिकार बताते हैं। राशि के आंकड़े बताते हैं कि सच्चाई क्या है। इसके लिए कांग्रेस के नेताओं को केंद्र सरकार का आभारी होना चाहिए। जनता को गुमराह करने से कांग्रेस पार्टी को कुछ नहीं मिलने वाला।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


पुलिस अधीक्षक कुल्लू साक्षी वर्मा को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करती हुई कुल्लू व लाहौल-स्पीति की जिला प्रभारी कमलेश वर्मा। एसपी साक्षी वर्मा ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


डीएसपी कुल्लू राजेश कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


कुल्लू जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल व उनके साथ एडवोकेट तारा चंद गौतम अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


कुल्लू के जगदीश ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


अनंत ज्ञान पढ़ते हुए टोटल टेक सपोर्ट एंड न्यूज एजेंसी के प्रबंध निदेशक दर्शन पोर्ले।


सैंज में अनंत ज्ञान पढ़ते हुए एनएसएस स्वयंसेवी सुरेश शर्मा।


अनंत ज्ञान पढ़ते हुए महंत कांप्लेक्स सैंज के प्रबंध निदेशक रोशन लाल महंत।

# स्पीति में वाहनों की एंट्री पर लगेगा शुल्क

## एक जनवरी 2024 से शुरू होगी सुविधा, प्रति वाहन कटेगा साडा टैक्स, स्पीति में पंजीकृत निजी वाहनों को टैक्स में मिलेगी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

अगर आप जिला जिला लाहौल-स्पीति की प्रसिद्ध स्पीति घाटी में अपने वाहन के माध्यम से घूमने जाने का प्लान कर रहे हैं तो अब आपको वाहनों की एंट्री पर शुल्क देना होगा।

जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति खंड के विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) काजा और ताबो में हिमाचल प्रदेश सहित देशभर के विभिन्न हिस्सों से आने वाले वाहनों के प्रवेश करने पर शुल्क देना होगा। एक जनवरी 2024 से 'साडा डेवलपमेंट टैक्स' के लिए बैरियर समूदो में स्थापित किया जा रहा है। पहली जनवरी से हर वाहन को 'साडा बैरियर' टैक्स देना होगा। जो वाहन बिना शुल्क के पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त करवाई अमल में लाई जाएगी। गौर रहे कि 24 नवंबर को आयोजित विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की बैठक विधायक रवि ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई थी। इस बैठक ने यह फैसला लिया गया था कि काजा और ताबो में पर्यटकों का आवागमन दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। इसके कारण उक्त क्षेत्रों में ठोस कूड़ा प्रबंधन, सीवेज प्रबंधन, आदि के लिए विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) के पास वित्तीय अभाव है। ऐसे में जनता के हित के लिए साडा शुल्क की व्यवस्था शुरू की जाए।



फाइल फोटो

बैठक के फैसले के अनुसार आरएलए स्पीति के निजी वाहनों को इसमें छूट दी जाएगी। इसके साथ ही स्पीति में पंजीकृत निजी व स्थानीय लोगों को देश के किसी भी अन्य में वाहन पंजीकृत होगी तो उनसे शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसी तरह किन्नौर जिला के स्पीति के साथ सटे गांव सुमरा गांव के स्थानीय लोगों के निजी वाहनों से शुल्क नहीं लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**वाहनों** से साडा टैक्स एक जनवरी 2024 से एकत्रित की जाएगी। अब स्पीति में आने वाले हर वाहन को शुल्क देना पड़ेगा। स्पीति को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए साडा कार्यरत है। जिला लाहौल-स्पीति के वाहनों को इस शुल्क से छूट प्रदान की गई है। लाहौल-स्पीति के टैक्सी चालकों को शुल्क देना होगा। स्पीति वासियों सहित सभी पर्यटकों से अपील की है कि प्रशासन की इस पहल में अपना सहयोग और साथ अवश्य दें। स्पीति को सुंदर बेहतर और सुविधा संपन्न टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने के लिए यह प्रयास शुरू किया है।



**-हर्ष अमरेंद्र नेगी, एसडीएम काजा**

### यहां होगा खर्च

**साडा** शुल्क से एकत्रित होनी वाली आय का खर्च विभिन्न कार्यों के लिए किया जाएगा। इसमें सार्वजनिक शौचालय निर्माण, सोलर लाइट, सीसीटीवी कैमरा, होर्डिंग बोर्ड, स्ट्रीट लाइट्स, सूचना पट्ट आदि के लिए खर्च होंगे। स्थानीय पंचायतों को ठोस कूड़ा प्रबंधन और सीवेज के लिए सहयोग करना। स्पीति नदी के किनारे पर्यटकों के लिए सेंटर निर्मित करना, स्पीति में नेचर पार्क, ईको टूरिज्म एंड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन के कार्यों को प्रोत्साहित करना।

### लोक निर्माण विभाग के कर्मी शुल्क करेंगे एकत्रित

**सर्दियों** में केवल समुदो में साडा बैरियर शुल्क एकत्रित किया जाएगा। वहीं गर्मियों में काजा-मनाली मार्ग खुलने पर लोसर में शुल्क बैरियर स्थापित किया जाएगा, जो कि एक जून 2024 से शुरू किया जाएगा। फीस एकत्रित करने के लिए आउट सोर्सिंग के आधार पर विभिन्न कर्मी नियुक्त किए जाएंगे। फिलहाल लोक निर्माण विभाग के कर्मी शुल्क एकत्रित करेंगे। दोपहिया वाहन 100 रुपए, कार 200 रुपए, एसयूवी, एमयूवी स्कॉर्पियो, मैक्सी कैब के अलावा अन्य वाहन 300 रुपए, बस और ट्रक 400 रुपए शुल्क कटेगा।

### स्पीति टैक्सी वाहनों के लिए विशेष सुविधा

**स्पीति** में पंजीकृत टैक्सी वाहनों के लिए सालाना शुल्क की दरें तय की गई हैं। इन्हें एक पास दिया जाएगा जो कि एक साल तक मान्य होगा। बड़े वाहन जैसे मैक्सी और ट्रेवलर के लिए 2500 रुपए सालाना और 1500 रुपए छोटे वाहनों के लिए अदा करें होंगे।

### साडा शुल्क का वित्तीय प्रबंधन

**साडा** बैरियर टैक्स के लिए अलग से बैंक अकाउंट खोला जाएगा। हर दिन एकत्रित होने वाले शुल्क को उसी दिन बैंक अकाउंट में जमा करवाया जाएगा। साडा में आउट सोर्सिंग के आधार पर रखे गए कर्मचारियों का वेतन और अन्य भत्ते सदस्य जारी करेंगे। इससे एकत्रित होने वाली आय से कोई वाहन नहीं खरीदा जाएगा। इसके साथ ही विदेशी दौरे के लिए भी इस फंड का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

# ढालपुर में शॉपिंग कांप्लेक्स व पार्किंग की सुविधा जल्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्रिकेट मैदान के किनारे पवेलियन, शॉपिंग कांप्लेक्स व पार्किंग का निर्माण हो रहा है। पांच करोड़ की लागत से तैयार हो रहे इस पवेलियन, शॉपिंग कांप्लेक्स और पार्किंग के निर्माण कार्य का शुक्रवार को नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण (काका) महंत ने निरीक्षण किया और निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि यहां पर शीघ्र ही जहां क्रिकेट प्रेमियों को पवेलियन की सुविधा मिलेगी वहीं, शॉपिंग कांप्लेक्स बनने से यहां के स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को भी खरीददारी के लिए सामान उपलब्ध होगा। साथ ही शहर में एक और पार्किंग बनने से पार्किंग की दिक्कत दूर होगी।


कार्य का जायजा लेते गोपाल कृष्ण महंत व अन्य।

गौर रहे कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू सड़क के दाएं छोर पर नगर परिषद कुल्लू की ओर से पवेलियन का निर्माण करवाया जा रहा है। इस पवेलियन के बनने से जहां मैदान की सुंदरता को चार चांद लगेंगे वहीं, पार्किंग बनने से शहर में जाम की समस्या दूर होगी। इसके अलावा शॉपिंग कांप्लेक्स होने से शहर के रेहड़ी-फड़ी वालों की समस्या का समाधान भी होगा। पवेलियन के धरातल में वाहनों को पार्क किया जाएगा। पहली मंजिल में रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए वेंडर मार्केट का निर्माण किया जाएगा। दूसरी मंजिल पर दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए 2.50 करोड़ लाडा और 2.50 करोड़ नगर परिषद कुल्लू की ओर से खर्च किया जा रहा है।

नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने बताया कि क्रिकेट मैदान के किनारे पर निर्माणाधीन पवेलियन की निचली मंजिल में पार्किंग व शॉपिंग कांप्लेक्स में अन्य दुकानों के साथ रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए मार्केट की सुविधा रहेगी।

उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय कुल्लू में रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए स्थायी मार्केट की मांग लंबे समय से चल रही थी, जोकि अब जल्द ही पूरी होगी और पंजीकृत रेहड़ी-फड़ी धारकों को स्थायी मार्केट मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मालरोड में कब्जाधारियों पर कसा शिकंजा

**मनाली।** नगर परिषद मनाली मालरोड के साथ लगती गलियों में कब्जा करने वालों पर शिकंजा कस दिया है। नगर परिषद ने अभियान चलाकर शुक्रवार अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की। फुटपाथ पर कब्जा करने से सैलानियों को आने-जाने में भारी दिक्कत आ रही थी। शुक्रवार को नगर परिषद मनाली ने मालरोड सहित आसपास की अतिक्रमण को हटाया। गली में अवैध रूप से लगी रेहड़ी-फड़ी हटाई गई। अतिक्रमण हटाने की इस मुहिम के दौरान कुछ लोगों का सामान भी जब्त किया। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी करुण भरमौरिया ने बताया कि कुछ लोगों ने सड़क व गलियों में दुकानें लगा दी थीं, जिससे लोगों को चलने-फिरने में दिक्कत आ रही थी। नगर परिषद ने कार्रवाई करते हुए सभी गलियों को खाली करवाया। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि फुटपाथ से दूरी बनाकर रखें और शहर को साफ-सुथरा रखने में नगर परिषद का सहयोग करें।


कब्जाधारियों का समान जब्त करते नगर परिषद कर्मचारी।

### रायसन में नेत्र जांच कैंप दो जनवरी से

**कुल्लू।** कुल्लू जिला के रायसन स्थित आंखों के अस्पताल में दो से छह जनवरी तक नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अस्पताल प्रभारी डॉ. डेनिस ने बताया कि राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता निवारण समिति व एम्स के डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहे इस कैंप में दो से पांच जनवरी तक जांच व भर्ती की जाएगी। इस दौरान भर्ती होने वाले मरीजों के रहने का इंतजाम अस्पताल प्रशासन की ओर से निशुल्क होगा, जबकि मरीज को बिस्तर साथ लाना होगा, वहीं आधार कार्ड, आईआरडीपी कार्ड भी साथ लाना होगा।

### स्वयंसेवियों ने गजलें गाकर लूटी वाहवाही

**सैंज।** राजकीय महाविद्यालय सैंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के छठे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम से माहौल सराबोर हुआ। एनएसएस स्वयंसेवियों ने गजल के माध्यम से एक ओर जहां खूब तालियां बटोरीं, वहीं देशभक्ति व राष्ट्र प्रेम के प्रति भी मंच से संदेश दिया। स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में गजलें गाकर खूब वाहवाही लूटी। स्वयंसेवी रोशना, आंचल व चवित्री आदि ने धरती जो हम को देती अन्न, वही तो है भारत का धन, लहराए झंडा यह तिरंगा... गजल पेशकर देश प्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने बताया कि शिविर के छठे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ पारंपरिक परिधानों में मॉडलिंग की प्रस्तुति भी दी। जिसमें भुवनेश्वरी, गंगा, पूजा, शिल्पा, तुषार, हरीश व कृष्ण आदि ने बेहत्तर प्रस्तुतियां दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान दीवारों पर वॉल पेंटिंग के साथ-साथ एनएसएस वाटिका को भी संवारा गया। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि शिविर का समापन 30 दिसंबर को किया जाएगा।


एनएसएस शिविर के दौरान प्रस्तुति देते स्वयंसेवी।

### बोलेरो कैंपर दुर्घटनाग्रस्त, एक घायल

कुल्लू। जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के मणिकर्ण-बरशैणी सड़क मार्ग पर बोलेरो कैंपर खाई में गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया है। कैंपर चालक एवं मालिक बीडीसी सदस्य ओम प्रकाश पुत्र सूरत राम गांव तलपीणी को घायलावस्था में एंबुलेंस में जरी अस्पताल लाया गया, जहां से उसे क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रैफर कर दिया। अभी तक घायल की स्थिति स्थिर है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# डीसी व एपीएमसी अध्यक्ष ने किया पटैहला गांव का दौरा

**अनंत ज्ञान, सैंज**

एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां व उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने शुक्रवार को बनोगी पंचायत के पटैहला गांव का दौरा किया। बीते 14 दिसंबर को पटैहला गांव में हुए भीषण अग्निकांड में नौ परिवार बेघर हो गए थे। डीसी आशुतोष गर्ग ने घटनास्थल पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मिलकर राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया तथा अग्नि प्रभावित परिवारों की समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उनके साथ कृषि विपणन समिति कुल्लू व लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां भी प्रभावित गांव पहुंचे।

अग्नि प्रभावित परिवारों ने डीसी को अपना दुखड़ा सुनाया तो उपायुक्त ने उन्हें प्रशासन की तरफ से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस घड़ी में प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन उनके साथ हैं। प्रभावितों ने पुनर्निर्माण को लेकर आ रही समस्याओं के बारे अवगत करवाते हुए उपायुक्त को इमारती लकड़ी के लिए टीडी मुहैया करवाने का आग्रह किया तो उपायुक्त ने डीएफओ बंजार को निर्देश जारी कर जल्द टीडी उपलब्ध करने की बात कही।

ग्रामीणों द्वारा आग से प्रभावित देवता पंझारी के मंदिर के लिए धन की मांग पर भाषा विभाग से उचित धनराशि उपलब्ध करने का आश्वासन भी दिया गया। मियां राम सिंह ने इस दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दयोहरी व प्राथमिक पाठशाला पटईला का निरीक्षण कर पटईला स्कूल के लिए दो लाख रुपए की राशि जारी की तथा इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

राम सिंह मियां तथा आशुतोष गर्ग ने अग्नि प्रभावित परिवारों को घरों के निर्माण के लिए टीन की चादर बतौर राहत सामग्री वितरित की गई। प्रभावित नौ परिवारों को एनएचपीसी के सहयोग से सीएसआर के तहत कुल 200 चादरें प्रदान की गई तथा 100 चादरें आइसोलोइड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी के द्वारा प्रदान की गई।

# अपनी समृद्ध संस्कृति को लेकर कुल्लू की देशभर में अलग पहचान : गर्ग



प्रस्तुति देती कलाकार तथा (दाएं) उपस्थित मुख्यातिथि उपायुक्त आशुतोष गर्ग व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

### सूत्रधार डांसिंग डैफोडिल्स सीजन-12 का उपायुक्त कुल्लू ने किया शुभारंभ

कुल्लू के सरवरी स्थित सूत्रधार सभागार में संस्था के सूत्रधार डांसिंग डैफोडिल्स सीजन-12 का शुभारंभ हुआ। 40 दिवसीय इस कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने किया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सहित कुल्लू जिला की सांस्कृतिक धरोहर विरासत के संरक्षण, संवर्धन व प्रचार प्रसार में सूत्रधार कला संगम की अहम भूमिका है।

उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले की अपनी समृद्ध संस्कृति, रीति-रिवाजों के चलते देशभर में अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि संस्था के कलाकार आज राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व कर जिले तथा प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने संस्था के कलाकारों को हाल ही में बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान सहित ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा करने पर बधाई दी। वहीं इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि सूत्रधार कला संगम पिछले 47 सालों से जहां जिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहा है। इस कार्यशाला के माध्यम से जिले के बच्चों को दुर्व्यसनों से बचाए रखने के साथ-साथ वे सभी बच्चे अपनी संस्कृति से जुड़ाव महसूस करें, इसका भी प्रयास किया जाता है।

इस कार्यशाला में चार वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक के सभी बच्चे भाग ले सकेंगे। कार्यशाला का समय सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक का रहेगा, जबकि प्रत्येक शनिवार व रविवार को अवकाश रहेगा। इस मौके पर संस्था के कलाकारों की ओर से विभिन्न प्रस्तुतियां भी पेश की गई। इस अवसर पर युवा सेवाएं जिला खेल अधिकारी कविता ठाकुर व संस्था के कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य, अभिभावक व अन्य उपस्थित थे।

# कार्निवाल के जश्न को तैयार मनाली

**मनाली।** चाइल्ड एंड वेलफेयर सलेक्शन कमेटी की सदस्य एवं राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की को-ऑर्डिनेटर विद्या नेगी ने कहा पर्यटन नगरी मनाली विंटर कार्निवाल को लेकर तैयार है। उन्होंने कहा कि विधायक भुवनेश्वर गौड़ की अध्यक्षता में सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। एक जनवरी को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू मनाली आएंगे और नववर्ष की खुशियां मनाली वासियों के साथ मनाएंगे। दो जनवरी को सुबह माता हिडिंबा की विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्निवाल 2024 का शुभारंभ करेंगे। विद्या नेगी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पिछले साल महिलाओं को कार्निवाल में मिलने वाले पैसे में भारी बढ़ोतरी की है। इससे इस साल मनाली विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं में भारी उत्साह है। विद्या नेगी ने कहा कि यही कारण है कि इस बार कार्निवाल में भाग लेने वाले महिला मंडलों का आंकड़ा 230 तक जा पहुंचा है। इससे पहले यह आंकड़ा 150 से अधिक नहीं बढ़ा है।


विद्या नेगी

उन्होंने कहा कि कार्निवाल को लेकर घाटी की महिलाओं में भारी जोश है। दो जनवरी को हजारों महिलाएं प्रदेश के मुख्यमंत्री का स्वागत करने मनाली आएंगी। कार्निवाल कमेटी ने महानाटी सहित झांकियां, फैशन शो, रस्सा कस्सी सहित अनेकों प्रतियोगिताएं महिलाओं के लिए रखी है। उन्होंने कहा कि कार्निवाल के नजदीक आते ही मनाली में पर्यटकों से चहल-कदमी भी बढ़ने लगी है। नेगी ने कहा कि सभी के सहयोग से इस बार भी विंटर कार्निवाल धूमधाम से मनाया जाएगा।

# 'वनों की आग एवं न्यूनीकरण' के बारे में लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

गोबिंद बल्लभ पंत द्वारा शोध परियोजना 'भारतीय हिमालयी क्षेत्रों में जलवायु स्मार्ट समुदायों को बढ़ावा' देने के अंतर्गत मणिकर्ण घाटी के पुलगा में एकदिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका शीर्षक 'वनों की आग एवं न्यूनीकरण' रहा।

इस कार्यशाला में डीडीएमए से प्रशांत, समन्वयक जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू तथा वन विभाग, पार्वती मंडल कुल्लू से रेंजर अधिकारी जोगराज ठाकुर, बीओ प्रदीप तथा वनरक्षक मनमोहन भी शामिल रहे। इस कार्यशाला में पुलगा से 40 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें पंचायत के प्रधान तथा अन्य वार्ड सदस्य, पुलगा नारायण महिला मंडल शामिल रहे। कार्यशाला में प्रतिभागियों को जंगलों में आग, घरेलू आग लगने के बारे में जागरूक किया गया तथा जंगलों में आग लगने के कारण और इसको रोकने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को जंगलों में आग को रोकने के साथ कैसे वह इन जंगल अपशिष्ट जैसे पाइन नीडल से कंप्रेस्ड ब्रिस्केट ईंधन के रूप में उपयोग कर सकते हैं तथा कैसे इससे अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं इन तमाम पहलुओं को लेकर जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम संस्थान की तरफ से संबंधित विभागों के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे।


मणिकर्ण घाटी के पुलगा में आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान ग्रामीण व अन्य गणमान्य लोग।

**सुरक्षा** | नववर्ष को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, जिलेभर में तैनात होंगे 200 जवान

# नए साल के जश्न को हो जाएं तैयार, पूरे हैं इंतजाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पर्यटन नगरी कुल्लू-मनाली में नए साल का जश्न मनाने के लिए तैयार जाएं। इसके लिए जिला प्रशासन व पुलिस ने इंतजाम पूरे कर लिए हैं। ट्रैफिक सहित सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद रहेगी, ताकि देशभर से यहां नववर्ष का जश्न मनाने आने वाले सैलानियों को किसी भी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। जिला पुलिस ने पर्यटन नगरी मनाली, पार्वती घाटी के कसोल और अन्य इलाकों के साथ-साथ तीर्थन घाटी में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात सुचारु रखने के लिए 200 अतिरिक्त पुलिस और होमगार्ड जवान तैनात कर दिए हैं।

इसके साथ ही क्षेत्र में पुलिस थानों और चौकी में तैनात पुलिस जवान भी रूटीन ड्यूटी देंगे। गौर रहे कि मनाली में 31 दिसंबर से पहले ही पर्यटकों का आना शुरू हो गया है जबकि मनाली, मणिकर्ण और तीर्थन वैली में 80 फीसदी होटलों में एडवांस बुकिंग हो गई है। जिसके चलते कुल्लू जिले में नए साल पर अच्छा खासा पर्यटन कारोबार होने की उम्मीद है। नववर्ष पर जिला के मनाली, बंजार व कसोल में रिजर्व बटालियन के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस की ओर से जिला भर में यातायात व कानून-व्यवस्था बनाए रखने को 200 पुलिस व होमगार्ड जवान तैनात किए हैं।


पर्यटन नगरी मनाली के वोल्वो बस स्टैंड व आसपास पार्क किये पर्यटक वाहन।

इसके अलावा मनाली से लेकर अटल टनल तक यातायात व सुरक्षा की दृष्टि से आठ सेक्टर में बांटा गया है। जिला की पार्वती घाटी में 40 और बंजार घाटी में 20 व मनाली में 120 अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। (अनंत ज्ञान)

### उम्मीद से ज्यादा वाहन आने की संभावनाएं

**जिला** पुलिस के अनुसार एक दिन में अटल टनल से 28 हजार वाहनों की आवाजाही का रिकॉर्ड बना है। इसको देखते हुए अब नए साल में भी उम्मीद से ज्यादा पर्यटकों के आने की संभावनाएं बनी हुई हैं। ऐसे में पुलिस ने कानून-व्यवस्था और यातायात को सुचारु रखने की दृष्टि से तमाम तैयारियां पूरी कर रखी है।

**कुल्लू** मनाली में लगातार पर्यटकों का आना लगातार जारी है। नववर्ष को लेकर जिला पुलिस की ओर से तैयारियां पूरी कर ली हैं। यातायात व सुरक्षा की दृष्टि से जिला में 200 अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात किए हैं। सैलानियों का जिला में स्वागत है, साथ ही अपील है कि पुलिस का सहयोग करें और चिन्हित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन पार्क हो सकेंगे।



**- साक्षी वर्मा, एसपी कुल्लू।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान



तहसील करसोग परिसर में राजकुमार निवासी बाग-शलाना अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



बरल में सुनील कुमार निवासी भंथल दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



सोनू इलेक्ट्रॉनिक दुकान के मालिक सोनू निवासी ममेल अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



बरल निवासी शर्मा किराना स्टोर के मालिक दिलीप कुमार शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



भाजपा मंडल करसोग के मीडिया प्रभारी अधिवक्ता जितेंद्र महाजन अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



होली चाइल्ड स्कूल की निदेशक कौशल्या ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ती हुई।



राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर के लिपिक संजीव गुलेरिया अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



जोगिंद्रनगर में मोबाइल वर्ल्ड के निदेशक संजय ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

# बजट ने रोका भराड़ू गोसदन का काम

## गोसदन संचालकों ने उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी को ज्ञापन सौंपकर मांगी आर्थिक सहायता

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

भराड़ू गोसदन में नए भवन के निर्माण में फिर बजट की बाधा पेश आई है। ऐसे में सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंश को स्थायी ठिकाना दिलाने के लिए संचालकों ने फिर उपायुक्त मंडी से आर्थिक सहायता की मांग की है। करीब बीस लाख रुपए का बजट भराड़ू गोसदन में नए दो मंजिला भवन पर खर्च होगा। इसमें अभी तक आठ लाख रुपए की धनराशि जिला प्रशासन के सहयोग से खर्च की जा चुकी है। शुक्रवार को भराड़ू गोसदन के अध्यक्ष विजय जम्वाल, कोषाध्यक्ष अजय ठाकुर ने बताया कि 2010 में मंडी जिला के जोगिंद्रनगर में सबसे पहले भराड़ गोसदन में लाखों रुपए की धनराशि दानी सज्जनों व प्रशासन के सहयोग से खर्च कर जिस भवन का निर्माण करवाया गया है, वहां पर 40 से अधिक गोवंश को शरण दिलाई जा चुकी है, लेकिन सर्द मौसम में अभी भी सड़कों पर काफी संख्या में गोवंश घूम रहा है जिसे स्थायी ठिकाना दिलाने के लिए नए दो मंजिला गोसदन के निर्माण का कार्य शुरू हुआ है, लेकिन बजट के हिसाब से यह निर्माण कार्य लटक चुका है। समस्या के समाधान को लेकर उपायुक्त मंडी को पुन: ज्ञापन सौंपकर बजट की मांग की गई है। डीसी मंडी अरिंदम चौधरी ने कहा कि बजट की मांग की गई है, जल्द ही समस्या समाधान के लिए पत्राचार किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)


बजट की मांग के लिए डीसी को ज्ञापन सौंपते गोसदन के अध्यक्ष विजय जम्वाल व कोषाध्यक्ष अजय ठाकुर।

## ठगी के पीड़ितों ने पीएम को भेजा ज्ञापन



**करसोग।** करसोग के समाजसेवी पूर्ण चंद कौंडल की अगुआई में ठगी के पीड़ितों ने तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा है। जिसमें इन्होंने केंद्र सरकार का धन्यवाद किया है और लिखा कि सरकार द्वारा बनाए गए कानून अनियमित जमा योजना पाबंदी कानून बनाकर देश के 42 करोड़ ठगी पीड़ितों को भुगतान की गारंटी का अधिकार प्रदान करने के लिए हम सरकार का दिल की गहराइयों से धन्यवाद करते है और केंद्र सरकार ने दशकों से पीड़ित 42 करोड़ जनता को भुगतान की गारंटी का अधिकार देकर प्रशंसनीय कार्य किया है, जिसके लिए सरकार बधाई की पात्र है। गरीबों ने बड़ी मुश्किल से इन सोसायटी में पैसा जमा किया था जो कि लोगों के खून सीने की कमाई को लेकर चंपत हो गई है। इन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि देश के प्रत्येक जिले में तहसील स्तर पर भुगतान पटल स्थापित किया जाने हेतु आदेश जारी किए जाएं।

## सराज कांग्रेस की 'जंग' उजागर हुई

**बालीचौकी।** वर्ष 1998 के बाद सराज के सियासी मैदान पर लगातार चित होती सराज कांग्रेस पार्टी के 139वें स्थापना दिवस पर भी अलग थलग नजर आई। इस दौरान सराज मंडल कांग्रेस ने जहां मंडल स्तर पर अपना स्थापना समारोह बालीचौकी क्षेत्र के थाची में आयोजित किया, वहीं सराज में अपने आप को मुख्यमंत्री का दाहिना हाथ बताने वाले नेता जगदीश रेड्डी ने बालीचौकी में शक्ति प्रदर्शन किया। थाची में कार्यक्रम की अध्यक्षता जहां सराज कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष टेक सिंह चौहान ने की, वहीं मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस कमेटी के महासचिव चेतराम ठाकुर ने कार्यकर्ताओं के बीच अपनी उपस्थिति दर्शाई। इस दौरान बालीचौकी में जहां कुछ नेताओं ने वर्तमान में सराज कांग्रेस को लिमिटेड कंपनी की संज्ञा तक दे डाली, वहीं जगदीश रेड्डी ने वर्ष 2012 में कांग्रेस प्रत्याशी रही तारा ठाकुर को हराने वाले नेताओं की भी जमकर खिंचाई की।

## विक्रम सिंह बने ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के प्रधान


ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर मंडी में ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन ओएसए की सालाना बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश चंद धलारिया ने की।

इस बैठक का आयोजन ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के सचिव डॉ. मोहर सिंह द्वारा किया गया, जिसमें पूर्व छात्रों व महाविद्यालय के प्राचार्य व प्राध्यापकों का स्वागत किया तथा वार्षिक रूपरेखा को प्रस्तुत किया। बैठक में नई पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी परिषद का गठन किया गया। इसमें प्रधान के पद पर विक्रम सिंह, सचिव डॉ. मोहर सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान राकेश कुमार, उपप्रधान इतिका ठाकुर, सह सचिव संध्या, कोषाध्यक्ष शगुन पराशर तथा सदस्य मनीष शर्मा, अनिल कुमार, आरती देवी, कामिनी गुलेरिया, साक्षी, विक्की, अभिषेक को चुना गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने ओएसए कार्यकारिणी परिषद के सदस्य व अन्य सदस्यों के साथ वार्तालाप किया और विकास के लिए सुझाव भी मांगे। इस बैठक में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. रमेश चंद्र शर्मा, स्टाफ सचिव प्रो. विवेकानंद शर्मा, प्रो. सुमन कुमार, प्रो. ओम प्रकाश शामिल थे।

## सेरी बंगलो में अक्षत कलश का स्वागत

**करसोग।** करसोग से लगभग 20 किलोमीटर दूर सेरी बंगलो में पूजित अक्षय कलश यात्रा निकाली गई। इस बारे में सेरी बंगलो के स्वयंसेवक रोहित ठाकुर ने बताया कि सेरी बंगलो में अयोध्या से आए कलश के स्वागत के लिए स्वागत यात्रा का आयोजन किया गया। कलश की स्थापना सेरी बंगलो क्षेत्र के आराध्य देवता श्री नाग धमुनी मंदिर में किया गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पंचायत ठाकुर थाना के सोमा कोठी मंदिर पर लाए गए हैं और सोमा कोठी में भी अयोध्या से आए कलश के स्वागत के लिए शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कलश की स्थापन श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर सोमाकोठी में किया गया व प्रतिष्ठा भी की गई। सोमा कोठी के लगभग 170 महिलाओं, युवा पीढ़ी व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पुजारी टेक चंद शर्मा शास्त्री द्वारा कलश का पूजन किया गया। इस अभियान के जिला सह संयोजक रोहित ठाकुर, सेरी बंगलो खंड के सह संयोजक हेमंत उपस्थित रहे।

# अरुणोदय स्कूल के होनहार नवाजे

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि ने बांटे इनाम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

अरुणोदय पब्लिक स्कूल बलद्वाड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि समाजसेवी, पंचायत समिति सदस्य व राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन के जिला को-ऑर्डिनेटर शिव कुमार वर्मा रहे। स्कूल के अध्यक्ष अजय पठानिया, प्रधानाचार्य अलका पठानिया, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रूप शर्मा व अन्य लोगों ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया।

इसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य अलका पठानिया ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। मुख्यातिथि शिव कुमार वर्मा ने बेटियां फाउंडेशन की तरफ से स्कूल को कामेड शावर, सेनेटरी पैड तथा अध्यापकों उनके अच्छे कार्य व छात्रों को पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रूप शर्मा, वन विभाग के सेवानिवृत्त उच्च अधिकारी बृजलाल, पूर्व बीडीसी अध्यक्ष उमा ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।


सालाना समारोह के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

## सेरी बंगलों स्कूल ने मनाया समारोह

**करसोग।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरी बंगलों में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। करसोग से कांग्रेस नेता महेश राज ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। खंड कांग्रेस समिति के अध्यक्ष हरिओम शर्मा कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए। मुख्यातिथि द्वारा खंड व जिला स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ियों और शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किशोरी लाल, संतोष कुमारी, रमेश ठाकुर, एसएमसी प्रधान यशपाल आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कल्याण समिति सरकाघाट का चुनाव कल

**मंडी।** सामान्य वर्ग कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र सरकाघाट इकाई का त्रैवार्षिक चुनाव 31 दिसंबर को एक बजे नेशनल कैंब्रिज उच्च माध्यमिक पाठशाला पौंटा में होगा। प्रदेशाध्यक्ष शक्ति चंद चौहान ने सामान्य वर्ग के सभी लोगों से चुनाव में भाग लेने की अपील की है।

### मासिक धर्म स्वच्छता पर जानकारी दी


पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रतिभागी छात्राएं।

**सरकाघाट।** महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा सरकाघाट उपमंडल में मासिक धर्म स्वच्छता बारे वो दिन योजना के तहत एकदिवसीय जागरूकता शिविर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भदरोता में आयोजित किया गया। इसमें बाल विकास परियोजना अधिकारी गोपालपुर अनिता शर्मा ने कहा कि जागरूकता अभियान द्वारा उपमंडल में युवा लड़कियों और महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान मासिक धर्म की उपयोगिता से अवगत कराते हुए उन्हें इस अवधि में और अधिक व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति सजग करना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं मासिक धर्म की प्राकृतिक प्रक्रिया पर गर्व का अनुभव करें तथा किसी प्रकार की शर्म महसूस न करें। आईटीआई भदरोता के प्रधानाचार्य सचिन शर्मा ने समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करने का आग्रह किया। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

### कोटली कॉलेज में एनएसएस शिविर संपन्न

**मंडी।** कोटली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. राकेश कपूर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूनम शर्मा ने शिविर की गतिविधियों का ब्यौरा दिया। इस मौके पर महाविद्यालय की वरिष्ठ आचार्य प्रियदर्शनी ने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवियों को महत्वपूर्ण बातें बताई।

### होली चाइल्ड स्कूल में मॉकड्रिल आयोजित


होली चाइल्ड स्कूल में मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मी व अन्य।

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अग्निशमन विभाग की ओर से मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को आपदा से कैसे बचना चाहिए, कहीं आग लग जाए, तो दुर्घटना स्थल में घायलों की कैसे सहायता करनी चाहिए के बारे में बताया गया। अग्निशमन विभाग में प्रयोग होने वाले उपकरणों के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल निदेशक कौशल्या ठाकुर, स्कूल प्रधानाचार्य ने अग्निशमन विभाग से आए प्लाटून कमांडर नागेश्वर कुमार, प्रशामक लेख राम, जोगिंद्र सिंह, गृहरक्षक बाली राम, ड्राइवर प्रवीण कुमार का धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### स्वयंसेवियों को अनुशासन में रहने की सीख



गोपालपुर स्कूल में एनएसएस शिविर के समापन पर स्वयंसेवी अध्यापकों के साथ।

**सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोपालपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य बलवंत सिंह द्वारा किया गया। समापन समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य बलवंत सिंह, उपप्रधानाचार्य दिनेश कुमार, कार्यालय अधीक्षक अनुराग शर्मा, एनएसएस प्रभारी विजय सिंह, प्रवक्ता गणित निर्मल देवी, , सुरेश पाल, मीना कुमारी, अभिषेक गुलेरिया उपस्थित थे। शिविर में 36 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस शिविर के दौरान स्वयंसेवियों द्वारा प्रभात फेरी, साफ-सफाई, बौद्धिक चर्चा सहित रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पाठशाला प्रधानाचार्य ने बच्चों को अनुशासन में रहने, समय का सदुपयोग करने, नशे से दूर रहने व देश और समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने का संदेश दिया।

## सरकार से अधिसूचना रद्द करने की मांग

**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश सर्व अनुबंध कर्मचारी महासंघ ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि कार्मिक विभाग द्वारा अनुबंध कर्मचारियों को नियमित करने संबंधित जो अधिसूचना जारी की गई है उसे तुरंत रद्द किया जाए। कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष कामेश्वर शर्मा ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में अनुबंध कर्मचारियों को दो साल की अनुबंध सेवा के उपरांत साल में सिर्फ एक बार 31 मार्च को ही नियमित किया जाएगा। पहले यह व्यवस्था साल में दो बार 31 मार्च और 30 सितंबर को की जाती थी। इस अधिसूचना से प्रदेश में अलग-अलग विभागों में काम कर रहे लगभग चार हजार अनुबंध कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। सर्व अनुबंध कर्मचारी महासंघ ने सभी कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार से इस अधिसूचना को रद्द करने की मांग उठाई है।

## इमर्शन भवन के बाहर खुले में बह रही गंदगी से परेशानी

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

शहर की आम व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य दैनिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए कमेटी, नगर पालिका, नगर परिषद की कड़ी में दर्जा बढ़ाकर नगर निगम कर देने के बाद भी शहर की स्वच्छता के हालात नहीं सुधर पाए हैं। परिषद से निगम को बने हुए अढ़ाई साल से भी ज्यादा का समय हो गया।

आलम यह है कि शहर को कूड़ादान और डंपर मुक्त तो कर दिया गया है, लेकिन शहर की गलियों और अन्य कई स्थानों पर गंदगी का आलम नगर निगम व जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली को चिढ़ा रहा है। व्यस्ततम चौहाटा बाजार में इमर्शन भवन के बाहर, जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय के बाहर एक सार्वजनिक वाटर कूलर का गंदा पानी खुले में बह रहा है, जो गंदगी का रूप धारण किए हुए हैं। यह कार्यालय के द्वार के बाहर हर रोज सरकारी व्यवस्था को चिढ़ाता हुआ नजर आता है। यही नहीं इसी गंदगी के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा शहर की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से संबंधित चमचमाती हुई उद्घाटन पट्टिका और एक बड़ी एलईडी स्क्रीन भी ऊंचाई पर लगाई गई है। हालांकि यह गंदगी खुले में लगभग 10 से 15 फुट ही है।

यदि वहां पर एक अंडरग्राउंड पाइप लगा दी जाए, तो इससे निजात मिल सकती है, लेकिन कई वर्षों से यहां ऐसा ही चला आ रहा है। स्थानीय पार्षद व उपमहापौर माधुरी कपूर ने बताया कि महापौर विरेंद्र शर्मा ने यहां का मौका कर लिया है, शीघ्र ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



## किसानों को बताई जाइका परियोजना

**गोहर।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण परियोजना की गोहर बीपीएमयू इकाई की ओर से बहाव सिंचाई योजना गधिमन, मझोठी ग्राम पंचायत देवधार तथा बहाव सिंचाई योजना बजरोहडू कोट, ग्राम पंचायत शाला में किसानों को फसल विविधीकरण परियोजना के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण परियोजना के परियोजना प्रबंधक गोहर डॉक्टर डीसी चौहान ने इस मौके पर उपस्थित किसान वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि परियोजना का लक्ष्य किसानों को फसल विविधीकरण से जोड़कर उनकी आय को कई गुना करना है। उन्होंने बताया कि नकदी फसलों के उत्पादन से किसानों को बहुत लाभ होगा, जिससे कि वे आर्थिक स्वावलंबन की ओर से बढ़ सकें। इस मौके पर विभागीय अधिकारी सुरेश सोनी, कृषि विकास अधिकारी गोहर, रीतू रानी, कृषि प्रसार अधिकारी व गौरव शर्मा भी मौजूद रहे।

## मशरूम प्रदर्शनी केंद्र की भूमि का निरीक्षण

**सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल के भद्रोता क्षेत्र में वीरवार को मुख्य परियोजना अधिकारी जाइका हिमाचल प्रदेश सरकार नागेश कुमार गुलेरिया ने वन परिक्षेत्र सरकाघाट के कठोगण गांव में जाइका परियोजना और ग्रामीण सहभागिता से बनने वाले राज्य स्तरीय मशरूम प्रदर्शनी केंद्र की इकाई के निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी वेद प्रकाश पठानिया, एसीफ (सुकेत), रेंज ऑफिसर सरकाघाट रजनी राणा, एसएमएस सुकेत विजय कुमार, बीओ थौना अश्विनी वन्याल, फॉरेस्ट गार्ड विजय कुमार और ग्रामीण वन विकास समिति कठोगण के प्रधान सार्जेंट पवन कुमार, मशरूम समूह के प्रधान बालम राम तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। परियोजना अधिकारी ने गांव में परियोजना द्वारा चलाए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया और रिकॉर्ड जांचे। प्रधान पवन ठाकुर ने बताया कि भवन निर्माण के लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं और जनवरी में जापान के परियोजना अधिकारियों द्वारा शिलान्यास कर कार्य का श्रीगणेश किया जाएगा।

## मेरिट हासिल करने वाले मेधावी नवाजे

**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक नवाचार से शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाकर प्रदेश शिक्षा बोर्ड लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को संवार रहा है। शुक्रवार को मंडी के जोगिंद्रनगर के चौंतड़ा में निजी न्यू दिशा पब्लिक स्कूल में बोर्ड की परीक्षाओं में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के बाद बोर्ड की नई शिक्षा नीति और शिक्षा के पैटर्न में किए गए बदलाव पर डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के 4500 के करीब शैक्षणिक संस्थानों में लाखों विद्यार्थियों के पाठ्क्रम में सुधार के अलावा हर स्कूल में शिक्षा की गुणवता पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

## वल्लभ कॉलेज में कैडेट्स को दिए टिप्स

**मंडी।** एनसीसी वायु सेना विंग मंडी ने भारतीय वायु सेना में करियर व सर्विस सिलेक्शन बोर्ड की तैयारी विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह ने की। इस अवसर पर भारतीय वायु सेना की लॉजिस्टिक्स ब्रांच के फ्लाइंग ऑफिसर संतोष कुमार ने एनसीसी एयर विंग व आर्मी विंग कैडेट्स को भारतीय वायु सेना व स्थल सेना सर्विस सिलेक्शन बोर्ड को उत्तीर्ण करने के लिए टिप्स दिए। फ्लाइंग ऑफिसर संतोष कुमार ने कहा कि ईमानदारी, मेहनत, लगन, अनुशासन व समय प्रबंधन से कैडेट अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

**सराहनीय** नगर निगम करवाएगा निर्माण, आवारा कुत्तों से मिलेगी निजात

# मंडी में डॉग केयर सेंटर का होगा निर्माण

**पुष्पराज, मंडी**

नगर निगम मंडी अप्रैल 2021 में बना जिसके बाद नगर निगम द्वारा कई सराहनीय कार्य भी किए गए और सफाई अभियान के लिए भी कड़े फैसले लिए जिससे मंडी शहर में आज साफ-सफाई भी काफी हद तक अच्छी हो रही है। नगर निगम मंडी में आवारा कुत्तों की बहुत बड़ी समस्या है, जिसमें नगर निगम मंडी ने 2021 से लेकर 2023 तक 425 कुत्तों की नसबंदी की है।

नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि इस साल नसबंदी की संख्या सात बेड होने के कारण कम रही जिसे आने वाले समय में बढ़ाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आवारा कुत्तों के लिए सरकार और प्रशासन के पास कोई भी प्लान नहीं है लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार जिस गली से कुत्ते को उठाया जाएगा, उपचार के पश्चात उसे उसी गली में छोड़ा जाएगा। वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि आवारा कुत्तों की समस्या नगर निगम मंडी के लिए बहुत ही गंभीर है जिसे लेकर मंडी नगर निगम द्वारा डॉग केयर सेंटर का निर्माण भी किया जाएगा। इस पर निगम में विचार-विमर्श किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)


शहर में नालियों के जंगले का कार्य करता मजदूर।

### नालियों के टूटे जंगलों का कार्य शुरू

मंडी शहर के विभिन्न स्थानों पर नालियों के जंगले टूटे हुए थे जिसका कार्य नगर निगम द्वारा आरंभ कर दिया गया है, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था के कारण कार्य अवरुद्ध हो रहा है। महापौर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि नालियों के जंगलों का कार्य शीघ्र अति शीघ्र पूरा किया जाएगा और नगर निगम क्षेत्र के लोगों को आने वाले समय में यह समस्या पेश नहीं आएगी।

### बेसहारा पशु नगर निगम के लिए बने समस्या

मंडी नगर निगम क्षेत्र में अक्सर बेसहारा पशु घूमते रहते हैं जो नगर निगम क्षेत्र के आस पास के लोगों द्वारा छोड़े गए है लेकिन यह नगर निगम के लिए एक जिम्मेदारी हो जाती है कि बेसहारा पशु नगर निगम क्षेत्र में घूम रहे है। नगर निगम द्वारा गोसदन में दो हजार रुपए दिए जाते है जो नगर निगम के लिए एक दायित्व बन जाता है। महापौर वीरेंद्र भट्ट ने लोगों से अपील की है कि जो लोग पशु पालते है वे उनका अंतिम समय तक निर्वहन भी करें। उन्होंने बताया कि नगर निगम मंडी द्वारा गोसदन का विस्तार करने के लिए भी नगर निगम द्वारा प्रयास किए जा रहे है।

## निमेलरी स्कूल ने सालाना समारोह मनाया

**जोगिंद्रनगर।** ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यह बात प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने निमेलरी पाठशाला के समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने बच्चों को इनाम बांटे। इस दौरान स्कूल के होनहारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। उन्होंने पाठशाला के प्राध्यापक वर्ग को आश्वासन दिया कि पाठशाला में जो भी समस्याएं हैं उनका सरकार के माध्यम से समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर इंद्र सिंह, रणवीर, सुरेश पराशर, नागेश उपस्थित थे।

## प्रवीण कुमार प्रधान, हरि सिंह उपप्रधान बने

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर टैक्सी यूनियन के प्रधान व उपप्रधान के पदों के लिए वोटिंग हुई। बता दें कि प्रधान पद के लिए दो उम्मीदवार थे और उपप्रधान पद के लिए तीन उम्मीदवार थे। प्रधान उम्मीदवार में अमित कुमार को 44 वोट पड़े और प्रवीण कुमार को 58 वोट पड़े और इसके साथ ही उपप्रधान उम्मीदवार में हरी सिंह को 53, सरवन कुमार को 15 और विजय कुमार को 34 वोट पड़े। दोनों पदों में एक-एक वोट रद्द हुआ। प्रधान पद में प्रवीण कुमार विजय रहे और उपप्रधान पद में हरि सिंह विजय रहे। महासचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से नियुक्त किए गए और पहली जनवरी को प्रधान व उपप्रधान शपथ ग्रहण करेंगे।

## 2096 हेक्टेयर वन भूमि पर होगा पौधरोपण

**मंडी।** जिला स्तरीय वन विकास प्राधिकरण मंडी की कार्यकारिणी समिति की बैठक में मंडी और नाचन वन मंडलों के लिए भारत सरकार द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय ग्रीन इंडिया मिशन परियोजना का अनुमोदन किया गया। योजना के अंतर्गत आगामी आठ वर्षों में मंडी वन मंडल में 1236 हेक्टेयर तथा नाचन वन मंडल में 866 हेक्टेयर वन भूमि में संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के सहयोग से पौधरोपण करने का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया। यह जानकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अरण्यपाल मंडी अजीत ठाकुर ने दी।

प्रत्येक जीव स्वतंत्र है। कोई किसी और पर निर्भर नहीं करता।
–भगवान महावीर



# पौंग बांध ईको सेंसटिव जोन से फिर विस्थापन का खतरा

**केंद्रीय** वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने जब से पौंग बांध को ईको सेंसटिव जोन यानी ईएसजेड घोषित करने का मसौदा तैयार किया है, तब से 58 गांवों पर विस्थापन का खतरा मंडरा रहा है। जब 1972 में पौंग बांध बना था तब भी 25,000 परिवार उजाड़ दिए गए थे और वे आज तक विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। यह मसला देहरा के विधायक होशियार सिंह विधानसभा में उठा चुके हैं। सुक्खू सरकार ईएसजेड क्षेत्र को कम करने के उद्देश्य से मसौदा अधिसूचना से प्रभावित होने वाले 58 गांवों के हितों की वकालत करने की बात तो कर रही है, लेकिन उनकी मांग पर पर्यावरण मंत्रालय कितना गौर करता है यह देखने वाली बात होगी। नियमानुसार वन्य जीव अभ्यारण्य के आसपास ईएसजेड घोषित किया जाना है और जब तक इसकी सीमा निर्धारित नहीं हो जाती, तब तक इसके दायरे का दस किलोमीटर का क्षेत्र ही ईएसजेड माना जाएगा। सुक्खू सरकार पौंग बांध के मौजूदा मसौदे के लिए पिछली सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है। पहले भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड ने पौंग बांध बनाया और अब इसे ईएसजेड घोषित किया जा रहा है, जो एक गंभीर मुद्दा है। सरकार से ईएसजेड के संबंध में केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट को जवाब दाखिल करने की उम्मीद थी, लेकिन पिछली सरकार ईएसजेड के निर्माण को नहीं रोक सकी। पौंग बांध अभ्यारण्य का मामला पांच विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ा है। सबसे पहले 1972 में पौंग बांध के निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया था। बाद में इसे एक वन्यजीव अभ्यारण्य के रूप में अधिसूचित किया गया, जिसे अब ईएसजेड में बदल दिया गया है, जिससे लोगों को एक परियोजना में दो बार विस्थापित होना पड़ा, जो मानदंडों के खिलाफ है। पौंग बांध के निर्माण के कारण 25 हजार परिवार पहले ही उजड़ चुके हैं। करीब सात हजार लोगों को अब तक क्लेम नहीं मिला है और अब ईएसजेड से आसपास के 58 गांव प्रभावित होने वाले हैं। यह न्यायसंगत नहीं लगता है। राजस्थान में स्थित विस्थापितों को बंदूक का डर दिखाकर भगा दिया जाता है और उनमें से कई वन्यजीव अभ्यारण्य और ईएसजेड की अधिसूचना के बाद खेती की गतिविधियों से वंचित हैं। उन पर अभ्यारण्य क्षेत्र में घुसपैठ करने का मामला दर्ज कर दिया जाता है। पौंग बांध अभ्यारण्य के 114 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को बिना जन सुनवाई या किसी को विश्वास में लिए ईएसजेड घोषित कर दिया गया। लोग सरकार की इस चाल से भड़क उठे हैं। आए दिन धरने-प्रदर्शन हो रहे हैं। अगर अधिसूचना जारी हो जाती है तो ईएसजेड में कोई भी गतिविधि नहीं की जा सकती है और निर्माण, खेती और विकास सहित प्रत्येक गतिविधि के लिए केंद्र सरकार की सहमति की आवश्यकता होगी। 58 गांवों के लोग इस कदम का विरोध कर रहे हैं और पौंग बांध को ईएसजेड घोषित करने के फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। पौंग बांध को वेटलैंड की सूची से हटाया जाए और जमीन हिमाचल के नाम की जाए। यही समय की मांग है।

# स्वच्छ भारत मिशन बदल रहा शहर और गांव की तस्वीर

**स्वच्छ** भारत मिशन शहरीकरण की चुनौतियों के समाधान की राह दिखा रहा है। ठोस कचरे का वैज्ञानिक प्रसंस्करण और प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए पुराने डंपसाइटों की खस्ताहाल स्थिति को दुरुस्त करने पर भी भरपूर ध्यान दिया जा रहा है। इससे सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स 2030 के लक्ष्यों को भी प्राप्त करने में आसानी होगी। यहां उन सफाई मित्रों का जिक्र जरूरी है, जिनके कंधों पर इसके कार्यान्वयन की बड़ी जिम्मेदारी है। इन नौ सालों में सफाई मित्र सफलता की नई इबारत लिख रहे हैं। सफाई मित्रों को सुरक्षित एवं स्वस्थ रखने के साथ बेहतर तरीके से जीने की स्थिति और आजीविका के विकल्प प्रदान करने की पहल सरकार ने की है।



लेखक
आरके सिन्हा
(वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

मेनहोल को मशीन होल में बदलने की दिशा में प्रतिबद्धता से काम किया जा रहा है। इसके लिए कई शहरों में अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। सफाई मित्र अब कीचड़ हटाने वाले उपकरणों से लेकर आधुनिक मशीनों का उपयोग कर रहे हैं। लगभग 25 प्रतिशत शहरों में पहले से ही इस तरह के पर्याप्त उपकरण उपलब्ध थे, जिनका सही ढंग से पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा था। लेकिन, अब अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक पद्धति का प्रयोग किया जा रहा है। इस क्षेत्र में डेवलपमेंट स्टार्टअप्स और उद्यमियों के लिए एक बेहतर वातावरण का निर्माण करने के लिए एएफडी (एजेंस फ्रांसेइस डे डेवलपमेंट) और डिपार्टमेंट ऑफ प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) के सहयोग से एक 'स्वच्छता स्टार्टअप चैलेंज' भी शुरू किया गया था।

**करीब** नौ साल पहले का वह मंजर यकीनन यादगार था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं झाड़ू लेकर राजधानी दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे-पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था। यकीनन, महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। आजाद भारत में संभवत: यह पहला मौका था, जब देश में स्वच्छता को लेकर सरकार ने इतनी गंभीरता दिखलाई। 140 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला अगुआ यदि खुद सड़क पर उतर आए, फिर समुद्र तट पर घूम-घूम कर कूड़ा उठाने लग जाए, तो यह समझना कतई मुश्किल नहीं कि देश की हुकूमत का साफ-सफाई को लेकर नजरिया क्या है।

बीते कुछ वर्षों में, जाहिर तौर पर स्वच्छता के मोर्चे पर हमने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर देशभर में कई प्रतियोगिताएं हो रही हैं। उनमें एक-दूसरे से बेहतर करने की होड़ लगी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में स्वच्छता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शायद यही वजह है कि स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत के बाद भारत में स्वच्छता का पुनर्जागरण हुआ है। मिशन ने न केवल शहरों का कायाकल्प किया, बल्कि गांवों में भी स्वच्छता की अलख जगाई। अपने देश को साफ-सुथरा रखने की संवेदनशीलता और भावना आज पूरे देश में दिखती है।

गांधी जी आजीवन स्वच्छता की अलख जगाते रहे। दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान उन्हें श्वेत निवासियों के इस दावे से लड़ना पड़ा कि भारतीयों में स्वच्छता की कमी है, इसलिए उन्हें अलग रखने की जरूरत है। नटाल विधानसभा को लिखे खुले पत्र में गांधी ने कहा था कि जहां तक स्वच्छता मानकों का सवाल है, भारतीय भी यूरोपीय लोगों के बराबर हो सकते हैं। बशर्ते, उन्हें भी उसी तरह का ध्यान और अवसर दिया जाए। 1915 में भारत लौटने पर उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने कार्यक्रमों के मूल में स्वच्छता के मंत्र को रखा। गांधी जी ने 1941 में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए रचनात्मक कार्यक्रम नामक पुस्तिका प्रकाशित की। ग्राम स्वच्छता उन अठारह कार्यक्रमों से छठा था, जो गांधी जी ने उस



पुस्तिका में बताए थे। कुछ अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम सांप्रदायिक एकता, अस्पृश्यता निवारण, आर्थिक समानता, सविनय अवज्ञा आदि थे।

आज गांधी जी के स्वच्छ भारत की परिकल्पना को पीएम मोदी साकार कर रहे हैं। यह दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि गांधी के नाम पर राजनीति करने वाले किसी कांग्रेसी सरकार ने इसके ऊपर कोई ध्यान तक नहीं दिया। स्वच्छ भारत मिशन इन नौ साल में जनआंदोलन बन गया है। आज ज्यादातर सड़कें साफ-सुथरी दिखती हैं, गलियों में कूड़ा नहीं दिखता। चाहे पर्यटन स्थल हों या रेलवे स्टेशन। हर जगह सफाई दिखती है।

देश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। अब देश के कुल गांवों में से तीन-चौथाई यानी 75 प्रतिशत गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल कर लिया है। ओडीएफ प्लस गांव वह है, जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौचमुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बरकरार रखा है। आज तक 4.43 लाख से अधिक गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है। बात अगर उन राज्यों की करें, जिन्होंने 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांव हासिल किए हैं वे हैं- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादर एवं नागर हवेली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, पुड्डुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना और त्रिपुरा। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा नगर हवेली और दमन दीव, जम्मू और कश्मीर और सिक्किम में 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस मॉडल गांव हैं।

इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल करने में उल्लेखनीय प्रगति की है और उनके प्रयास इस मील के पत्थर तक पहुंचने में सहायक रहे हैं। इस वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की ओर से शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन के नौ वर्ष पूरे हो गए हैं। 75 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांवों की उपलब्धि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि देश स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में ही हम ओडीएफ से ओडीएफ प्लस में आ गए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन शहरीकरण की चुनौतियों के समाधान की राह दिखा रहा है। ठोस कचरे का वैज्ञानिक प्रसंस्करण और प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए पुराने डंपसाइटों की खस्ताहाल स्थिति को दुरुस्त करने पर भी भरपूर ध्यान दिया जा रहा है। इससे सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स 2030 के लक्ष्यों को भी प्राप्त करने में आसानी होगी। यहां उन सफाई मित्रों का जिक्र जरूरी है, जिनके कंधों पर इसके कार्यान्वयन की बड़ी जिम्मेदारी है। इन नौ सालों में सफाई मित्र सफलता की नई इबारत लिख रहे हैं। सफाई मित्रों को सुरक्षित एवं स्वस्थ रखने के साथ बेहतर तरीके से जीने की स्थिति और आजीविका के विकल्प प्रदान करने की पहल सरकार ने की है।

मेनहोल को मशीन होल में बदलने की दिशा में प्रतिबद्धता से काम किया जा रहा है। इसके लिए कई शहरों में अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। सफाई मित्र अब कीचड़ हटाने वाले उपकरणों से लेकर आधुनिक मशीनों का उपयोग कर रहे हैं। लगभग 25 प्रतिशत शहरों में पहले से ही इस तरह के पर्याप्त उपकरण उपलब्ध थे, जिनका सही ढंग से पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा था। लेकिन, अब अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक पद्धति का प्रयोग किया जा रहा है। इस क्षेत्र में डेवलपमेंट स्टार्टअप्स और उद्यमियों के लिए एक बेहतर वातावरण का निर्माण करने के लिए एएफडी (एजेंस फ्रांसेइस डे डेवलपमेंट) और डिपार्टमेंट ऑफ प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) के सहयोग से एक 'स्वच्छता स्टार्टअप चैलेंज' भी शुरू किया गया था। अपशिष्ट प्रबंधन में अतिरिक्त स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से कुल 75 स्टार्टअप को फंडिंग सहायता प्रदान करने की योजना बनाई है।

मूल रूप से एक प्रतिस्पर्धी मॉनिटरिंग टूल के रूप में डिजाइन किया गया और स्वच्छ सर्वेक्षण 2016 में पेश किया गया था, जिसका उद्देश्य शहरों को फास्ट-ट्रैक प्रतिस्पर्धी तरीके से स्थायी स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करना था। वर्तमान में यह अपने आठवें संस्करण में लगभग 4500 शहरी स्थानीय निकायों को कवर करता है।

पिछले कुछ वर्षों में मिशन ने समावेशी स्वच्छता को भी सक्षम बनाया है और 'स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं से स्वच्छता के क्षेत्र में महिला लीडर्स' के नजरिए में तेजी से परिवर्तन हुआ है। नारी शक्ति के बहुमुखी योगदान ने स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूत किया। संक्षेप में कहा जा सकता है कि स्वच्छता को लेकर एक जागरूकता पैदा हुई है। यह कोई सामान्य बात नहीं है। वर्ना हमारे यहां इस महत्वपूर्ण विषय पर तो पहले कभी ध्यान ही नहीं दिया गया।

## बोलता है कैमरा...



**बालीचौकी।** सराज वैली मॉडर्न पब्लिक स्कूल बालीचौकी ने वार्षिक उत्सव मनाया। बतौर मुख्य अतिथि उपमंडलाधिकारी (नागरिक) बालीचौकी मोहन लाल शर्मा पहुंचे। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। प्रधानाचार्य ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इस समारोह में तहसीलदार बालीचौकी नीतेश ठाकुर और महायोगी सत्येंद्र नाथ विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में हिम उद्योग कल्याण सभा के प्रदेश अध्यक्ष कुलबीर जम्वाल, पंचायत समिति सदस्य संजीव शर्मा, उपप्रधान प्रदीप शर्मा, भाजपा नेता जोगिंदर शर्मा और पूर्व प्रधान महेंद्र राणा उपस्थित रहे। सराज वैली संस्था के चेयरमैन गौरव ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्रेरक कथा



## ईमानदारी

**सीलोन** में एक जड़ी-बूटी बेचकर गुजारा करने वाला व्यक्ति रहता था। उसका नाम महता शैसा था। उसके घर की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब थी, कई-कई दिन भूखा रहना पड़ता। उनकी माता चक्की पीसने की मजदूरी करती और बहन फूल बेचती, तब कहीं गुजारा हो पाता। ऐसी गरीबी में भी उनकी नीयत में ईमानदारी थी। महता एक दिन एक बगीचे में जड़ी-बूटी खोद रहे थे कि उन्हें अशर्फियों से भरे हुए कई घड़े दिखाई दिए। उनके मन में दूसरे की चीज पर जरा भी लालच न आया और मिट्टी से ज्यों का त्यों ढक कर बगीचे के मालिक के पास पहुंचे और उसे अशर्फियां गड़े होने की सूचना दी। बगीचे के मालिक लरोटा की आर्थिक स्थिति भी बहुत खराब हो चली थी। कर्जदार उसे तंग किया करते थे। इतना धन पाकर उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। सूचना देने वाले शैसा को उसने चार सौ अशर्फियां पुरस्कार में देनी चाहीं, पर उसने उन्हें लेने से इनकार कर दिया और कहा, 'इसमें पुरस्कार लेने जैसी कोई बात नहीं, मैंने तो अपना कर्तव्य मात्र पूरा किया है।' बहुत दिन बाद लरोटा ने अपनी बहन की शादी शैसा से कर दी और दहेज में कुछ धन देना चाहा। शैसा ने वह भी न लिया और अपने हाथ-पैर की मजदूरी करके दिन गुजारे।

# पहाड़ों का दम घोंट रहा बढ़ता वायु प्रदूषण


**बढ़ता** वायु प्रदूषण मानवता के लिए खतरा बनकर उभर रहा है। आसमान में उड़ते कचरायुक्त धूल के कणों से इंसान स्वच्छ वायु नहीं ले पा रहा है। दूषित वायु प्रदूषण की वजह से लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वायु प्रदूषण से एलर्जी, चमड़ी रोग, खांसी, हृदयघात, हड्डी रोग और खुश्क त्वचा जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। वहीं, लोग लंग्स, किडनी और पनुमोनीया जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। वायु प्रदूषण इंसान के दिमाग पर असर करके शरीर को निर्जीव बनाकर रख देता है। इसे कंट्रोल करने में फिलहाल सरकारें नाकाम रही हैं। नतीजन, इसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। वाहनों की संख्या हर रोज बढ़ती जा रही है। वाहनों की सर्विस समय पर न होने से वे अक्सर कचरायुक्त धुआं छोड़ते हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है।



लेखकः सुखदेव सिंह
नूरपुर, हिमाचल प्रदेश।

जंगलों में पेड़ों पर लगातार कुल्हाड़ी चल रही है, वहीं पौधरोपण केवल दिखावे के लिए हो रहा है। पेड़ों की कमी से जमीन का जल स्तर कम होता जा रहा है। वायु प्रदूषण से आगामी पीढ़ी को बचाने के लिए बारिशों का समय पर होना जरूरी है। आसमान में फैले कचरायुक्त धूल कणों को सिर्फ बारिश ही साफ कर सकती है। अगर जागरूकता से काम किया जाए तो बढ़ते वायु प्रदूषण से कुछ हद तक निजात पाई जा सकती है।

पुलिस के जुर्माने से बचने के लिए ज्यादातर वाहन चालक नाममात्र प्रदूषण चेकअप की फर्जी पर्ची बनाकर मानवता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। लोग घरों, गली, मोहल्ले और सड़कों का कचरा उठाकर नाले और खड्डों में फेंक रहे हैं। तूफान आने पर वही कचरा आकाश में उड़कर पर्यावरण को दूषित करता जा रहा है। सर्दियों में लोग कूड़े-कचरे के ढेरों को ठंड में खुद को सेंकने के लिए आग लगाते हैं। ऐसे में कचरे से उठने वाला धुआं भी वातावरण को प्रदूषित बनाने का काम कर रहा है। डीजल जनरेटर का धुआं और एयर कंडीशनर प्लांट की गर्म हवा भी पर्यावरण को ज्यादा गर्म बना रही है। फसलों, सब्जियों और फलों पर किए जा रहे जहरीली दवाओं और कीटनाशक स्प्रे से भी वातावरण पर विपरीत असर पड़ता है। नियमों को ताक पर रखकर उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं। उद्योगों की चिमनियों से निकलने वाला काला धुआं जनता की सेहत से खिलवाड़ करता है। धान का पुराल जलाने से सबसे ज्यादा वातावरण प्रदूषित हो रहा।



जागरूकता के बिना यह सिलसिला सालों से इसी तरह चलता आ रहा है। जलते हुए धान के पुराल से आसमान में उड़ने वाले कचरायुक्त धुएं से वायु प्रदूषण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बढ़ते वायु प्रदूषण से कुछ राज्यों समेत दिल्ली महानगर भी प्रभावित हो रहा है। बावजूद इसके कोई सीख लेने को तैयार नहीं है। न्यायालय ने कृषि को जलाए जाने पर कड़ा प्रतिबंध लगाया है, लेकिन कुछ किसान धान का पुराल जलाकर प्रकृति से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। शहरों में रहने बाले लोगों को स्वच्छ वायु न मिलने से वे अपने घरों की चारदीवारी में बंद होकर रहने को मजबूर हो जाते हैं। अब यह समस्या हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में भी बढ़ रही है। वायु प्रदूषण खासकर बच्चों को अपनी चपेट में ज्यादा ले रहा। दूषित वायु प्रदूषण से अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। जंगलों में पेड़ों पर लगातार कुल्हाड़ी चल रही है, वहीं पौधरोपण केवल दिखावे के लिए हो रहा है। पेड़ों की कमी से जमीन का जल स्तर कम होता जा रहा है। वायु प्रदूषण से आगामी पीढ़ी को बचाने के लिए बारिशों का समय पर होना जरूरी है। आसमान में फैले कचरायुक्त धूल कणों को सिर्फ बारिश ही साफ कर सकती है। अगर जागरूकता से काम किया जाए तो बढ़ते वायु प्रदूषण से कुछ हद तक निजात पाई जा सकती है। बढ़ते वायु प्रदूषण से पूरा विश्व प्रभावित हैं।

सर्दियों के मौसम में राजधानी दिल्ली और पंजाब के कई जिलों में इसके प्रभाव देखने को मिलते हैं। विकराल होती जा रही वायु प्रदूषण की समस्या से अपने देश में मरने वाले लोगों का आंकड़ा ज्यादा बताया जाता है। हिमाचल सरकार को पेड़ों के कटान पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाकर प्रकृति की सुरक्षा के लिए आगे आना चाहिए। नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल पेड़ों के कटान पर प्रतिबंध लगाए जाने की हिदायत जारी करती है, मगर अमल कौन करे? सर्वोच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश में पेड़ों के कटान पर पूरी प्रतिबंध लगा चुका है।

सरकारें पेड़ों का कटान जारी रखकर प्रकृति से खिलवाड़ कर रही हैं। वन विभाग के आला अधिकारी ठेकेदारों को पांच पेड़ काटने की अनुमति प्रधान करते हैं। निचले स्तर के कुछ रिश्वतखोर अधिकारी ठेकेदारों को इसकी आड़ में पांच की बजाय दर्जनों पेड़ काटने की हरी झंडी दिखा देते हैं। ऐसे हालात में छोटे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाकर प्रकृति से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण में बढ़ोतरी के चलते स्कूल तक बंद करने के आदेश सरकार को देने पड़ते हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश में भी अधिक पेड़ों के कटने से ऐसे हालात बनते जा रहे हैं कि वायु प्रदूषण पहाड़ों का दम घोंटने लगे हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार को वनों का संरक्षण किए जाने के लिए विशेष योजना बनानी होगी।

# इतना खुदगर्ज बन गया इंसान, अच्छे-बुरे की नहीं पहचान

**मानवीय** मूल्यों का पतन होता जा रहा है। आज संस्कारों का चीरहरण हो रहा है। संस्कृति का विनाश हो रहा है। लोगों में दया, धर्म, ईमान नहीं रहा है। आज संस्कारवान और ईमानदार इंसान की कोई कदर नहीं रही है। ईमानदार लोगों को मुख्यधारा से हाशिये पर धकेला जा रहा है। गिरगिटों व बेईमानों को गले से लगाया जा रहा है।

कहते हैं दुनिया में कोई ऐसी शक्ति नहीं है, जो इंसान को गिरा सके। इंसान को इंसान ही गिराता है। इंसानियत और मानवता सबसे बड़ा धर्म है, लेकिन कौन यह बात समझे। इस जगत में अच्छे-बुरे लोगों का संतुलन है। आज इंसान खुदगर्ज बनता जा रहा है। दुनिया में लोगों की सोच बदलती जा रही है। निजी स्वार्थ के लिए लोग जघन्य अपराध कर रहे हैं।



ब्लॉगर

लेखक : नरेंद्र भारती
स्वतंत्र पत्रकार, मंडी।

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

आज जमीन जायदाद के लिए अपने बिखर रहे हैं। आज माता-पिता का बंटवारा हो रहा है। संतानें मां-बाप को वृद्ध आश्रमों में भेज रही हैं। वर्तमान परिवेश में ऐसे हालात देखने को मिल रहे हैं। ईश्वर ने संसार में करोड़ों जीव-जंतु बनाए और इंसान सबसे अहम कृति बनाई, लेकिन ईश्वर की यह कृति पथभ्रष्ट हो रही है। इंसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है। आज पैसे का बोलबाला है। आज हंस भीड़ में खोते जा रहे हैं और कौओं को मंच मिल रहा है। हजारों कंस पैदा हो रहे हैं, जिनका एक कृष्ण कुछ नहीं कर सकता। संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं। मानव आज लापरवाही से जंगलों में आग लगा रहा है और हजारों जीव-जंतु जिंदा जल रहे हैं। जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं। जंगली जानवार शहरों व आबादी वाले इलाकों में कभी नहीं आते थे, लेकिन मानव ने अपने विकास के लिए कई जंगल खत्म कर दिए। ऐसे में अब जंगली जानवर मानव आबादी में पहुंच जाते हैं। आज विकास तो हुआ, लेकिन उसका नुकसान भी बहुत हुआ।

मानव ने अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति को भरपूर दोहन किया है, जिसका नतीजा हमें वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण के रूप में भुगतना पड़ रहा है। आज कई नदियां प्रदूषित हो गई हैं और सांस लेने के लिए साफ हवा नहीं रही है। यह मानव के गलत कर्मों का ही नतीजा है, जो भविष्य की पीढ़ी को भुगतना पड़ेगा। आज मानव मशीन बन गया है और निजी स्वार्थों के आगे अंधा हो चुका है। अपने ऐशो आराम में मस्त है। मर्यादाएं भंग हो रही हैं। मानव सेवा परम धर्म है। साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद ने कहा था कि जहां 100 में से 80 लोग भूखे मरते हों वहां शराब पीना गरीबों के खून पीने के बराबर है।

भूखे को यदि रोटी दे दी जाए, तो भूखे की आत्मा की तृप्ति देखकर जो आनंद प्राप्त होगा वह सच्चा सुख है। आज प्रकृति से छेड़छाड़ हो रही है। प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता। प्रकृति एक ऐसी देवी है, जो भेदभाव नहीं करती। हर मानव को बराबर धूप व हवा दे रही है। मानव कृतघ्न बनता जा रहा है। मंदिरों में दुष्कर्म हो रहे हैं। आज मानव स्वार्थ की पट्टी के कारण अंधा होता जा रहा है।

## आपका पत्र

**देवभूमि** हिमाचल का युवा बड़ी तेजी से नशे की चपेट में आ रहा है। चिट्टे का नशा युवा पीढ़ी को खोखला कर रहा है। जन सहभागिता से हम नशे पर नकेल कस सकते हैं। दृढ़ इच्छा शक्ति ही युवा पीढ़ी को नशे से दूर रख सकती है। विद्यालयों व महाविद्यालयों में नशा निवारण कमेटियां गठित हैं। काम भी करती हैं। इसके बावजूद युवा पीढ़ी नशे के जंजाल में फंसती जा रही है। सिंथेटिक ड्रग्स का चलन तेजी से बढ़ रहा है। रेव पार्टियां भी नशा परोस रही हैं। अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। हमारी जनसंख्या का बड़ा हिस्सा युवा पीढ़ी का है। यदि युवा ही अपने पथ से विचलित हो जाए, तो देश का क्या होगा। बहुत बार अभिभावकों को धूम्रपान करता देख बच्चे उनका अनुसरण करने लगते हैं और नशे की चपेट में आ जाते हैं। पुलिस प्रशासन को भी विद्यालयों व महाविद्यालयों में नियमित गश्त लगानी होगी। नशा तस्करी पर कठोर सजा का प्रावधान होना चाहिए। नशे का कारोबार करने वालों को भी किसी प्रकार का राजनीतिक संरक्षण न मिले। हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम किसी भी कार्यक्रम में मदिरा का चलन नहीं होने देंगे। इस देवधरा हिमाचल को नशा मुक्त करने में अपना योगदान देंगे।

–सुधीर गुलेरिया, गांव व डाकघरः दैहन, पालमपुर, जिला कांगड़ा।

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



चंबा के व्यवसायी सुरेंद्र मोहन अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


परेल निवासी निखिल अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



अपूर्व देवगन उपायुक्त चंबा को अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र सौंपते एमएम डैनियल ब्यूरो प्रभारी चंबा।


अपूर्व देवगन उपायुक्त चंबा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



कियाणी पंचायत निवासी अनिल कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



पंचायत उटीप निवासी चंद्र प्रकाश अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



चंबा के अधिवक्ता विकास कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



मोहल्ला चौहान निवासी पाठक खुशी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


ओपी ठाकुर, उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी डीआरडीए चंबा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



चमन सिंह, एएसआई चुवाड़ी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



चुवाड़ी बस अड्डे पर चालक विक्रम अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



चुवाड़ी बस अड्डे पर ढाबा मालिक काका अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

# ढकोग-तरेला-भद्रा सड़क के निर्माण में गड़बड़झाला

## स्थानीय लोगों ने घटिया निर्माण सामग्री लगाने के जड़े आरोप, जल्द मांगी जांच

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के ढकोग-तरेला-भद्रा सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने बड़े गड़बड़झाले का आरोप लगाया है। स्थानीय निवासियों ने यहां पर विभाग द्वारा ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। स्थानीय निवासी रमेश कुमार ने कहा है की नाबार्ड योजना के तहत लगभग 15 करोड़ से बन रही सड़क निर्माण के दौरान यहां पर जमकर घोटाला किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि सड़क निर्माण के दौरान डंगे में यहां पर मिट्टी व खड्डों से कचरा निकाल कर डाला जा रहा है जो सरासर गलत है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस गड़बड़झाले में इससे पहले भी गई गड़बड़ियां सड़क निर्माण के दौरान की गई है। उन्होंने विभाग को चेतावनी दी है कि जल्द इस पर कार्रवाई नहीं की गई तो लोग विभाग व ठेकेदार के खिलाफ जन आंदोलन पर उतरेंगे। गौरतलब है की हाल में ही नाबार्ड परियोजना के तहत बनने वाले बन्नी के अंतिम गांव भादरा तक सड़क निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत हुई है, लेकिन इस सड़क निर्माण के दौरान घटिया क्वालिटी का मेटेरियल लगाने का आरोप लोगों ने लगाया है। उन्होंने कहा है कि यह सड़क ज्यादा दिन नहीं टिकेगी। लिहाजा रोड निर्माण के दौरान गुणवत्ता नहीं बरती तो यहां कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### पहले भी विवादों में आ चुकी है सड़क

गौरतलब है कि इससे पहले भी इस सड़क निर्माण के दौरान घटिया किस्म की तारकोल डालने का मामला स्वयं यहां के विधायक डॉक्टर जनक राज ने उठाया था। उन्होंने बाकायदा सोशल मीडिया पर जाकर लाइव इसका वीडियो डाला था। जिसके बाद विभाग में काफी हड़कंप मचा था।

### गुणवत्ता के साथ नहीं होगा समझौता

इस बारे में भाल चंद सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग ने कहा कि उन्होंने सड़क निर्माण को लेकर संबंधित ठेकेदार को सख्त हिदायत दी है। यदि फिर भी इस तरह का गड़बड़झाले का आरोप लग रहा है तो संबंधित कनिष्ट अभियंता को साइट पर भेजेंगे और स्वयं भी साइट पर जाकर इसकी छानबीन करेंगे। उन्होंने कहा है सड़कों की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# कुलाल स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुलाल के छात्र भ्रमण के दौरान सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुलाल शिक्षा खंड पांगी के विद्यार्थियों को वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया।

इस दौरान अध्यापक सुरेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों की नाग देवता के मंदिर में प्रश्नोत्तरी भी करवाई। उसके बाद विद्यार्थियों को साचली रमणीय स्थल पर ले जाया गया। जहां पर बच्चों ने अंताक्षरी खेली। इसके साथ ही विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी किया गया।

बच्चों को बताया गया कि वनों का हमारे जीवन में क्या महत्व है। वहीं सांस्कृतिक गतिविधियों में पांचवीं के छात्र हितेंद्र और हितेश ने पहाड़ी विदाई गाना गया और तीसरी के तुषार सिंह ने भी गाना गाया और अंत में विद्यार्थियों ने पंगवाली नाटी डाली।

# सुनारा के टाटरी में दो साल से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

ग्राम पंचायत सुनारा के गांव टाटरी में पिछले दो वर्षों से बिजली सप्लाई के लिए रखा ट्रांसफार्मर खराब होने से गांववासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा।

दो वर्ष पूर्व रखा यह ट्रांसफार्मर मात्र दो महीने ही चला है और पिछले दो साल से खराब पड़ा हुआ है जिसकी रिपेयर नहीं की जा रही है। विभाग ने आनन-फानन में दूसरे गांव के ट्रांसफॉर्मर से इस ट्रांसफार्मर के अधीन आने वाले गांवों को बिजली की आपूर्ति तो बहाल कर दी है, लेकिन सर्दियों के मौसम में यहां लोड बहुत कम हो गया है। लोड कम होने की वजह से हीटर भी नहीं चल पा रहे हैं। स्थानीय लोगों में देशराज, नारद राम, चैन लाल, रतन चंद सिंह, गजो राम, शक्ति प्रसाद, सुरेंद्र कुमार और नानक चंद ने कहा कि पिछले दो सालों से यहां पर विद्युत ट्रांसफॉर्मर



खराब होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने सरकार व विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस खराब पड़े ट्रांसफार्मर को ठीक किया जाए या फिर इसकी जगह नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए ताकि लोगों को बिजली के लोड से संबंधित समस्या का सामना न करना पड़े। स्थानीय निवासी रविंद्र कुमार ने बताया है कि पिछले दो साल से यहां पर लोगों को बिजली की कम वोल्टेज की समस्या से रोजाना दो-चार होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया है कि दो वर्ष पूर्व यहां पर ट्रांसफार्मर लगाया गया था, लेकिन दो महीने बाद ही ट्रांसफार्मर ने काम करना बंद कर दिया।

# दाड़वीं स्कूल में सालाना समारोह की रही धूम

**भरमौर।** राजकीय उच्च विद्यालय दाड़वीं में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि ग्राम पंचायत प्रधान दिनेश कुमार ने शिरकत की। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में अलग-अलग गतिविधियों में शामिल हुए प्रतिभागी विजेताओं को पुरस्कृत किया। मुख्याध्यापक हंसराज चौहान ने वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया। मुख्यातिथि दिनेश कुमार ने विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 51 सौ रुपए भेंट किए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य विद्यार्थियों के अभिभावक व विद्यालय प्रबंधन के मुख्य अध्यापक व स्टाफ मौजूद रहा।

# शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी

## सिल्लाघ्राट स्कूल के सालाना समारोह में बोले मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिल्लाघ्राट के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विधायक नीरज नैय्यर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विधायक नीरज नैय्यर ने विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया तथा वर्षभर में प्राप्त उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं दी। विधायक नैय्यर ने अध्यापकों से छात्रों के लिए पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाने का आह्वान किया और छात्रों की प्रतिभा की पहचान कर इन्हें ओर निखारने की दिशा में सकारात्मक शुरुआत करने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि बच्चे ही हमारा भविष्य है और इन्हें निखारने तथा सवारने में सबसे बड़ा योगदान अध्यापकों का ही होता है। विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के



समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपने माता- पिता का नाम रोशन कर गौरवान्वित करना चाहिए। नीरज नैय्यर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र चंबा में सड़क व्यवस्था को सुदृढ़ करने और चरणबद्ध तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए विशेष प्राथमिकता रखी गई है। उन्होंने कहा कि सिल्लाघ्राट से ऑयल संपर्क सड़क के मेटलिंग व टायरिंग कार्य पर 4.62 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी। उन्होंने सिल्लाघ्राट के आसपास के गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए स्वेच्छा से स्थानीय लोगों को सड़क निर्माण के लिए भूमि दान करने का आह्वान भी किया। उन्होंने इस अवसर पर छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की और विद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपनी ओर से 11 हजार देने की घोषणा की। इस अवसर पर महासचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लियाकत खान, प्रधान रीना देवी,प्रधान यासीन सहित बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

# आल इंडिया स्कूल गेम्स में चुराह के सुमित ने जीता हिंद केसरी का खिताब

## दिल्ली में 72 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीत रोशन किया नाम

**अनंत ज्ञान, तीसा**

दिल्ली में आयोजित आल इंडिया स्कूल गेम्स में चुराह के युवा सुमित पहलवान ने 72 किलोग्राम भार में गोल्ड मेडल जीत हिंद केसरी का खिताब अनपे नाम कर हिमाचल प्रदेश व चुराह का नाम रोशन किया है। सुमित पहलवान चुराह के प्रसिद्ध रमेश पहलवान का बेटा है। बचपन से ही सुमित अपने पापा के साथ कुश्ती का अभ्यास करता रहता था। पिछले चार साल से लगातार हिमाचल केसरी के खिताब पर सुमित का कब्जा है। हाल में सुमित प्रदेश सरकार के खेल छात्रावास ऊना में कोच प्रिंस पठानिया से कुश्ती के दाव पेच सीख रहा है। सुमित के गांव में जश्न का माहौल है। बघेईगढ़ पंचायत प्रधान शकुंतला देवी ने सुमित उनके परिवार व समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुमित


आल इंडिया स्कूल गेम्स में गोल्ड मेडल प्राप्त करने के बाद पहलवान सुमित।

पहलवान की उपलब्धि पूरे चुराह के लिए गर्व की बात है। जिला कुश्ती संघ चंबा के उपाध्यक्ष विपिन राजपूत ने कहा कि ये पूरे जिला के लिए गर्व की बात है। विपिन राजपूत ने सुमित पहलवान उनके परिवार सहित उनके कोच प्रिंस पठानिया व प्रदेश कुश्ती संघ को सुमित की जीत पर बधाई दी। रमेश पहलवान का कहना है कि बेटे की उपलब्धि से वह खुश और भावुक हैं। एक पिता होने के नाते उन्हें अपने बेटे पर गर्व है। अभी यह पहली सीढ़ी है बेटे को बुलंदी पर पहुंचाना उनका सपना है। उन्होंने सुमित के कोच प्रिंस पठानिया व प्रदेश कुश्ती संघ के महासचिव जगदीश का धन्यवाद किया है।

# कम सिग्नल से ग्रामीण परेशान

**डलहौजी।** जिला चंबा में दो कंपनियां अपनी 5जी सेवा के लिए एक दूसरे को पीछे छोड़ने में लगी हुई है लेकिन विकास खंड भटियात के तहत ग्राम पंचायत ढलोग के कई गांव इन दिनों कम मोबाइल सिग्नल से परेशान हैं। बताते चलें कि ढलोग पंचायत के गांव बासा,धारद, ढलोग, बन्नी, बधाटू एवं थम्म के ग्रामीण सिग्नल की समस्या से परेशान हैं। खराब मौसम में तो सिग्नल पूरे का पूरा ही चला जाता है जिससे ग्रामीणों को अच्छी खासी परेशानी का सामना उठाना पड़ता है। ग्राम पंचायत ढलोग के वार्ड पंच मानसिंह ने बताया कि उन्होंने इस विषय को लेकर कई बार जिओ ऑफिस संपर्क किया परंतु आज तक यह समस्या ज्यों की त्यों बरकरार है। मान सिंह ने मोबाइल कंपनियों को चेताया है कि अगर भविष्य में इन इलाका वासियों की शिकायत का निवारण नहीं किया गया तो कंज्यूमर कोर्ट का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# लोह टिकरी स्कूल में समारोह होनहारों को बांटे गए इनाम


वार्षिकोत्सव के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**अनंत ज्ञान, तीसा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोह टिकरी में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान बबली बेगम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

विशेष अतिथि एसएमसी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य शक्ति सूद ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। उन्होंने स्कूल में होने वाली सभी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी बच्चों के परिजनों से अपील की है कि बच्चों के प्रति माता-पिता हमेशा सतर्क रहें ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। इस मौके पर स्कूल में अव्वल रहे बच्चों को मुख्यातिथि व स्कूल प्रधानाचार्य ने पुरस्कार बांटे। समारोह के दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

# चंबा में संस्कृत शिक्षकों की पाठशाला

## पांच दिवसीय कार्यशाला में दिया जा रहा विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्वरूप चंबा में संस्कृत शिक्षकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर डॉ. मनोज ने बताया कि एसएमजी शिक्षा हिमाचल द्वारा संस्कृत विषय को लेकर आधुनिक स्थिति के अनुरूप शिक्षकों को तैयार करने के लिए सराहनीय पहल है।

इसमें शिक्षक को शिक्षा नीति राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण क्षेत्र अनुसार समस्याएं तथा उनके संभावित समाधान के साथ-साथ आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करते हुए अपने विषय को छात्र तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस कार्यशाला में राज्य स्रोत व्यक्ति के रूप में डॉ. शिव कुमार ने शिक्षा नीति 2020 एनएएस प्रयोग संस्कृत मूल्यांकन विषय, ललित शर्मा ने उच्च माध्यमिक स्तर पर


चंबा में आयोजित पांच दिवसीस कार्यशाला के दौरान मौजूद संस्कृत शिक्षक।

प्रस्तावित शिक्षण, शास्त्री प्रक्रिया, पठन कौशल, साहित्यिक सामग्री का उच्च माध्यमिक स्तर पर उपयोग, डॉ. अमनदीप ने सरल मानक, संस्कृति एवं संस्कृत संभाषण, पद्य पाठन विधि, डॉ. अमित ने लेखन कौशल, प्रौद्योगिकी का शिक्षण में प्रयोग, डॉ. मनोज शर्मा ने संस्कृत शिक्षण में मूल्यांकन, कमल कांत ने भाषण कौशल, गद्य पाठन तथा व्याकरण शिक्षण तथा देवश्री अगस्त्य ने त्रिभाषा सूत्र में संस्कृत, नाटक शिक्षण, व्याकरण शिक्षण प्रायोगिक ज्ञान, इन विषयों के सत्र लिए।

राज्य परियोजना अधिकारी राजेश शर्मा एवं राज्य समन्वयक सोनिया शर्मा, जिला परियोजना अधिकारी सुमन कुमार मिन्हास सहित कार्यशाला व्यवस्थापक एवं जिला शिक्षक प्रशिक्षण प्रमुख ओमकार का आभार जताया।

**खेलकूद** | राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी में वार्षिक खेल महोत्सव के दौरान मनवाया लोहा

# सोनाक्षी और दिनेश ने लगाई सबसे तेज दौड़

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी में प्रधानाचार्य डॉ. पीएल भाटिया के नेतृत्व में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। उन्होंने इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए खेल के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को खेल महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि खेल न केवल हमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करते हैं बल्कि यह हमारे भीतर संगठन और एकता की भावना भी विकसित करते हैं। खेल विद्यार्थियों को नशें जैसी बुराइयों से भी दूर रखने में सहायता करते हैं। वार्षिक खेल महोत्सव में


राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी में वार्षिक खेल महोत्सव के दौरान प्रतिभागी छात्र।

लॉन्ग जंप, हाई जंप, सौ मीटर दौड़, डिस्क थ्रो, भाला फेंक और शॉटपुट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में प्रो.पीतांबर दत्त शर्मा, प्रो. पल्लवी बेरी, डॉ. विशाल शर्मा और रमेश ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। लॉन्ग जंप पुरुष में अमन जरयाल प्रथम, अंकुश कुमार द्वितीय तथा इतिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप महिला में मधु, सोनाक्षी और अंजना, क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही। सौ मीटर दौड़ महिला वर्ग में प्रथम सोनाक्षी, द्वितीय मधु और ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिनेश, सूरज तथा अंकुश को क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान मिला। डिस्क थ्रो पुरुष वर्ग में दिनेश, तुषार और अनमोल ने प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्क थ्रो महिला वर्ग में अनुष्का, श्वेता और मधु को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। हाई जंप पुरुष वर्गमें अमन जरयाल, अभिषेक तथा अजय कुमार को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। हाई जंप महिला वर्ग में मधु, सोनाक्षी धीमान तथा अंजना देवी को क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### मुख्यातिथि ने विजेता प्रतिभागियों को बांटे इनाम

प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार वार्षिक पारितोषिक वितरण के अवसर पर प्रदान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# न्यू ईयर पर ये होंगे वाहनों के रूट पुलिस ने ट्रैफिक प्लान किया जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नए साल के जश्न के लिए धर्मशाला और मैक्लोडगंज में बड़ी संख्या में पर्यटकों की आवाजाही की संभावना को देखते हुए ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। इस बारे में पुलिस के प्लान पर प्रशासन ने मुहर लगाते हुए डीसी कांगड़ा डॉक्टर निपुण जिंदल ने ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। इसके अनुसार ट्रैफिक प्लान एक जनवरी 2024 की सुबह छह बजे तक तत्काल प्रभाव से निम्नानुसार लागू होगी। इसके अनुसार धर्मशाला की ओर से आने वाले पर्यटक नड्डी बाइफर्केशन(फरसेटगंज), टेंगल वुड, ठंडी सड़क, मैकलो चौक से होकर आगे मेकलो मेन चौराहे से भागसू नाग की ओर जा सकते हैं। मेक्लो चौक से नड्डी जाने वाले पर्यटक वाहन मेक्लो से होकर जा सकते हैं। नड्डी जाने वाले मैक्लो चौक से नड्डी (फरसेटगंज), ठंडी सड़क तथा मैक्लो चौक से भागसू को वाहनों से रवाना हो सकते हैं। वहीं, नड्डी से लौटने वाले वाहन डल लेक, टेंगल वुड तथा मैक्लोड़गंज पुलिस स्टेशन होते हुए धर्मशाला जा सकते हैं। धर्मकोट पहुंचने के इच्छुक पर्यटकों को अपने वाहन नड्डी बाइफर्केशन (फरसेटगंज), टेंगल वुड-ठंडी सड़क, मेक्लो चौक, टीपा रोड से धर्मकोट ले जाने होंगे। मैक्लोडगंज से धर्मशाला जाने वाले पर्यटक मैक्लोडगंज मेन स्क्वायर, चर्च रोड, नड्डी (फरसेटगंज) से या खड़ा डंडा रोड के रास्ते भी जा सकते हैं। धर्मकोट से धर्मशाला जाने वाले वाहन धर्मकोट चौक, पर्वतारोहण संस्थान धर्मकोट, ठंडी सड़क, ग्लेन चौक, चर्च रोड़, फरसेटगंज चौक से धर्मशाला जा सकते हैं। धर्मकोट से भागसू के लिए वाहन धर्मकोट चौक, पर्वतारोहण संस्थान धर्मकोट, ठंडी सड़क, मेक्लो मेन चौराहा, ठंडी सड़क को जाने वाली नवनिर्मित सीमेंटड सड़क, ग्लेन चौक, चर्च रोड़, मेक्लो चौक होते हुए जा सकते हैं।

### 30 दिसंबर के लिए 35 फीसदी ऑक्यूपेंसी होने की उम्मीद, कारोबारियों में दिखने लगा उत्साह

# मैक्लोडगंज में न्यू ईयर को लेकर 55 फीसदी बुक हो सकते हैं होटल

**दिनेश कायस्था, मैक्लोडगंज**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में नव वर्ष संध्या में होटलों में कारोबार बढ़ने की उम्मीद है।

होटल एसोसिएशन की मानें तो 31 दिसंबर की नववर्ष की संध्या को 50 से 55 प्रतिशत तक ऑक्यूपेंसी होने की उम्मीद है। वहीं, 30 दिसंबर को 30 से 35 फीसदी कमरों की उम्मीद हुई है। इसमें ज्यादा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। जबकि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर ऑक्यूपेंसी में 10 से 20 फीसदी उछाल की उम्मीद होटल कारोबारी लगा रहे हैं। यहां बताते चलें कि क्रिसमस के दौरान मैक्लोडगंज में सैलानियों की आमद में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है तो वहीं इससे नर्व वर्ष के दौरान भी अच्छे कारोबार की उम्मीद बंधी है।

इससे पहले कोरोना तो फिर बरसात में मंदी के शिकार हुए पर्यटन कारोबार को नव वर्ष में अच्छे कारोबार से फायदा मिलेगा। इसके अलावा कुछ निजी तथा पर्यटन विकास निगम के होटलों में नववर्ष को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। उधर, इस बारे में जानकारी देते हुए होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश बाम्बा ने बताया कि अब तक 31 दिसंबर को 50 से 55 फिसदी बुकिंग हो चुकी है तथा नववर्ष की पूर्व संध्या को ये 60 से 65 प्रतिशत पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने माना कि पिछले सालों की तुलना में इस बार सैलानियों का क्रिसमस तथा नववर्ष पर धर्मशाला पहुंचने की दर बढ़ी है तथा पर्यटन कारोबार के लिए ये अच्छा संकेत है। बहरहाल, पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में नव वर्ष संध्यां में होटलों में कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)


मैक्लोडगंज बाजार में घूमने का मजा लेते पर्यटक।

## पर्यटन कारोबार के लिए अच्छे संकेत

**उधर,** इस बारे में जानकारी देते हुए होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश बाम्बा ने बताया कि अब तक 31 दिसंबर को 50 से 55 फिसदी बुकिंग हो चुकी है तथा नववर्ष की पूर्व संध्या को यह 60 से 65 प्रतिशत पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने माना कि पिछले सालों की तुलना में इस बार सैलानियों का क्रिसमस तथा नववर्ष पर धर्मशाला पहुंचने की दर बढ़ी है तथा पर्यटन कारोबार के लिए यह अच्छा संकेत है।

## सड़क हादसे में दो घायल

**नगरोटा बगवां।** वीरवार शाम को नगरोटा बगवां में हॉस्पिटल से सूचना मिली कि दो लोगों को जख्मी हालत में लाया गया है। एएसआई सुरेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंच कर घायलों के बयान दर्ज किए। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर भारत भूषण ने बताया कि जब वह गाड़ी पार्क कर रहे थे तो पीछे से स्कूटी ने गाड़ी को टक्कर मार दी। स्कूटी के तेज रफ्तार होने चलते यह दुर्घटना घटी। स्कूटी को बलजीत चला रहा था और उसका दोस्त राकेश कुमार भी उसके साथ बैठा हुआ था। दोनों को जख्मी हालत में नगरोटा के हॉस्पिटल में पहुंचाया गया। इसमें चालक बलजीत का जबड़ा फ्रेक्चर हो गया है और राकेश कुमार को सिर में टांके लगे हैं। वहीं बलजीत को टांडा रेफर कर दिया गया है। वहीं, एसएचओ रमेश ठाकुर ने खबर की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### रविंद्र सिंह को युकां के जिला सचिव की सौंपी कमान

**देहरा।** रविंद्र सिंह के युवा कांग्रेस के जिला सचिव बनने पर जिला देहरा में खुशी की लहर है। यह नियुक्ति हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष रजनीश मैहता ने शीर्ष नेतृत्व से चर्चा के उपरांत की है। इस नियुक्ति के लिए रविंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू व शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया है।

### श्रीराम के जयकारों से गूंजा बैजनाथ-पपरोला

**बैजनाथ।** श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र से पूजित अक्षत कलश की आज पूरे बैजनाथ पपरोला में सभी सनातनी और राम भक्तों ने शुक्रवार को पपरोला सत्यनारायण मंदिर से होकर बैजनाथ पेट्रोल पंप और साथ ही शिव मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना करते हुए वापसी पंडोल रोड़ घरथोली से होते हुए पपरोला में राम मंदिर में कलश की शोभा यात्रा समाप्त हुई। वहीं आज पूरा बैजनाथ पपरोला का क्षेत्र भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

### बाबा कांशी राम कॉलेज में चली योग क्रियाएं

**डाडासीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा द्वारा 23 दिसंबर से शुरू किए गए एनएसएस कैंप के अंतिम दिन 29 दिसंबर की शुरुआत सुबह छह बजे प्रभात फेरी से शुरू हुई इसके पश्चात योग और व्यायाम किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉक्टर संजीत सिंह ठाकुर, डॉक्टर शशि पूनम, डॉक्टर मुकेश और डॉक्टर दिनेश उपस्थित रहे। उसके बाद कॉलेज के नोडल प्रभारी खेम चंद ने सात दिनों की रिपोर्ट पेश की।

### आर्य कॉलेज में भांगड़े पर मचाया धमाल

**नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में शुक्रवार को महाविद्यालय केंद्रीय छात्र परिषद ( सीएससीए ) द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम 'उमंग 2023-24' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाली महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉक्टर चंचल शर्मा ने मुख्यातिथि की भूमिका निभाई। इसके बाद महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं ने एकल नृत्य, एकल गायन, समूह नृत्य, पहाड़ी नृत्य, पंजाबी भांगड़ा, पहाड़ी नाटी आदि प्रस्तुत किए। इसमें सेजल ने शास्त्रीय संगीत, मीनाक्षी ने पंजाबी एकल नृत्य, मंजना एवं ग्रुप ने पहाड़ी नृत्य, हर्ष ने ब्रेक डांस व पीयूष ने गिटार पर गीत प्रस्तुत किए। इसके बाद एनसीसी के छात्रों ने देशभक्ति का गीत प्रस्तुत किया और मोनिका एवं सोनिया ने पहाड़ी नृत्य, मीनाक्षी व ग्रुप ने भांगड़ा, इंद्रजीत व ग्रुप ने पहाड़ी नाटी प्रस्तुत की।

### दीपाक्षी-रोनित राज्य स्तरीय कैंप को चयनित


राज्य स्तरीय शिविर में चयनित होने पर छात्रों को सम्मानित करने का दौर।

**शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर की एनएसएस के दो स्वयंसेवियों दीपाक्षी शर्मा व रोनित शर्मा ने उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार (कुल्लू )में राज्य स्तरीय शिविर में भाग लिया। विभिन्न सांस्कृतिक तथा साहसिक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उन्होंने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्राप्त किए। प्राचार्य डॉक्टर मीनाक्षी दत्ता ने इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों का आयोजन स्वयंसेवियों के ज्ञान -वर्धन व उनके कौशल विकास में अहम कड़ी साबित होता है। एनएसएस इकाई महाविद्यालय में डॉक्टर केशव कौशल के नेतृत्व में सु व्यवस्थित तथा बेहतरीन कार्य कर रही है।उन्होंने स्वयंसेवियों को आने वाले वर्षो में इसी तरह से कार्य करने के लिए शुभाशीष दिया।

### भारती विद्यापीठ स्कूल में गूंजे देश भक्ति के तराने

**बैजनाथ।** भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ का 18 वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया । आर्मी कैंप अलहिलाल के कर्नल रामचंद्र क्षत्रि मुख्यातिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए । स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर नवनीत डोगरा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। स्कूल के इस सालाना जलसे में बच्चों ने एक से एक बढ़िया सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इसके साथ-साथ बच्चों ने देशभक्ति के भी गीत गाकर सभी के दिलों में देशभक्ति का जोश भर दिया। स्कूल के जमा दो के बच्चों ने जब महाभारत पर आधारित एक लघु नाटिका पेश की तो पंडाल में बैठे हुए सभी लोगों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर शिक्षा खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों पर स्कूल का नाम रोशन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया ।

### विधायक ने मेधावियों को किया पुरस्कृत

**इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने शु वार को इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दीणी लाड़थ के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। मलेंद्र राजन ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश की शैक्षणिक व्यवस्था में आधुनिक दौर के अनुरूप कई बड़े परिवर्तन कर रहे हैं। वहीं, उन्होंने स्कूल में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य ने विधायक और अन्य अतिथियों का स्वागत किया।

### एकल गान में विवेक ने मारी बाजी

**देहरा।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा स्वर्ण जयंती समारोह के दुसरे दिन केंद्रीय छात्र परिषद द्वारा एक भव्य कार्यक्रम नवरंग आयोजित किया गया। इसमें कॉलेज प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इस अंतर विभागीय कार्यक्रम में नौ अलग अलग प्रतिस्पर्धाओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई और सभी विभागों के छात्रों ने अपनी अपनी प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया और अपने विभाग के लिए मेडल हासिल किए। फेंसी ड्रेस में मुस्कान ने प्रथम एवं जेसमीन ने द्वितीय स्थान हासिल किया, एकल गान में विवेक कुमार ने प्रथम एवं काजल ने द्वितीय स्थान हासिल किया, एकल गान गीत गजल में निखिल ने प्रथम स्थान एवं दीक्षा ने दूसरा स्थान हासिल किया, काव्य पाठ में आवृति ने प्रथम एवं दीपक शर्मा ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

# एयरपोर्ट विस्तारीकरण पुनर्वास को मास्टर प्लान हो रहा तैयार

### कांगड़ा और शाहपुर के एसडीएम को जमीन का संयुक्त निरीक्षण करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त डा निपुण जिंदल ने कहा कि कांगड़ा जिला के गगल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से प्रभावित होने वाले परिवारों के पुनर्वास के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। इस के लिए एसडीएम कांगड़ा तथा एसडीएम शाहपुर जमीन की ज्वाइंट इंस्पेक्शन करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रभावित परिवारों का व्यवस्थित तरीके से पुनर्वास हो सके। इस बाबत शुक्रवार को उपायुक्त डॉक्टर निपुण जिंदल की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभागार में एक आवश्यक बैठक भी आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त डॉक्टर निपुण जिंदल ने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों के 22 के करीब भवन तथा अन्य आधारभूत ढांचे जिसमें सड़कें, पेयजल पाइप लाइन, विद्युत ट्रासफार्मर भी विस्तारीकरण क्षेत्र में आ रहे हैं तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इन आधारभूत ढांचों को आवश्यकतानुसार नई जगह पर तैयार करने के लिए वैकल्पिक प्लान भी तैयार करें, ताकि प्रभावित लोगों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों के पुनर्वासित करने की जगह पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना भी सुनिश्चित किया जाएगा। विस्तारीकरण की जद में आने वाले स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, पशु औषधालयों तथा पंचायत घरों की रिपोर्ट भी तैयार की गई है तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को इस बाबत जानकारी दे दी गई है ताकि आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रभावितों के पुनर्वास के लिए भूमि का निरीक्षण करने के पश्चात सभी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हिमुडा को डिटेल मैप तैयार करने तथा के निर्देश दिए गए हैं।


अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त डॉक्टर निपुण जिंदल।

## फसलों का मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण में

**उपायुक्त** डॉक्टर निपुण जिंदल ने कहा कि भूमि अधिग्रहण को लेकर भवनों, फलदार पौधों, पेड़ों तथा फसलों का मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण में है। इसमें आउटसोर्स एजेंसी के साथ साथ राजस्व, उद्यान, वन तथा कृषि विभाग के कर्मचारी भी शामिल रहे हैं मूल्यांकन कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों के सामाजिक हित किसी भी स्तर पर प्रभावित नहीं हों इस के लिए सामाजिक सर्वेक्षण भी करवाया गया है।

गगल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण में आठ पंचायतों के 14 राजस्व गांवों की भूमि अधिग्रहित करना प्रस्तावित है इसमें राजस्व गांव रच्छियालु, जुगेहड़, भड़ोल, कयोड़िया, बाग, बल्ला, बरसवालकड़, भेड़ी, ढुगियारी खास, गगल खास, झिकली इच्छी, मुगरहाद, सहौड़ा, सनौरा शामिल हैं।

# विधायक संजय रतन ने नवाजे टिहरी स्कूल के होनहार

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

प्रदेश सरकार समग्र शिक्षा की ओर उन्मुख है। शिक्षा की बुनियाद जितनी मजबूत होगी, भविष्य उतना ही सुनहरा होगा।

यह बात विधायक संजय रतन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिहरी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके अपने संबोधन में कही । उन्होंने कहा कि बुनियादी स्तर पर गुणात्मक व आधुनिक शिक्षा सुविधा घरद्वार पर उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधायक संजय रतन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिहरी को 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। विधायक ने शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया।



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान छात्रों को सम्मानित करते एमएलए।

# लक्ष्य प्राप्त करने को करें कठिन परिश्रम

### बैजनाथ स्कूल के सालाना समारोह के दौरान सीपीएस ने छात्रों को किया जागरूक

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कठिन परिश्रम से ही जीवन में उच्च लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सीपीएस राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बैजनाथ के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बैजनाथ क्षेत्र का बहुत पुराना स्कूल है और उन्होंने भी इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण की है।

उन्होंने कहा कि समय प्रबंधन और कठिन परिश्रम से जीवन में असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि सदैव समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि देश की स्थापित गुरु-शिष्य परंपरा को सदैव बनाए रखें और अपने गुरुजनों तथा अभिभावकों का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और अध्यापकों को भी यह सुनिश्चित बनाना होगा कि युवा पीढ़ी का सही मार्गदर्शन हो, ताकि आज के युवा कल के बेहतर नागरिक बन सकें। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि संघर्ष, परिश्रम एवं लगन को अपना साथी सहयोगी बनाए। उन्होंने कहा कि युवावस्था में संघर्ष एवं परिश्रम के माध्यम से ही जीवन के उच्च लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य और स्कूल स्टाफ ने मुख्यातिथि का स्वागत शाल टोपी एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। इसके उपरांत स्कूल के प्रधानाचार्य हर्षवर्धन सिंह राणा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को 11000 रुपए देने की घोषणा की तथा विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र राव, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा, सचिव ब्लॉक कांग्रेस रमेश चड्ढा, लक्की वर्मा, साहिल शेठी, संजीव व्यास, शुभम पांजला, सुमित सत्ती, रमेश भाऊ, बीडीओ बैजनाथ राकेश पटियाल, एसडीओ जल शक्ति विभाग शर्ती शर्मा, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सम्मानित करते सीपीएस किशोरी लाल।

# नूरपुर पंचायत हटली जम्बालां में पीएचसी हॉस्पिटल की बिल्डिंग मंजूर

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर विधानसभा की ग्राम पंचायत हटली जम्बालां मे पीएचसी हॉस्पिटल की बिल्डिंग मंजूर होने पर समस्त पंचायत वासियों ने खुशी की लहर छा गई और गांववासियों ने माननीय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सूक्खू और नूरपुर के पूर्व विधायक अजय महाजन का आभार जताया।

पंचायत के उपप्रधान सतबीर सिंह ठाकुर ( शिंदू) ने बताया की इस अस्पताल के लिए स्वर्गीय रोशनी लाल ने दो कनाल उपजाऊ भूमि स्वास्थ्य विभाग के नाम पर दी थी उनका सपना था कि समस्त पंचायत को सही ढंग से उपचार मिल सके, लेकिन सरकारे आती जाती रही। भारत जोड़ो यात्रा के समय में माननीय मुख्यमंत्री नूरपुर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में तीन दिन के लिए रुके, तब पंचायत के उपप्रधान सतवीर सिंह के साथ पंचायत के सीनियर व्यक्तियों ने अजय महाजन और माननीय मुख्यमंत्री महोदय के आगे बिल्डिंग के निर्माण की डिमांड रखी। इसका कुछ दिन पहले 69 लख रुपए का टेंडर लगा और पांच बेड कि पीएचसी की बिल्डिंग का एक हफ्ते के अंदर-अंदर काम शुरू हो जाए। जिसका समस्त पंचायत वासियों ने कांग्रेस पार्टी और नूरपुर के पूर्व विधायक अजय महाजन और यशस्वी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया। इस खुशी के मौके पर समस्त पंचायत वासी शामिल रहे। गांव वासी हरबंस लाल ने कहा हमें बहुत खुशी है कि प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमारे छोटे से गांव में पीएचसी के नए भवन के बजट मंजूर कर दिया है। अब बहुत जल्द यहां एक नया भवन बन जाएगा और लोगों को अच्छी सेवाएं मिल सकेंगी। पहले यहां केवल एक कमरा ही था। अब नए भवन में पांच विस्तर शुरू हो पाएगा जिसका लाभ सभी को मिलेगा। पूर्व बीडीसी सदस्य सुमन कुमारी महिला ने कहा कि हम सब गांववासी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और पूर्व विधायक अजय महाजन का धन्यवाद करते हैं।

## डीएवी कॉलेज कांगड़ा में एनएसएस कैंप का शुभारंभ

**कांगड़ा।** एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। इस सात दिवसीय एनएसएस कैंप में यूनिट एक और यूनिट दो से लगभग 75 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। यह कैंप महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बलजीत सिंह पटियाल के मार्गदर्शन में और एनएसएस यूनिट एक और यूनिट दो के प्रभारी डॉक्टर आशीष मेहता और डॉक्टर यांचन डोलमा के निर्देशन में लगाया जा रहा है। प्राचार्य डॉक्टर बलजीत सिंह पटियाल ने सभी स्वयंसेवियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि एनएसएस का आदर्श वाक्य नॉट मी बट यू, लोकतांत्रिक जीवन के सार को दर्शाता है और नि:स्वार्थ सेवा की आवश्यकता को पुष्ट करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की समाज एवं राष्ट्र के निर्माण एवं विकास में महती भूमिका है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र से जोड़ना है। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट प्रभारी डॉक्टर आशीष मेहता ने बताया कि कैंप चार जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है।

**दिक्कत** एक साल से स्माल फायर टेंडर खराब, भवनों की एनओसी के 47 मामले अभी भी पेंडिंग, कैसे चलेगा काम

# फायर ब्रिगेड कैसे करे रखवाली, जब चालकों के पद खाली

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

स्मार्ट सिटी धर्मशाला को सुरक्षा घेरा देने वाले फायर स्टेशन में चालकों की भारी कमी है। स्माल फायर टेंडर समेत कई अहम पद खाली पड़े हैं। एक ओर जहां पर्यटन नगरी धर्मशाला को स्मार्ट सिटी बनाने का कार्य चल रहा है तो वहीं क्षेत्र में 800 होटलों समेत हजारों भवनों को आग जैसी आपदा से बचाने के लिए कारगर फायर ब्रिगेड स्टाफ की कमी से जूझ रहा है।

जुगाड़ पर व्यवस्था चलाई जा रही है। अहम पदों में 15 में से सात फायरमैन तो नौ में से पांच चालकों के पद रिक्त पड़े हैं। उधर, तंग गलियों तथा सड़कों में आग लगने की घटनाओं से निपटने के लिए खराब होने के बाद फायर ब्रिगेड की जीप करीब एक साल से सफेद हाथी बनी हुई है। धर्मशाला में कुल 24 तो मैक्लोडगंज जैसे पर्यटन स्थल पर मात्र एक ही हाइड्रेंट है। फायर स्टेशन धर्मशाला में स्टाफ की कमी से 47 भवनों को एनओसी देने का काम भी पेंडिंग है तो वहीं इस साल अब तक 104 भवनों को फायर एनओसी दी गई है।

धर्मशाला में हजारों भवनों के चलते यहां आग लगने की स्थिति में संसाधनों तथा स्टाफ की कमी कभी भी घातक साबित हो सकती है। एक ओर जहां जी-20 तथा आईसीसी वर्ल्ड कप के आयोजन से धर्मशाला का नाम अंतरराष्ट्रीय पटल पर खूब छाया है तो वहीं शहर की सुरक्षा में अहम फायर ब्रिगेड जैसे विभाग में कर्मचारियों की कमी जमीनी सच्चाई को बयां करती है। (अनंत ज्ञान)


स्मार्ट सिटी धर्मशाला में खराब पड़ी अग्निशमन विभाग की गाड़ियां।

## मैक्लोडगंज में फायर सब-स्टेशन की दरकार

**मैक्लोडगंज** भी आग जैसी घटनाओं में सुरक्षित नहीं माना जा सकता। करीब 10 किलोमीटर की दूरी के दौरान यहां की सड़कों में यातायात की अधिकता के कारण फायर ब्रिगेड को लंबा समय पहुंचने में लग सकता है, तो वहीं यहां ऐसे कई स्थान हैं जहां फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ी नहीं पहुंच सकती। ऐसे में यहां स्माल फायर टेंडर के बिना आग बुझाना मुश्किल हो सकता है।

## इस साल आग लगने की 77 घटनाएं

**इस** साल फायर विभाग की रिपोर्ट फाइल में कुल आग लगने की 77 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन मामलों में फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने स्टाफ की कमी के बावजूद करोड़ों रुपए की संपत्ति तथा भवनों को जलने से बचाया।

## विभाग को करवाया है अवगत

**इस** बारे में जब फायर सब ऑफिसर धर्मशाला देवेंद्र सिंह भाटिया से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि खराब पड़े स्माल फायर टेंडर के बारे में विभाग को सूचित किया गया है। चालकों के रिक्त पदों बारे भी जानकारी दी है। मैक्लोडगंज में भी सब फायर स्टेशन खोलने को लेकर विभागीय पत्राचार किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### डाडासीबा में 16 होनहारों को मिले टैबलेट

**डाडासीबा।** बाबा कांशीराम उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाडासीबा के 16 होनहार छात्रों को मार्च 21-22 की बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल सुदर्शन कुमार ने बताया कि दसवीं कक्षा के दो छात्र पायल ठाकुर, आदित्य तथा 12वीं कक्षा के 14 विद्यार्थियों सोनिया, मुस्कान, एकता दामिनी, नेहा समायल, सिम्मी, दीक्षा, आरुषि ठाकुर, अर्पित शर्मा, प्रियांशु, निखिल, आर्यन मिन्हास को रक्कड़ स्कूल में प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार व पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया के द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को टैब देकर सम्मानित किया गया।

### नगरोटा स्कूल के छात्रों ने सीखी योग क्रियाएं

**नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में मेडिटेशन क्लब के सौजन्य से एकदिवसीय योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया। इसका शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर सुरिंद्र कुमार सोनी एवं मेडिटेशन क्लब के प्रभारी प्रो. सुनीता द्वारा किया गया। इस शिविर में 60 बच्चों ने भाग लिया। इसमें मुख्य रूप से भ्रमरी, सूर्य नमस्कार, सर्प आसन, उच्चारण, भस्त्रिका, नेति क्रिया, सुदर्शन क्रिया इत्यादि का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर सुरिंद्र सोनी, प्रो. सुनीता राणा, प्रो. मिनोद गुलेरिया, डॉ. राजीव कुमार इत्यादि शामिल रहे।

### एसडीएम ने छात्रों को बताया शिक्षा का महत्व



कार्यक्रम के दौरान एसडीएम संजीव ठाकुर को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ।

**जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सात दिवसीय शिवर का समापन समारोह बड़े धूम-धाम के साथ मनाया गया। इस कार्य में जयसिंहपुर उपमंडल के एसडीएम संजीव ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्य का मंच संचालन प्रो. किरण के द्वारा किया गया तथा कार्य का शुभारंभ मुख्यातिथि संजीव ठाकुर के द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात छात्रों के द्वारा उनके सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्य के मुख्य अतिथि संजीव ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए जीवन और शिक्षा के हर पहलु और कारक को विस्तारपूर्वक छात्रों के साथ साझा किया।

### हिम ज्वाला कॉन्वेंट स्कूल में सालाना समारोह



वार्षिक सम्मान समारोह के दौरान प्रस्तुतियां देते बच्चे।

**जवाली।** हिम ज्वाला कान्वेंट स्कूल जवाली में वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि केसी शर्मा ने मां सरस्वती के आगे ज्योति प्रज्वलित कर कार्य का शुभारंभ किया। स्कूल प्रिंसिपल अमन शर्मा ने आए हुए मुख्यातिथि को सम्मानित किया। इस मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्य प्रस्तुत किए। इस मौके पर थर्ड क्लास के बच्चे माधवी पंडित सहित अन्य बच्चों ने मेरा कन्हैया पर कार्य प्रस्तुत करके आए हुए लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर अध्यापकों सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

### एड्स व हेपेटाइटिस पर लोगों को दिए टिप्स

**नगरोटा बगवां।** एडॉन संस्था ने शिरा संस्था की मदद व सौजन्य से नगरोटा बगवां में एक एडस व हेपेटायटस जागरूकता व जांच कैंप लगवाया। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ी तत्परता से रेपिड टेस्ट करके व काउंसलिंग द्वारा जरूरतमंदों को लाभान्वित किया। इसमें शिरा संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर चेत राम, मोनिका सिंह, राजकुमार व एडॉन संस्था के अध्यक्ष मनोज मैहता, पल्लवी शर्मा तथा अभिषेक व्यास ने अपने विचार रखे। मनोज मैहता ने स्वास्थ्य विभाग से जमीनी स्तर पर ऐसे कैंप लगातार लगाने की अपील करते हुए नौजवानों को नशे से दूर रहने की प्रार्थना की।

### दिव्यांग बच्चों ने निहारा क्रिकेट स्टेडियम



**नगरोटा बगवां।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत शुक्रवार को नगरोटा ब्लॉक के दिव्यांग बच्चों को एकदिवसीय एक्सपोजर विजिट करवाया गया। इसमें बच्चों के साथ उनके अभिभावक और शिक्षक उनके साथ गए। इसमें खंड परियोजना अधिकारी सुमन धीमान, नगरोटा ब्वॉयज स्कूल के प्रिंसिपल दीपक मनु, विशेष शिक्षिक कविता वर्मा, उषा देवी, सोनिका भारद्वाज और सहायिका पिंकी और अनिता शामिल थीं। सबसे पहले बच्चों को भीम का टीला में लेकर गए। वहां पर बच्चों को रिफ्रेशमेंट दी गई। उसके बाद वंडर वर्ल्ड, वॉर मेमोरियल और क्रिकेट स्टेडियम में ले जाया गया।

### सुमित को शोध समिति के संयोजक की जिम्मेदारी

**देहरा।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 हेतु शुक्रवार को शोध समिति देहरा इकाई की नव कार्यकारिणी गठन संपन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शोध के राष्ट्रीय संयोजक अर्जुन आनंद व प्रांत सह संयोजक विपिन, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के ऊना विभाग के संगठन मंत्री अमन राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रांत सह-संयोजक विपिन ठाकुर ने कहा कि देश के विश्वविद्यालयों में शोधार्थी आते है डिग्री करते है चले जाते है, लेकिन उस शोध कार्य में देश व समाज का चिंतन शामिल हो समाज व देश के लिए रचनात्मक विचारों को शोध मंच प्रदान करता है। नव कार्यकारिणी मे शोध समिति का संयोजक सुमित व सह संयोजक यशपाल तथा सह संयोजिका कीर्ति को दायित्व सौंपा गया।

### छात्रों ने सीखे आग से निपटने के गुर

**गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरली में चल रहे साथ दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के पांचवें दिन आग की आपदा से निपटने हेतु छात्रों को गुर सिखे। वहीं, इस दौरान अग्निशमन विभाग देहरा से आए अधिकारियों ने तमाम छात्रों को आग से होने वाले जानमाल की हानि व उससे बचाव के बारे में जानकारी दी गई। अग्निशमन कार्य प्रभारी योगराज ने सभी स्वयंसेवियों छात्र छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को मॉक ड्रिल के जरिए आग से बचने के विभिन्न तरीकों से अवगत करवाया।

### थुरल कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न

**डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। यह शिविर 23 से 29 दिसंबर तक चला। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राध्यापक अमर सिंह ठाकुर थे। उन्होंने कहा कि जीवन मे कड़ी मेहनत और अनुशासन से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हर कार्य के लिए पहले से ही योजना बना लेनी चहिए। किसी भी काम को करने के लिए संकल्प तथा संघर्ष करना बहुत जरूरी है। जिंससे सफलता अपने आप मिल जाती है। स्वयंसेवियों ने समूह गान, पहाड़ी नाटी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सुजल ने पहाड़ी गाने पर सुंदर प्रस्तुति दी।

### अजीत बास्केटबाल प्रतियोगिता को सिलेक्ट

**डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल डरोह का विद्यार्थी अजीत पुत्र मणि कुमार अंडर-14 में बास्केटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ है। इन दिनों वह बिलासपुर स्पोर्ट्स हॉस्टल में प्रशिक्षण ले रहा है। हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान ने उसे शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह सुलह क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

---

कर्मियों के आवासीय क्वार्टरों की हालत खस्ता; कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, जल्द मांगा समाधान

# मौत के साये में रहने को मजबूर सिविल कोर्ट जवाली के कर्मचारी

**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन सिविल कोर्ट जवाली में कार्यरत कर्मियों के आवासीय क्वार्टरों की हालत काफी जर्जर हो चुकी है, लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

आवासीय क्वार्टरों की खिड़कियां-दरवाजे सड़ चुके हैं तथा दीवारों से प्लास्टर झड़ रहा है। खिड़कियों व दीवारों पर घास उगी हुई है तथा बिजली की वायरिंग भी उखड़ी हुई है जिस कारण इन आवासीय क्वार्टरों में रहने वाले कर्मी अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं। बादलों की जरा सी गर्जना होने पर भी आवासीय क्वार्टर थरथरा जाते हैं तथा खिड़कियां-दरवाजे खुद ही बज उठते हैं। बारिश होने से क्वार्टरों में सीलन आ जाती है। जब से यह आवासीय क्वार्टर निर्मित हुए हैं, उसके बाद से आज तक इनकी सुध ही नहीं ली गई है। इन आवासीय क्वार्टरों में 15 परिवार रहते हैं, जिनकी सुरक्षा रामभरोसे है। आवासीय क्वार्टरों के आसपास झाड़ियों ने अपना घर बना लिया है। इन आवासीय परिसर में करीबन छह माह पहले स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं, लेकिन आज तक इनको कनेक्शन ही नहीं दिया गया है जिस कारण सूर्य के ओझल होते ही कालोनी में अंधेरा पसर जाता है। मंत्री चंद्र कुमार का भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। आवासीय क्वार्टरों में रहने वाले कर्मियों ने कहा कि प्रशासन को कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन आजतक कोई हल नहीं हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, जिलाधीश कांगड़ा डॉक्टर निपुण जिंदल, एसडीएम जवाली से मांग की है आवासीय क्वार्टरों की सुध ली जाए तथा रिपेयर करवाई जाए। (अनंत ज्ञान)




सिविल कोर्ट जवाली में कार्यरत कर्मियों के आवासीय क्वार्टरों की हालत खस्ता।

**क्वार्टरों की दीवारों पर झाड़ियों ने बना लिया घर, प्रशासन बेखबर**

#### क्या बोले, उपायुक्त

**इस** बारे में जिलाधीश कांगड़ा डॉक्टर निपुण जिंदल ने कहा कि यह हमारे अधीन नहीं आते हैं। इनकी रिपेयर हेतु ज्यूडिशियरी से आता है।



छह माह पहले लगी स्ट्रीट लाइट्स को आज दिन तक नहीं दिया कनेक्शन।

### हारचकियां में दो जनवरी को आएगी मोबाइल कैंटीन

**जवाली।** सभी पूर्व सैनिकों विधवाओं कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए सीएसडी कैंटीन सुविधा का टूटा हुआ सिलसिला नव वर्ष में फिर से शुरू होने जा रहा है। अब मोबाइल कैंटीन सुविधा हर महीने के पहले मंगलवार को हारचकियां में 100 फील्ड रेजिमेंट द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की जाएगी। हारचकियां में मंगलवार दो जनवरी 2024 को आठ बजे से ग्रॉसरी की सेल होगी और लिक्विड बिल उसी दिन ही काट दिए जाएंगे। इसकी डिलीवरी किसी दूसरी तिथि को होगी यह सूचना हर चकिया एचपीएसईएल यूनिट के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट बीएम सिंह गुलेरिया ने दी। उन्होंने कहा कि 14 पंचायत के पूर्व सैनिक दो जनवरी 2024 को अपनी हाजिरी देने का प्रयत्न करें। वहीं, चंगर क्षेत्र के पूर्व सैनिक के लिए तोहफे के लिए हिमाचल प्रदेश लीग के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल रिटायर्ड बाईएस राणा लेफ्टिनेंट कर्नल चड्ढा तथा रेजिमेंट के संबंधित अफसर का आभार प्रकट किया है। बहरहाल, सभी पूर्व सैनिकों विधवाओं कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए सीएसडी कैंटीन सुविधा का टूटा हुआ सिलसिला नव वर्ष में फिर से शुरू होने जा रहा है। अब मोबाइल कैंटीन सुविधा हर महीने के पहले मंगलवार को हारचकियां में 100 फील्ड रेजिमेंट द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की जाएगी।

## कूड़ा-कचरा फैलाने वालों पर होगा 500 रुपए जुर्माना, साथ में लगाए जाएंगे पोस्टर

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर चौगान व पंचायत क्षेत्र में कूड़ा-कचरा फैलाने वालों को अब जयसिंहपुर प्रशासन 500 रुपए जुर्माना करेगा व उनके कूड़ा-कचरा फैलाते पोस्टर भी दीवारों पर लगाए जाएंगे। जयसिंहपुर चौगान में साफ-सफाई कर रहे कंवर दुर्गा चंद कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए एसडीएम संजीव ठाकुर ने कहा कि जयसिंहपुर चौगान व पंचायत की क्लीन व ग्रीन बनाने की मुहिम छेड़ी गई है।

उन्होंने कहा कि स्कूल व कॉलेज के बच्चे चौगान की साफ-सफाई कर रहे हैं, लेकिन चौगान में धूप सेकने वाले, खेलने वाले व आस-पास के लोग यहां कचरा फैला रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवियों के माध्यम से एक पोस्टर जारी करते हुए एसडीएम संजीव ठाकुर ने कहा कि यह पोस्टर जयसिंहपुर बाजार के हर दुकानदार को दिए जाएंगे, ताकि वो ग्राहकों को जागरूक कर सकें कि अब जो भी जयसिंहपुर पंचायत क्षेत्र व चौगान में कूड़ा-कचरा फैलाएगा उसे पहली बार 500 रुपए जुर्माना किया जाएगा। जबकि वहीं व्यक्ति दूसरी बार कूड़ा-कचरा फैलाता पकड़ा गया तो 1000 रुपए जुर्माने के साथ उसका पोस्टर भी चौगान में लगाया जाएगा। एसडीएम ने कहा ड्रोन कैमरे की मदद से भी चौगान में कूड़ा-कचरा फैलाने वालों पर नजर रखी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

#### दूसरी बार पकड़े जाने पर होगा 1000 रुपए जुर्माना, अब कूड़ा फेंकने वालों की खैर नहीं

**जयसिंहपुर** पंचायत क्षेत्र व चौगान में कूड़ा-कचरा फैलाएगा उसे पहली बार 500 रुपए जुर्माना किया जाएगा। जबकि वहीं व्यक्ति दूसरी बार कूड़ा-कचरा फैलाता पकड़ा गया तो 1000 रुपए जुर्माने के साथ उसका पोस्टर भी चौगान में लगाया जाएगा।

#### कैमरे से रखी जाएगी नजर

**एसडीएम** ने कहा ड्रोन कैमरे की मदद से भी चौगान में कूड़ा-कचरा फैलाने वालों पर नजर रखी जाएगी। एसडीएम ने कहा कि जयसिंहपुर चौगान जयसिंहपुर की शान है और इसे कूड़े का स्थल बनाने के बजाए इसे स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### जसौर की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**नगरोटा बगवां।** ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में क्रिकेट ट्रॉफी के मुकाबले के छठे दिन का मुकाबला मस्सल नगरोटा व द्वारका जसौर टीम के बीच हुआ। मस्सल नगरोटा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 101 रन बनाए। निर्धारित ओवर में द्वारका जसौर टीम ने 102 रनो का लक्ष्य हासिल कर दूसरे दौर के लिए जगह पक्की कर ली। दर्शकों ने मैच का खुले मैदान में खिली धूप के बीच खूब आनंद उठाया। यह जानकारी मैच टूर्नामेंट संयोजक रिशू, सौरभ, रजत, विशाल, सुशांत, मुन्नू, अमन व साथियों ने साझा की। उन्होंने बताया कि युवाओं को खेलों से जोड़कर बढ़ते समाजिक अपराधों नशों को रोकना है क्योंकि खेल हमें भाई चारा ब संयम सिखाता है। इसलिए समय समय पर खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### नेशनल खेल चुकीं बेटियां बनी मिसाल तो पिता संजीव ने भी बैडमिंटन में दिखाया कमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कहते हैं कि सीखने की कोई उम्र और सीमा नहीं होती और इसी बात को ये खिलाड़ी प्रमाणित कर रहे हैं।



संजय रतन।

बैडमिंटन का नेशनल ओपन टूर्नामेंट खेल चुके 62 वर्षीय संजय रतन ने 48 साल की उम्र में पहली बार रैकेट पकड़ा और अब तक वो कई ओपन टूर्नामेंट खेल चुके हैं। धर्मशाला में चल रही वेटर्न टूर्नामेंट खेलने आए परागपुर के संजीव रतन बीएसएनएल से एसडीओ रिटायर हुए हैं। बचपन से उन्होंने शौक न होने के कारण कभी भी बैडमिंटन को हाथ तक नहीं लगाया था। वहीं, अपनी बेटियों गार्गी तथा मेघा के साथ खेलते हुए उन्हें भी बैडमिंटन का खेल अच्छा लगा वो इस खेल से जुड़ गए। वो बताते हैं कि गुजरात के वडोदरा में हिमाचल की बीएसएनएल टीम के ऑल इंडिया टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीतने के अलावा छह स्टेट टूर्नामेंट तथा नेशनल ओपन के टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल खेल चुके हैं। उनकी बेटी गार्गी तथा मेघा एमडी तथा बीटेक कर रही हैं तथा दोनों तीन-तीन नेशनल ओपन टूर्नामेंट खेल चुकी हैं।

#### ज्यादा से ज्यादा खेलों में भाग ले युवा

**संजीव** रतन के अनुसार एक ओर जहां खेलों से फिटनेस बनी रहती है तो गेम में हारने और जीतने के क्रम में आप में सकारात्मकता भी विकसित होती है। युवाओं और बच्चों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा खेलों में भाग लें तथा स्वस्थ भारत के निर्माण में भागीदार बनें।

### ईको सेंसटिव जोन पर रोक लगाने के लिए सीएम का जताया आभार

**धर्मशाला।** कांग्रेस मत्स्य पालन विभाग के चेयरमैन नरदेव कंवर ने कांगड़ा में पौंग डैम के आसपास प्रस्तावित ईको सेंसटिव जोन पर फिलहाल रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया है। कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने धर्मशाला में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान ही यह स्पष्ट कर दिया था कि इस मुद्दे पर वह केंद्रीय पर्यावरण मंत्री के साथ बात करेंगे, ताकि स्थानीय लोग प्रभावित न हों। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने सत्र समाप्त होते ही ईको सेंसटिव जोन के मुद्दे पर केंद्र सरकार के साथ बातचीत कर फिलहाल इसे टालने का आग्रह किया था, जिसे केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने मान लिया है। कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बिना किसी दलगत राजनीति के इस मुद्दे के समाधान का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सीधे केंद्र सरकार से जुड़ा हुआ है। नगरोटा सूरियां व आसपास के क्षेत्र के लोगों की पीड़ा को समझते हुए उन्होंने भी इस बारे में मुख्यमंत्री के साथ बातचीत की थी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्थानीय जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। अगर भविष्य में भी जरूरत पड़ी तो वह दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्री से बैठक करेंगे।



जयसिंहपुर। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जयसिंहपुर की लड़कियों की हॉकी टीम के प्रोत्साहन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व जिला परिषद सदस्य संजय राणा आगे आए हैं। वीरवार को कांग्रेस के स्थापना दिवस पर संजय राणा ने हॉकी टीम की सभी 25 लड़कियों को अपनी तरफ से नए ट्रैक सूट व स्पोर्ट्स शूज उपलब्ध करवाए। जयसिंहपुर चौगान में आयोजित एक सादे समारोह ने संजय राणा ने स्कूल स्टाफ की उपस्थिति में यह ट्रैक सूट व शूज इन लड़कियों को वितरित किए।

## गुरुकुल पब्लिक स्कूल सदवां के छात्रों का नृत्य देख हर कोई दंग

**संजीव महाजन, नूरपुर**

गुरुकुल पब्लिक स्कूल सदवां में आज वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। इसमें गुरुकुल के पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ज्योति सौगुनी, प्रिंसिपल कुमुद शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं, मुख्यातिथि के रूप मे नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रिंसिपल कुमुद शर्मा व समस्त अध्यापकगणों तथा छात्रों ने आए हुए सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का भव्य स्वागत किया और नन्हे बच्चों द्वारा अतिथियों के लिए विशेष स्वागत गीत का मंचन किया गया।

इसके बाद छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी के दिलों को जीत लिया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम को देखकर अपार प्रसन्नता हुई है, विद्यालय के प्रत्येक छात्र ने मंच पर अनेक राज्यों की वेशभूषा तथा ऐतिहासिक नृत्य शैली प्रस्तुत की और सभी के दिलों को जीत लिया। अंत में स्कूल के डायरेक्टर ज्योति सौगुनी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का धन्यावाद किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया और बताया कि स्कूल का प्रत्येक बच्चा हमारा अपना परिवार का सदसय है। वहीं, इस अभिनंदन के अवसर पर स्कूल की कार्यकारिणी सभा द्वारा स्कूल में अनेको वर्षों से कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। इसमें ग्राम पंचायत सदवां के प्रधान पवन कुमार, बीडीसी मेंबर लदोडी रीता पठानिया, सदवां पंचायत के सेक्रेटरी सुरजीत सिंह आदि उपस्तिथ रहे। (अनंत ज्ञान)




वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान प्रस्तुति देते बच्चे।

**प्रतियोगिता** | अंडर-19 हैंडबाल स्पर्धा में दिखाएंगे दमखम, जवाली के उदय नेशनल के लिए सिलेक्ट

# हिमाचल प्रदेश के 16 खिलाड़ी जाएंगे हिसार

**अनंत ज्ञान, जवाली**

हिमाचल के ऊना जिले के बसदेहरा में आयोजित राज्य स्तरीय लड़कों की अंडर-19 हैंडबाल स्पर्धा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली का प्रदर्शन शानदार रहा। इस स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर स्कूल के छात्र उदय का चयन नेशनल लेवल हैंडबाल स्पर्धा के लिए हुआ है।

शुक्रवार को प्रधानाचार्य प्रभात चंद्र पावा ने उदय को हार पहनाकर अग्रिम शुभकामनाएं देकर स्पर्धा से पूर्व होने वाले कैंप के लिए रवाना किया। उदय के पिता राजेश कुमार व माता पुष्पा देवी ने इसका श्रेय स्कूल के प्रशिक्षकों एवं बेटे की मेहनत को दिया है। स्कूल के डीपीई एवं योगा प्रशिक्षक अजय कुमार एवं पीईटी सुशील कुमार और प्रवक्ता अमित कुमार ने बताया कि हैंडबाल में अंकुश चौधरी, अनर्व शर्मा, संदीप बहादुर थापा और अनमोल ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन उदय के उम्दा प्रदर्शन के चलते उसका चयन नेशनल स्पर्धा के लिए चयनित हुआ। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए प्रदेश के 16 छात्रों का चयन हुआ है, जिसमें उदय कांगड़ा जिले का एकमात्र खिलाड़ी है। इन 16 खिलाड़ियों में ऊना के छह, बिलासपुर के पांच, मंडी, सिरमौर और शिमला व किन्नौर का एक-एक खिलाड़ी शामिल है। ये सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा से पहले ऊना जिले के बसदेहरा के राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसदेहरा में 31 दिसंबर से तीन जनवारी तक चार दिवसीय प्रशिक्षण कैंप में भाग लेंगे। इसके बाद पांच से नौ जनवरी जनवरी तक हरियाणा के हिसार में होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस मौके पर अधीक्षक नवदीप कुमार, एसएमसी चेयरमैन राकेश शर्मा, अध्यापक कपिल देव, प्रवक्ता अजय कुमार, ओपिंद्र शर्मा, भुवनेश कुमार, रोहणी एवं जीवन ज्योति व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर स्कूल के छात्र उदय को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ के सदस्य।

#### कल से लेंगे कैंप में भाग

**ये** सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा से पहले ऊना जिले के बसदेहरा के राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसदेहरा में 31 दिसंबर से तीन जनवारी तक चार दिवसीय प्रशिक्षण कैंप में भाग लेंगे। इसके बाद पांच से नौ जनवरी जनवरी तक हिसार में होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा में लेंगे भाग।

### जख्मी पंछी का इलाज कर दिखाई दरियादिली



**डाडासीबा।** देहरा उपमंडल के तहत पाइसा पंचायत में शुक्रवार को सुबह एक घायल अजीबोगरीब जंगली पंछी अचानक झाड़ियों में आकर गिर गया। बताते चलें कि उक्त पंछी से न चला जा रहा था न ही वह उड़ पा रहा था। इस पर स्थानीय पंचायत प्रधान चुन्नी लाल सहित अन्य युवा, जिसमें अंकित, अमित, डॉक्टर पुरषोत्तम, डॉक्टर मस्तान की नजर पड़ी। वहीं, उन्होंने पाया कि पंछी की तबीयत सही नहीं है। सर्वप्रथम उन्होंने उक्त पंछी का रेस्क्यू कर दरियादिली का परिचय दिया। जानकारी देते हुए पंचायत प्रधान चुन्नी लाल ने कहा कि जब यह पंछी घायल था तो इसको रेस्क्यू किया गया, तदोपरांत इसकी सूचना फॉरेस्ट विभाग को भी दी गई। प्राथमिक तोर पर चिकित्सकों ने उसका उपचार किया।

## हर हाथ 'अनंत ज्ञान'



भाजपा नेता व शिव बेकर्स के स्वामी मुकेश गुप्ता ने दैनिक अनंत ज्ञान के सोलन शिमला संस्करण का पहला अंक देखा।



सोलन में बीएसएनएल कर्मी रमेश कुमार ने भी पढ़ा अनंत ज्ञान।



सोलन के संजीव ठाकुर ने भी अनंत ज्ञान पढ़ कर अपने दिन का श्री गणेश किया।



सोलन के आशीष ने दैनिक अनंत ज्ञान से बढ़ाया सामान्य ज्ञान।



सोलन के युवा अमर ने भी अनंत ज्ञान अखबार पढ़ कर अपने सामान्य ज्ञान में इजाफा किया।



नौकरी की तैयारी कर रहे युवा भीमदत्त को भी दैनिक अनंत ज्ञान रास आया।



सोलन के रोहित ने भी सुबह दैनिक अनंत ज्ञान देखा तो पढ़ना शुरू कर दिया।



सोलन के युवा अमर नाथ ने भी अखबार दैनिक अनंत ज्ञान पढ़कर स्वयं को अपडेट किया।



सोलन के कपूर चंद नेगी अपनी अनुभवी आंखों से दैनिक अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के शिमला– सोलन संस्करण के शुभारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं
S. S. ENTERPRISES
Step in For: All Type of Stationery
♦ Recharge ♦ Colored Photostat
♦ Spiral Binding
♦ Lamination ♦ Print Outs
M. 94181-04778, 82192-21464 E-mail: essessentpsolan@gmail.com

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के शिमला– सोलन संस्करण के शुभारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं
DINESH BANKING
OUR RESULT IS OUR STRENGTH
BANK CLERICAL, PO, SSC, HP-POLICE, PATWARI, JBT, FOREST GUARD, ARMY (GD & CLERK)
98168-81002, 97361-40005
Near PNB, Mahela Branch, Above Rudrakash GYM, Kotlanala, Solan (H.P.)

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के शिमला– सोलन संस्करण के शुभारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं
GS DOORS
An ISO 9001:2015 Certified Company
FINGER JOINT 90° A Quality Product
G.S. DOORS (Saw Mill)
Deals in: Timber, Plywood & Hardware
Mfr. of: All kind of Doors
Amrik Singh
Near Thodo Ground, Rajgarh Road, Solan (H.P.)
98160-25085, amrik0085@gmail.com

# प्रदेश सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में अग्रसर

## 39.50 लाख से निर्मित होने वाले कोठी महिला मंडल भवन के शिलान्यास पर बोले जगत सिंह नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने शुक्रवार को 39.50 लाख रुपए की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाले कोठी महिला मंडल भवन का शिलान्यास किया व देवी चंडिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिकरत की। राजस्व मंत्री ने कहा की आगामी समय में देवी चंडिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी में वाणिज्य की कक्षाएं भी आरंभ की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पांच–छह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को क्लस्टर स्कूल में मिलाकर आरंभ किया जाएगा, ताकि स्कूलों में विद्यार्थियों को एक ही जगह पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि देवी चंडिका विद्यालय क्षेत्र का बेहतरीन स्कूल है व शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी गवर्नमेंट मॉडल डे–बोर्डिंग स्कूल खोलने की दिशा में कार्य कर रही है।



देवी चंडिका पाठशाला कोठी के वार्षिक पारितोषिक समारोह में मौजूद गणमान्य व अन्य।

इनमें प्री–प्राइमरी से 12वीं तक की शिक्षा सुविधा के साथ सभी प्रकार की इंडोर एवं आउटडोर खेल सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। जहां पानी की समुचित उपलब्धता होगी, वहीं स्वीमिंग पूल का भी प्रावधान किया जाएगा।

राजस्व मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की पत्रिका चंडिका का विमोचन भी किया तथा स्कूल को खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। देवी चंडिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी के प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल नेगी ने स्वागत संबोधन दिया और पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी दी।

देवी चंडिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी स्कूल में शिक्षा के क्षेत्र में छठी कक्षा के आदित्य, सातवीं कक्षा की रिधिमा, आठवीं कक्षा के लोकेश बौद्ध, नौवीं कक्षा की रिमरन, 10वीं कक्षा के आर्यन प्रधान, 11वीं कक्षा के आयुष तथा 12वीं कक्षा की श्रृति को सम्मानित किया। इस वर्ष विद्यालय में पूर्ण रूप से उपस्थित होने के लिए वंशिका, अदिति, सूर्यांश, सरोज कुमारी, करिना देवी, करिश्मा व आयुष को पुरस्कृत किया गया। राजस्व मंत्री ने ग्राम कोठी के लोगों की समस्याएं सुनीं व ग्राम वासियों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करें विद्यार्थी

**राजगढ़।** शिक्षा खंड राजगढ़ की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छोग टाली में राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता रामानंद सागर राष्ट्रीय सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र उदयपुर (राजस्थान) से 20 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय पहुंचे। प्रवक्ता रामानंद ने कहा कि यह प्रशिक्षण उनके जीवन का अभूतपूर्व अनुभव रहा।

विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरेंद्र पुंडीर, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष देशराज ठाकुर, पंचायत प्रधान अंजना ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य कमलेश शर्मा, शिक्षक भूपेंद्र चौहान, राजूराम उनियाल, सुरेश ठाकुर, एकता धीमानआदि ने आशा व्यक्त की कि रामानंद के प्रशिक्षण से विद्यालय तथा विद्यार्थी लाभान्वित होंगे ।

## गोगा माड़ी मंदिर पहुंचा अक्षत कलश



कुमारसैन में भारत स्काउट एंड गाइड यूनिट की ओर से नशा निवारण रैली का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, श्रीरेणुका जी**

अयोध्या से पूजित अक्षत कलश भरौग बनेड़ी पंचायत के श्री जाहरवीर गोगा माड़ी मंदिर व वैष्णवी माता मंदिर कलहाड़ी आश्रम में लाए गए। अक्षत को कलश में भरकर मंदिर में स्थापना की गई । ग्रामीणों ने राम नाम के नारे से पूरी पंचायत गूंज उठी। अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश यात्रा में 300 लोगों ने भाग लिया।

# झूम के नाचे तंगलिंग स्कूल के नौनिहाल

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तंगलिंग ने धूमधाम से अपना 15वां वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह मनाया। इस अवसर पर हिप्र राज्य ऊर्जा निगम शौंगठोंग–करछम परियोजना के महाप्रबंधक खेम सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित हुए ।

भूपेंद्र नेगी प्रधान पंचायत पोवारी–तंगलिंग, नागेंद्र नेगी सदस्य पंचायत समिति कल्पा खंड, संजय शर्मा महाप्रबंधक पटेल इंजीनिरिंग, नवीन शर्मा उपमहाप्रबंधक आर एंड आर शौंगठोंग करछम जल विद्युत परियोजना विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विद्यार्थियों ने किन्नौरी, पहाड़ी, पंजाबी और फिल्मी धुनों पर अपनी शानदार प्रस्तुतियों से मुख्य अतिथि सहित उपस्थित जन समूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।



बच्चों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।

मुख्य अतिथि ने छात्रों को वर्ष भर में शिक्षा एवं खेलों के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। विद्यार्थियों के वर्ष भर के मेहनत एवं प्रतिभा को मद्देनजर रखते हुए आकाश को बेस्ट बॉय, स्नेहा को बेस्ट गर्ल, मुकेश को बेस्ट प्लेयर तथा अक्षरा को बेस्ट प्लेयर (गर्ल्स) के रूप में पुरस्कृत किया गया।

## अधिक मूल्य पर शराब बेचने पर होगी कार्रवाई

**रिकांगपिओ।** राज्य कर व आबकारी विभाग की ओर से रिकांगपिओ बाजार में एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बेचने वाले ठेकों के चालान किए। जिला किन्नौर व स्पीति क्षेत्र के सहायक आयुक्त राज्य कर व आबकारी सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि काफी दिनों से एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बेचने की शिकायत आ रही थी व इसी के मद्देनजर औचक निरीक्षण कर एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बेचने वाले ठेकों के चालान किए गए।

सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि शराब कारोबारियों को हिदायत दी गई कि भविष्य में एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब न बेचें तथा विभाग की ओर से निर्धारित रेट लिस्ट प्रत्येक ठेकों पर होने जरूरी है, नहीं तो कार्रवाई जारी रहेगी।

## रैली निकाल नशे के खिलाफ किया जागरूक




कुमारसैन में भारत स्काउट एंड गाइड यूनिट की ओर से नशा निवारण रैली का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुमारसैन**

जय बिहारी लाल खाची राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुमारसैन में भारत स्काउट एंड गाइड यूनिट की ओर से प्रोजेक्ट निश्चय के अंतर्गत नशा निवारण रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्काउट और गाइड ने नारे व नशा गीत गाकर लोगों को जागरूक किया। यह रैली कुमारसैन बाजार व मतेवग गांव से होकर एसडीएम कार्यालय तक निकाली गई।

इस रैली में विद्यालय के अध्यापकों ने भी भाग लिया। इस दौरान स्काउट मास्टर इंद्र ठाकुर और गाइड कैप्टन रजनी शर्मा भी मौजूद रहे।

**आयोजन** बच्चों को इच्छा अनुसार पढ़ाई करने दें ताकि रुचि अनुसार उसका करियर बन सके : राणा

# क्रिसेंट मून के मेधावी विद्यार्थी किए पुरस्कृत


**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

क्रिसेंट मून पब्लिक स्कूल झाड़माजरी ने अपना वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर लघु उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक राणा ने शिरकत की। उन्होंने विद्यालय में पूरे साल विभिन्न गतिविधियों व शिक्षा स्तर पर अब रहने वाले छात्रों को सम्मानित किया।

सर्वप्रथम स्कूल के निदेशक दीप कुमार आर्य ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और यहां चलाई जा रहीं गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्रों ने जिला स्तरीय व अन्य खंड स्तरीय खेलों में भाग लिया और भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता में हमारे जूनियर और सीनियर वर्ग ने शाखा स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रदेश स्तर पर जूनियर वर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भारत को जानो प्रतियोगिता में नंदिनी देवयानी, सृष्टि और अंकिशा शामिल थी। मुख्य अतिथि लघु उद्योग संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार राणा ने मेधावी छात्रों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



लघु उद्योग संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक राणा ने मेधावी बच्चों को बांटे इनाम।

उन्होंने कहा कि आज के युग में हर मां–बाप अपने बच्चों को अपनी इच्छा अनुसार पढ़ाई करवाना चाहते हैं, जबकि हर माता–पिता को चाहिए कि वह बच्चों की जो इच्छा हो, उसके अनुसार बच्चों को पढ़ाई करने दें ताकि रुचि अनुसार उसका करियर बन सके। जब बच्चे को अपनी इच्छा अनुसार पढ़ाई करने का या कोई भी कार्य करने के लिए स्वतंत्र छोड़ जाता है, तो बच्चों पर कोई मनोवैज्ञानिक असर नहीं होता है और वह अच्छे ढंग से बिना किसी दबाव के अपनी मंजिल हासिल कर लेता है।

अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को अच्छे संस्कार अनुशासन रहने की शिक्षा दें, तभी बच्चे आगे चलकर मुकाम हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रत्यक्ष ठाकुर, नमन शर्मा, तान्या, सुमित, आदित्य, तनवी, नंदिनी, देवयानी, सृष्टि, अंशिका, अंशिका दूबे और सृष्टि इत्यादि मेधावी बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने हिमाचली नाटी, गिद्दा, पंजाबी, हरियाणवी, राजस्थानी व धार्मिक प्रस्तुतियां देकर अभिभावकों की खूब तालियां लूटीं।

स्कूली बच्चों की ओर से प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां को देखकर मुख्यातिथि ने बच्चों को अपनी तरफ से नकद राशि पुरस्कार के तौर पर दी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार शर्मा, स्कूल प्रधानाचार्य सविता आर्य, रजनी ठाकुर, हंस शर्मा, पूजा शर्मा, ललिता, मोनिका, किरण, दीक्षा कटोच, बिंदू, हिमांशी, सोनिया, आशा, दीक्षा, भाटिया,सीमा, राकेश, मीनाक्षी, पूजा चंदेल, प्रिया, रीता, रजनी, विजय कुमार, सहित स्कूल के अन्य अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थिति रही।

## हर हाथ 'अनंत ज्ञान'



सोलन के एसपी गौरव सिंह दैनिक अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



अच्छा लगा... सोलन में व्यापारी हरीश वर्मा दैनिक अनंत ज्ञान का प्रथम अवलोकन करते हुए।



सोलन के परमिंदर कुमार दैनिक अनंत ज्ञान का आनंद लेते हुए।



सोलन के राजगढ़ रोड स्थित कैप्स कंप्यूटर में अनंत ज्ञान पढ़ते सुनील।



सोलन में अपने घर पर दैनिक अनंत ज्ञान का आनंद लेते बंटी कुमार।



गृहिणियों को भी भाया... सुबह–सुबह दैनिक अनंत ज्ञान पढ़तीं सोलन की आशा देवी।



सोलन स्थित वर्टैक्स इंस्टिट्यूट आफ आईटीआई के निदेशक सुभाष अत्री दैनिक अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



सोलन स्थित सेव मोर सुपर मार्केट के प्रमोद चौहान अनंत ज्ञान का आनंद लेते हुए।



सोलन स्थित अनुदीप प्रतिष्ठान के स्वामी राकेश अनंत ज्ञान का आनंद लेते हुए।



दैनिक अनंत ज्ञान पढ़ते सोलन के नूरुल हसन सिद्दिकी।



दैनिक अनंत ज्ञान पढ़तीं महिला दोरजी।



राजगढ़ रोड स्थित एक दुकान पर नेपाली मूल के बहादुर अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



राजगढ़ रोड स्थित फर्नीचर की दुकान पर हरीश गुप्ता दैनिक अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।




भाजपा के सोलन मंडल सचिव बादल नाहर समाचार पत्र पढ़ते हुए।



युवाओं को भी आ रहा रास...सोलन के युवा नितिन शर्मा अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



सोलन के युवा अमन दैनिक अनंत ज्ञान का आनंद लेते हुए।



सोलन में ही एक अन्य युवा पीतांबर शर्मा दैनिक अनंत ज्ञान का आनंद लेते हुए।



सोलन के युवा अनुभव दैनिक अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



सोलन के युवक राजेश को भी भाया अनंत ज्ञान अखबार।

हर हाथ अनंत ज्ञान


रजत सांख्यान मेहरी काथला गांव में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।


साहित्यकार एवं हिंदी प्रवक्ता रवि कुमार सांख्यान अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# केंद्र ने लोगों का जीवन बदलने का किया प्रयास

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग, केंद्र सरकार की योजना से लोगों को किया जागरूक

**गोपाल कपिल, झंडूता**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत झंडूता विधानसभा क्षेत्र के बहिना ब्रह्मना पंचायत और बलघाड़ पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने केंद्र सरकार में खेल युवा मामले एवं सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता झंडूता विधानसभा के विधायक जीत राम कटवाल ने की। उन्होंने केंद्र सरकार का झंडूता व प्रदेश के विकास के लिए धन्यवाद किया। अनुराग ने मोदी सरकार की योजनाओं से लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस योजना, जल जीवन मिशन, आवास योजना, विश्वकर्मा योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार ने आम जनमानस का जीवन बदलने का प्रयास किया है। उन्होंने इसके साथ-साथ झंडूता विधानसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार की सहायता से बनने वाले कई बड़े प्रोजेक्ट पुलों, सड़कों एवं पीने के पानी की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं की जानकारी सुन्हाणी पंचायत के लोगों के समक्ष रखी। (अनंत ज्ञान)


विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत झंडूता विधानसभा क्षेत्र की बलघाड़ पंचायत के कार्यक्रम में मौजूद लोग।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की, कार्यक्रम में 950 लोग रहे मौजूद


कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव सुमित शर्मा, जिला सचिव व यात्रा के संयोजक राजेश ठाकुर, झंडूता विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल के महामंत्री सुशील नड्डा व दिनेश चंदेल, जिला परिषद सदस्य शैलजा शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष परिवेश शर्मा, पंचायत के प्रधान राजेंद्र व उपप्रधान उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की। इस कार्यक्रम में बहिना, ब्रह्मना पंचायत के लगभग 500 लोग तथा बलघाड़ में 450 लोग उपस्थित रहे।

# हिम केयर को आयुष्मान में बदलने बारे नहीं जानकारी

**दधोल।** लोकमित्र केंद्रों में इन दिनों संचालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मामला यह है कि हिम केयर कार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड में तब्दील करने की बात धारकों को कही जा रही है और धारक अपने कार्ड को शिफ्ट करवाने के लिए लोकमित्र केंद्र पहुंच रहे हैं। परंतु संचालकों का कहना है कि उनको इस संदर्भ में न ही कोई सूचना दी गई है और न ही लोकमित्र केंद्रों के संचालन करने वाली वेब कंपनी की ओर से उन्हें कोई जानकारी उपलब्ध करवाई गई है।

दधोल और घुमारवीं क्षेत्र के लोकमित्र संचालक गगन मेहता, रामलाल, नेहा भारती, सतीश कुमार, विपन कुमार, अशोक कुमार, रदीप कुमार, रोमिता, धनी राम, अमोद आदि ने कहा कि इस संदर्भ में कोई भी साइट पर उपलब्ध नहीं है और इस बारे कोई ट्रेनिंग सरकार एवं लोकमित्र संचालक कंपनी की ओर से लोकमित्र संचालकों को दी गई है। इस संदर्भ में लोग लोकमित्र केंद्रों पर आते और इस बारे लोकमित्र संचालक अपनी असमर्थता व्यक्त करता है, तो लोगों को काफी असविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## नयना देवी कॉलेज में वो दिन योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित

**श्री नयना देवी जी।** महाविद्यालय श्री नयना देवी जी में सात-दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन समारोह में महिला एवं बाल विकास विभाग हिमाचल प्रदेश की टीम की ओर से महाविद्यालय में वो दिन योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य प्रो. श्यामलाल द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक प्रो. सुभाष शर्मा ने किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम ऑफिसर हरीश मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में महिला सशक्तिकरण, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' को एक बहुत ही अहम मुद्दा बताया। यदि बेटी शिक्षित होगी, तो हमारा समाज भी शिक्षित एवं खुशहाल होगा। उन्होंने महिलाओं से संबंधित विभिन्न कीमों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया, जैसे की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, हमारी बेटियां हमारी शान, पोषण भी पढ़ाई भी इत्यादि। इस कार्यक्रम में डॉ. अर्चना शारदा की ओर से व्याख्यान दिया गया, जिसमें की एनीमिया, किशोर अवस्था तथा मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने एनीमिया के उपाय तथा मासिक धर्म के दौरान रखे जाने वाली स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान देने की बात की।

# युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयत्न


बिलासपुर में युवा कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष ठाकुर की अगुआई में इंदिरा भवन बिलासपुर में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष रजनीश मैहता, जिला प्रभारी युवा कांग्रेस ओपी ठाकुर, संसदीय युवा कांग्रेस प्रभारी नमन व पूर्व युवा कांग्रेस हमीरपुर संसदीय क्षेत्र मोहित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए नमन ने कहा कि युवाओं की आगामी लोकसभा चुनावों में अहम भूमिका रहेगी। रजनीश मैहता ने कहा कि युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं।

ओपी ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि की सरकार युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। आगामी मार्च तक 20 हजार युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता रहेगी। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने कहा कि जो मुहिम भारतीय युवा कांग्रेस की ओर से यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो पूरे देश मे चलाई जा रही है। उसमें बिलासपुर के युवाओं को जोड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## सामान ढोने वाले वाहनों में सवारी लाने पर प्रतिबंध

**श्री नयना देवी जी।** नव वर्ष मेला के दौरान विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में सामान ढोने वाले वाहनों में सवारी लाने पर प्रतिबंध रहेगा। पंजाब से ट्रक, टेंपो, श्रद्धालुओं को हिमाचल सीमा कोला वाला टोबा से आगे प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। सभी कोला वाला टोबा में रुकेंगे और वहां से बसों के माध्यम से या फिर छोटी गाड़ियों में श्री नयना देवी पहुंच सकेंगे, यह जानकारी नव वर्ष मेला के मेला पुलिस अधिकारी विक्रांत ने पत्रकारों को दी।

नव वर्ष मेला श्री नयना देवी में 30 से दो जनवरी तक चलेगा, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु अपने नववर्ष का आगाज करने के लिए माता के दरबार में पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहेगी। लगभग 400 के करीब पुलिसकर्मी, होमगार्ड के जवान मेले में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, जो भी श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए नववर्ष मेले में आएंगे, उनके साथ सुहादपूर्ण व्यवहार करें और उनकी सहायता हेतु तत्पर रहें।

# नम्होल-नौणी फोरलेन में 13 गांवों का अवार्ड स्वीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- 28 दिसंबर से अधिग्रहण की गई भूमि के संबंध में लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे
- कार्य के लिए रोकी गई 10 प्रतिशत राशि प्रक्रियाएं पूर्ण करने के बाद जारी

उपमंडलाधिकारी नागरिक सदर बिलासपुर अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि नम्होल से नौणी फोरलेन कार्य, जिसमें 15 गांव सम्मिलित है उनमें से 13 गांवों का अवार्ड स्वीकृत हो चुका है।

28 दिसंबर 2023 से अधिग्रहण की गई भूमि के संबंध में लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं तथा संबंधित प्रभावित मलकान से दस्तावेज लिए जाएंगे। एसडीएम ने बताया कि इस कार्य के लिए कुल 37.6374 हेक्टेयर भूमिका अधिग्रहण किया गया है, जिसमें 18.0990 हेक्टेयर निजी भूमि तथा 19.5384 हेक्टेयर सरकारी भूमि शामिल हैं। इसमें 252 भवन, 4200 बिना फलदार तथा 400 फलदार पौधे इसके अधीन आ रहे हैं। अनुमानित 150 करोड़ की राशि से अधिग्रहण कार्य किया जा रहा है। उपमंडलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से इस कार्य के लिए रोकी की गई 10 प्रतिशत राशि प्रक्रियाएं पूर्ण करने के उपरांत जारी कर दी गई है। अधिग्रहण की गई भूमि तीन की अधिसूचना दिनांक दो अगस्त 2022 को जारी की गई थी, जिसे 10 अगस्त 2022 को एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी व एक हिंदी अखबारों में प्रकाशित की गई थी। तीन की अधिसूचना दिनांक 28 फरवरी 2023 को जारी हुई थी, जबकि इसका प्रकाशन आठ मार्च, 2023 को एक अंग्रेजी व एक हिंदी प्रतिष्ठित अखबार में किया गया था। उन्होंने जिन लोगों की जमीन इसमें आ रही है उनसे अपील करते हुए कहा कि जिनको भी पटवारी की ओर से नोटिस दिए जा रहे हैं, जैसे कि आधार, पैन आदि संबंध दस्तावेज पटवारी को सौंपे, ताकि अगामी कार्रवाई पूरी की जा सके।

## स्वयंसेवियों ने किया दयोली में अपना घर वृद्ध आश्रम का दौरा


स्वयंसवी दयोली अपना घर वृद्ध आश्रम का दौरा करते हुए।

**बिलासपुर।** बिलासपुर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन स्वयंसेवियों ने दयोली स्थित अपना घर वृद्ध आश्रम का दौरा किया और वहां रहने वाले वृद्धो से मिले बातचीत की और उनके साथ अनुभवों को साझा किया। स्वयंसेवियों से बातचीत के दौरान सभी वृद्धजन और स्वयंसेवी भावुक हो गए और सभी ने छात्रों को मानवीय गुणों को अपनाते हुए जीवन में संवेदनशील नागरिक और अच्छे मानव बनने की सीख दी। स्वयंसेवियों ने अपना घर वृद्ध आश्रम के चेयरमैन व संचालक प्रकाश चंद बंसल से भी बातचीत की।

उन्होंने बच्चों को बातचीत के दौरान बताया कि यह अवस्था सभी के जीवन में एक न एक दिन आनी ही है, हमें मानवीय संवेदनाओं को अपनाते हुए अपने बुजुर्गों को घरों में समय देना है। इनकी ओर से बनाए गए आधार पर हमारा वर्तमान टिका है और यदि हम इन्हें इस अवस्था में छोड़ देते हैं इन्हें सम्मान और समय नहीं देते, तो यह हमारा दुर्भाग्य है।

# आज का समय तकनीक, नवाचार का

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग के सहयोग से छात्रों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें 50 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. नीना वासुदेवा के भाषण से हुई।

प्राचार्या नीना वासुदेवा ने बच्चों को स्वरोजगार की दिशा में पहल करने और सरकार की ओर से स्वरोजगार के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। आज का समय तकनीक और नवाचार का है। युवाओं को रोजगार ढूंढने के बजाए रोजगार प्रदान करने वाले बनना चाहिए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उद्योग विभाग के कार्यक्रम समन्वयक सुनीता ठाकुर और जिला उद्योग केंद्र, बिलासपुर के प्रसार अधिकारी पूनम शर्मा ने प्रदेश सरकार की ओर से स्वरोजगार की दिशा में छोटे-बड़े उद्यम स्थापित करने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी छात्रों को दी, जिसमें मुख्यमंत्री स्टार्ट-अप योजना, स्वाबलंबन योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के बारे में जानकारी दी। इन योजनाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रशिक्षण अवधि और सरकार की ओर से प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता और प्रोत्साहन के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. सुरेश जमवाल, प्रो. रितुराज ठाकुर, डॉ. रजनी शर्मा और प्रो. पूजा शर्मा उपस्थित रहे।



उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स।

# प्रदेश को कांग्रेस ने महंगाई के बोझ तले दबाया : गर्ग

**अनंत ज्ञान,घुमारवीं**

- पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने सुक्खू सरकार पर किया कटाक्ष
- कहा- युवाओं के साथ वादा खिलाफी की , कहां गई लाखों सरकारी नौकरियां
- आज भी हिमाचल के बाजारों में दाम काफी बढ़े हुए हैं



पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने हिमाचल कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार पर जमकर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की जनता पर महंगाई का बोझ डाला है।

कांग्रेस ने सरकार में आते ही लोगों को राहत देने की बात की थी, परंतु जैसे ही सरकार में आए वैसे ही एक नहीं, बल्कि दो बार पेट्रोल और डीजल पर टैक्स लगाया, जब पूरे प्रदेश में बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त था, तब यह पेट्रोल के दाम बढ़ाने में लगे थे। ये लोग रेत-बजरी बंद कर रहे थे। आज भी हिमाचल के बाजार में दाम काफी बड़े हुए हैं। सस्ते राशन के डिपो के माध्यम से मिलने वाला सरसों का तेल, चीनी व दालों के दाम बढ़ाकर प्रदेश के लोगों को महंगाई के बोझ तले दबाया है। जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तब डबल इंजन की सरकार के माध्यम से पेट्रोल व डीजल सहित अन्य जरूरी सामान के दाम कम किए गए थे। गर्ग ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ वादा खिलाफी की है।

## हेपेटाइटिस रोग है वायरल रोग

**बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि हेपेटाइटिस रोग एक वायरल रोग है, जो लीवर को प्रभावित करता है।

वायरल हेपेटाइटिस मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है, एक तो संक्रामक हेपेटाइटिस और दूसरा रक्त रंजित हेपेटाइटिस। संक्रामक हेपेटाइटिस भोजन और पानी से फैलता है रक्तरंजित हेपेटाइटिस शरीर के तरल पदार्थ के संपर्क में आने पर फैलता है। संक्रामक हेपेटाइटिस में ए और ई आते हैं रक्तरंजित हेपेटाइटिस में बी और सी आता है खतरे के हिसाब से देखा जाए, तो हेपेटाइटिस सी सबसे ज्यादा खतरनाक होता है, हेपेटाइटिस बीभीसी के बराबर ही खतरनाक होता है। हेपेटाइटिस सी का इलाज संभव है, हेपेटाइटिस सी ज्यादातर रक्त संक्रामण की वजह से फैलता है, समय पर इसकी पहचान की जाए तो इलाज हो सकता है।

# दधोल बाजार से लेकर शिवशक्ति मंदिर तक निकाली कलश यात्रा


दधोल पंचायत के दधोल-खुर्द गांव में लोग अक्षत कलश यात्रा निकालते हुए।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

दधोल पंचायत के गांव दधोल-खुर्द में लोगों की ओर से अक्षत कलश यात्रा निकाली।

यह यात्रा दधोल बाजार से होते हुए दधोल खुर्द में स्थित शिवशक्ति मंदिर में समाप्त हुई। 22 जनवरी, 2024 अयोध्या में राम मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम मूर्ति की स्थापना को लेकर लोगों में बहुत उत्साह दिखा। इस यात्रा में लोगों ने राजनीति से ऊपर उठकर धार्मिक तौर पर भाग लिया।

इस यात्रा में जय श्री राम और भारत माता की जय के नारे लगाए गए। गांव की महिलाओं ने भगवान राम के गाने गाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इसके बाद शिवशक्ति मंदिर में भक्ति संगीत व नृत्य किया और आपसी भाईचारे संस्कृति की मिसाल पेश की।

**परेशानी** सड़क कैबिनेट मंत्री के घर को भी जाती है, अक्सर वह अपने घर इसी रास्ते से होकर जाते हैं

# एक साल से खुले में बह रही सीवरेज की गंदगी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के बजोहा वार्ड में पिछले एक साल से सीवरेज की गंदगी खुले में बह रही है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि विभाग को इस बारे में कई बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हो पाया है।

खुले में बह रही यह गंदगी गंभीर बीमारियों को न्योता दे रही है। घुमारवीं से पनौल जाने वाली इस सड़क किनारे बहने वाली गंदगी न तो विभाग को दिखाई दे रही है और न ही संबंधित ठेकेदार को। हैरानी इस बात की भी है कि यह सड़क कैबिनेट मंत्री के घर को भी जाती है और वह अकसर अपने घर इसी रास्ते से होकर जाते हैं। बावजूद इसके विभाग लापरवाह बना बैठा है, जबकि इस गंदगी से मात्र 50 फीट दूर शहर के दो बड़े निजी स्कूल स्थित है, जिनमें स्टूडेंट्स पढ़ने आते हैं। सीवरेज की इतनी गंदगी है इन छात्रों का स्कूल में बैठना मुश्किल हो जाता है, जिस बारे में बार-बार संबंधित विभाग और कर्मचारियों को अवगत करवाया गया है, लेकिन आश्वासन के सिवा अभी तक कुछ नहीं मिला है। इस गंदगी से स्थानीय लोग दुकानदार और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। खुले में बहती यह गंदगी जहां स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबक बन गई है। वहीं, दूसरी तरफ हो यह मलयुक्त पानी सीधे सीरखड्ड में मिल रहा है। क्योंकि सीरखड्ड से पनौल, अमरपुर, बाड़ी सहित कई पंचायतों के दर्जनों गांवों को पेयजल योजनाएं चलती हैं, जिससे लोगों को पीने का पानी मुहैया करवाया जाता है। यही वजह है कि लोगों को सीवरेज की इस गंदगी से बीमारी फैलने की चिंता सता रही है, जबकि इस गंदगी के कारण स्थानीय लोगों तथा स्कूल आने वाले हजारों छात्रों के स्वास्थ्य पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)



नगर परिषद घुमारवीं के बजोहा वार्ड में पिछले एक साल से खुले में बह रही सीवरेज की गंदगी।

> मामला ध्यान में नहीं था। आज ही कर्मचारी भेज कर सीवरेज लाइन को ठीक करवा दिया जाएगा, ताकि लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े।
> **मस्तराम चौहान, सहायक अभियंता, जल शक्ति विभाग घुमारवीं।**

# घुमारवीं का पार्किंग प्लान ठंडे बस्ते में, नहीं बना पा रहे व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

- घुमारवीं में पार्किंग की सही व्यवस्था न होने से लोगों को हो रही दिक्कतें
- पुलिस विभाग ने दकडी चौक से गांधी चौक तक पुलिस कर्मी तैनात किए

घुमारवीं के लिए तैयार किए गए नए पार्किंग प्लान को मंजूर हुए तीन माह का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक प्रशासन शहर में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं बन पाया है।

यही कारण है कि अनियंत्रित यातायात शहर वासी परेशान हैं। यही कारण है कि घुमारवीं शहर से बीचों-बीच गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 103 दकडी चौक से गांधी चौक तक एक अस्थायी पार्किंग स्थल बनता जा रहा है।

हालांकि पुलिस विभाग ने दकडी चौक से गांधी चौक तक पुलिस कर्मी तैनात किए हैं, लेकिन वाहन चालक नियमों को दरकिनार कर सड़क किनारे वाहनों को पार्क कर देते हैं और इससे शहर में जाम की स्थिति बनती जा रही है। यातायात की सबसे खराब स्थिति गांधी चौक के आसपास है, यहां वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से सड़क इतनी संकरी हो गई है कि वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।


विनोद मेहता।

शहर में पार्किंग व्यवस्था होना बहुत जरूरी हैं। पार्किंग की समस्या का समाधान प्रशासन आज तक नहीं कर पाया है। मजबूरी में चालकों को अपने वाहन सड़क किनारे पार्क करने पड़ते हैं।


सुरजीत पटियाल।

घुमारवीं शहर में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण शहर में खरीददारी करने के लिए आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



मनोज का कहना है कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए। पार्किंग न होने से लोगों को सड़क किनारे अपने वाहन पार्क करने पड़ते हैं। प्रशासन को इस समस्या को जल्द से जल्द समाधान करना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### तनोह में यात्रा का स्वागत, मिशन 400 पार के विजन से भाजपा बढ़ रही है आगे


भारत विकसित संकल्प यात्रा में शामिल हुए लोग।

**बंगाणा।** तनोह पंचायत में भारत विकसित संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत हुआ। कुटलैहड़ भाजपा प्रवक्ता सुरेंद्र हटली ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मिशन 400 पार फिर मोदी सरकार के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन देश में अभी भी कांग्रेस के ऐसे संसद हैं, जिनके पास 400 करोड़ मकान के छह कमरों की 12 अलमारियों में निकल रहे हैं। मोदी सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार नहीं हुआ। भारत सरकार मिशन 400 पार के नारे से 2024 में हैट्रिक लगाने की ओर अग्रसर है। कांग्रेस के सांसद मिशन 400 करोड़ से आगे बढ़ रहे हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत इसलिए ही प्रदान किया है। हटली ने कहा कि सुक्खू सरकार का एक वर्ष पूर्ण हुआ पर दस गारंटियों का क्या बना। चालू वर्ष करोड़ों की देनदारी सुक्खू सरकार की हो गई है। मोदी सरकार गरीब के उत्थान और जनता के सम्मान के लिए आगे बढ़ रही है। प्रदेश सरकार ने दस गारंटियों में से एक भी गारंटी पूरी नहीं की है। यह प्रदेश की जनता के लिए दुर्भाग्य की बात है। हटली ने कहा कि प्रदेश सरकार, संगठन, मंत्री, विधायकों में जबरदस्त खींचातानी चली हुई है। इस मौके पर स्थानीय प्रधान शकुंतला देवी, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, बिट्टू शर्मा, उर्मिला देवी, राजेश कुमार व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ऊना जिले में लोकसभा चुनाव-2024 के लिए समितियां की गई गठित

**ऊना।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राघव शर्मा द्वारा सामान्य लोकसभा चुनाव-2024 के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर समितियों का गठन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनावों में शिकायत दर्ज करने के लिए गठित जिला स्तरीय शिकायत निगरानी समिति के अतिरिक्त उपायुक्त समन्वयक होंगे, जबकि परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण और जिला कोषाधिकारी समिति के सदस्य होंगे। इसके अलावा सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले प्रत्याशियों द्वारा चुनावों में किए जाने खर्च की निगरानी हेतु जिला स्तरीय व्यय निगरानी समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त होंगे, जबकि भारत निर्वाचन आयोग के व्यय पर्यवेक्षक विधानसभा के प्रभारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त नोडल अधिकारी, व्यय निगरानी सेल के प्रभारी होंगे। राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा चुनावी प्रचार-प्रसार के लिए आदान-प्रदान की जाने वाली सूचनाओं की निगरानी के लिए मीडिया प्रमाणिकरण एवं निगरानी समिति का गठन किया गया है। समिति में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा एसडीएम सदर ऊना सदस्य और जिला सूचना अधिकारी, एनआईसी ऊना मध्यस्थ/सोशल मीडिया विशेषज्ञ होंगे, जबकि जिला लोक संपर्क अधिकारी सदस्य सचिव और पत्रकार राजेश शर्मा समिति सदस्य होंगे।

### भरवाईं उपतहसील में बेहतर सेवाओं के लिए सम्मानित हुए आपदा मित्र


आपदा मित्रों को सम्मानित करते हुए नायब तहसीलदार।

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में भरवाईं उपतहसील के अंतर्गत बेहतर आपदा सेवाएं देने वाले पांच आपदा मित्रों को सम्मानित किया गया। भरवाईं में तैनात नायब तहसीलदार संजीव कुमार ने इन आपदा मित्रों को माता की चुनरी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में संदीप कुमार, साहिल, मयंक, प्रबल, अभिनव, वीरेंद्र, आयुष्मान शामिल हैं। नायब तहसीलदार संजीव कुमार ने बताया कि समय-समय पर यह लोग प्रशासन का सहयोग करते रहते हैं। हाल फिलहाल में इन्होंने चिंतपूर्णी में बाजार बंद के दौरान श्रद्धालुओं को गाइड किया। बाहरी राज्यों से श्रद्धालुओं का मंदिर तक पहुंचने में सहयोग किया। उन्होंने भरोसा जताया कि यह आपदा मित्र यह आगे भी इस तरह के कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर सहायक मंदिर अधिकारी अशोक डोगरा और सीनियर सुपरिंटेंडेंट जीवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### ईको टूरिज्म सदस्य के घर से चोरों ने उड़ाए 60 हजार के पीतल व कांसे के बर्तन

**हरोली।** प्रदेश ईको टूरिज्म सदस्य पितांबर जसवाल के घर चोरी का मामला प्रकाश में आया है। इस सिलसिले में पितांबर जसवाल ने हरोली पुलिस थाना में एक शिकायत पत्र सौंप कर जांच की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में पितांबर जसवाल ने घर में काम करने वाली नौकरानी तथा उसके बेटे पर संदेह जताया है। शिकायत में कहा गया कि उनके घर में काम करने वाली सरोज ने अपने बेटे विशाल के साथ मिलकर हमारे घर से पीतल तथा कांसे के बर्तन चुरा लिए। चुराए गए बर्तनों को विशाल एक ट्रैक्टर की मदद से ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है। चुराए गए बर्तनों की कीमत 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने पितांबर जसवाल की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि हरोली उपमंडल के सलोह निवासी की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया गया है। इसमें नामजद मां-बेटे को जल्द पूछताछ के लिए पुलिस थाना बुलाया जाएगा।

### द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में अब क्वाइन वेंडिंग मशीन से मिलेगा भोलेनाथ का खजाना

# अब शिवभक्त ऑनलाइन और क्यूआर कोड से चढ़ा सकेंगे चढ़ावा

**उपायुक्त राघव शर्मा, एसडीएम शशि पाल शर्मा की मौजूदगी में विधायक चैतन्य शर्मा ने की श्रद्धालुओं को समर्पित**

अनंत ज्ञान, गगरेट

**भगवान** भोलेनाथ के भक्त अब देश-विदेश से अपनी इच्छा अनुसार भोले के दरबार ऑनलाइन चढ़ावा भी चढ़ा सकेंगे। द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी अंबोटा में यूको बैंक के सहयोग से मंदिर ट्रस्ट ने ऑनलाइन चढ़ावे की व्यवस्था भी की है। इसके लिए यूको बैंक ने जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन दानपात्र का लिंक दिया है। यही नहीं बल्कि, मंदिर के अकाउंट का क्यूआर कोड भी जारी कर दिया गया है, जबकि भोलेनाथ के भक्त भोलेनाथ का खजाना ले जा सके, इसके लिए क्वाइन वेंडिंग मशीन भी मंदिर परिसर में स्थापित की गई है। शुक्रवार को विधायक चैतन्य शर्मा ने उपायुक्त राघव शर्मा व एसडीएम शशि पाल शर्मा की मौजूदगी में इन सुविधाओं का अनावरण किया।

भगवान भोलेनाथ के भक्त भी अनन्य हैं, तो द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी अंबोटा में शिव भक्तों की अगाध आस्था है। हालांकि कई भक्त भोले के दरबार आ नहीं पाते, लेकिन वह यथाशक्ति अपने आराध्य देव को चढ़ावा चढ़ाना चाहते हैं। इसके लिए ऑनलाइन व्यवस्था न होने के कारण कई बार भक्तों को मायूसी का सामना करना पड़ता था। मंदिर ट्रस्ट ने यूको बैंक के साथ मिलकर इसका हल निकाला और यूको बैंक के सहयोग से मंदिर परिसर में क्वाइन वेंडिंग मशीन स्थापित करवाई गई, जिससे श्रद्धा अनुसार भक्त भोलेनाथ का खजाना प्राप्त कर सकते हैं। पहले चरण में भक्त इस मशीन से दस रुपए से लेकर सौ रुपए तक का नोट डाल कर खजाने के रूप में सिक्के प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद इस मशीन से पांच सौ रुपए तक सिक्के निकालने की व्यवस्था की जाएगी। इससे मंदिर न्यास को भी मंदिर में चढ़ने वाली चिल्लर को संभालने में आसानी होगी। यही नहीं, बल्कि अब भक्त ऑनलाइन भी चढ़ावा चढ़ा सकेंगे। इसके लिए यूको बैंक द्वारा मंदिर के अकाउंट का क्यूआर कोड जारी किया गया है, ताकि भक्त इसे स्कैन कर ऑनलाइन ही चढ़ावा चढ़ा सकें। इसके अलावा अब दूर बैठे भक्त भी ऑनलाइन माध्यम से अपने आराध्य महादेव को चढ़ावा भेज सकेंगे। इसके लिए भी यूको बैंक ने जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर बैंक अकाउंट का लिंक जारी किया है। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के तमाम सरकारी सदस्यों के अलावा शिवबाड़ी एवं शिव मंदिर डेवलपमेंट कमेटी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।


द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी के खाते का क्यूआर कोड जारी करते विधायक चैतन्य शर्मा, डीसी राघव शर्मा व एसडीएम शशि पाल शर्मा।

# थानाकलां में 54 टॉपरों को मिले लैपटॉप

## 41 लोगों को बांटे राहत चेक, विधायक भुट्टो ने 14 लाख से निर्मित भवन का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान, बंगाणा

**कुटलैहड़** से विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अगुआई में कुटलैहड़ क्षेत्र में शिक्षा का मूलभूत ढांचा सुदृढ़ हो रहा है। हर स्कूल में स्टाफ भी मुहैया हो रहा है।

पंचायत प्रतिनिधियों से हर बैठक केवल विकास पर चर्चा करके उन्हें भी राजनीति से हटकर विकास को गति प्रदान करने का निवेदन किया। कुटलैहड़ क्षेत्र में 90 प्रतिशत पंचायत प्रतिनिधि विकास को लेकर हमारे पास आते हैं। भुट्टो ने कहा कि बीते पांच वर्ष हमने देखा है कि कैसे कुटलैहड़ के हर स्कूल में राजनीति के कुछ चुनिंदा लोग शिक्षा के क्षेत्र को राजनीति हर्ट बनाते थे। हमने इस प्रथा को खत्म किया है। भुट्टो द्वारा 54 स्कूल के टॉपर स्टूडेंट्स को लैपटॉप और 41 लोगों को गरीबी रेखा से नीचे के राहत चेक वितरण किए। भुट्टो ने थानाकलां प्राइमरी स्कूल में 14 लाख से बने चार कमरों का भी उद्घाटन करके स्टूडेंट्स को समर्पित किया। स्कूल प्रिंसिपल संजीव पराशर द्वारा वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गई। विधायक ने थानाकलां स्कूल के लिए 10 लाख रुपए शौचालयों के लिए, 21 हजार संस्कृत के लिए व अन्य सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार, राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र ठाकुर, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष नीरज ठाकुर, महासचिव अजय शर्मा, बीडीसी सदस्य अच्छरो बीबी, राज कुमार व स्कूल स्टाफ समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।


टॉपर स्टूडेंट्स को लैपटॉप वितरित करते हुए विधायक भुट्टो।

### भुट्टो ने एनएसएस यूनिट को दस हजार देने की घोषणा की

**विधायक** देवेंद्र कुमार भुट्टो ने थानाकलां स्कूल में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर के समापन अवसर पर शिरकत की। शिविर में राज्यभर से आए एनएसएस के 900 कैडेट्स भाग लिया। विधायक ने कहा कि एनएसएस समाज को कुरीतियों से बचाने और जनता को हर तरह से जागरूक करने का काम करता है। कोविड के समय हमने कुटलैहड़ के हर चौक पर एनएसएस कैडेट्स को जनता को जागरूक करते हुए देखा है। कोविड के समय में ही जनता को एनएसएस की कार्यशाला के बारे में पता चला है। भुट्टो ने दस हजार रुपए एनएसएस यूनिट को विधायक निधि से देने की घोषणा की।

### हर हाथ अनंत ज्ञान


ऊना बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए नीरज शर्मा।


ऊना में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए युवा कांग्रेस नेता करुण शर्मा।


मुबारिकपुर बाजार में सब्जी विक्रेता कालू राम फुर्सत के क्षणों में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


मुबारिकपुर बाजार में प्रसिद्ध रुद्रा ज्वेलर्स के मालिक राजीव कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


बंगाणा बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पढ़ते हुए विवेक शर्मा।

### कुसुम ठाकुर ने 200 मीटर रेस में जीता गोल्ड


कुसुम ठाकुर

**ऊना।** उड़ीसा में चल रही इंटर यूनिवर्सिटी एथलीट प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की कुसुम ठाकुर ने 200 मीटर रेस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। कुसुम ने 24.13 सेकंड में रेस को पूरा करके यह मुकाम हासिल किया। जिला मंडी की रहने वाली कुसुम ने इंटर यूनिवर्सिटी एथलीट प्रतियोगिता में गोल्ड जीतकर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। कुसुम ठाकुर धर्मशाला में रह कर एथलीट की प्रेक्टिस कर रही है। इसकी प्रतिभा को तराशने में उसके कोच अंकित का बहुत योगदान रहा है। कुसुम ने इस जीत का श्रेय अपने कोच अंकित और अपने माता-पिता को दिया है। खेल प्रेमियों रमन सैनी, अनुराग दयाल, ध्रुव, हितेश सैनी, पंकज पीटर, आराध्या पुरी ने कुसुम ठाकुर को जीत के लिए बधाई दी है।

# सुमित ने अंडर-19 कुश्ती में जीता गोल्ड

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

**दिल्ली** में आयोजित अंडर-19 स्कूली रेसलिंग प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी सुमित ठाकुर ने गोल्ड मेडल जीता है। अंडर-19 स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में किया गया। यह जानकारी रेसलिंग कोच प्रिंस पठानिया ने दी। उन्होंने बताया कि सुमित ठाकुर ने 72 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड जीता है। सुमित ने फाइनल मुकाबले में दिल्ली के पहलवान प्रेम को 10-0 से एकतरफा मुकाबले में परास्त किया। सुमित ठाकुर खेल छात्रावास ऊना में रहकर प्रेक्टिस करता है। कोच प्रिंस पठानिया की देखरेख में उसने आज स्कूली खेलकूद में गोल्ड मेडल जीता है। खेल प्रेमियों ने सुमित और उसके कोच प्रिंस पठानिया को गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई दी है। सुमित ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश और अपने स्पोर्ट्स हॉस्टल ऊना का नाम रोशन किया है। कोच प्रिंस पठानिया ने बताया कि सुमित ठाकुर ने अपनी बाउट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। सुमित ने इस जीत का श्रेय अपने कोच प्रिंस पठानिया को दिया। सुमित द्वारा गोल्ड जीतने पर जिला खेल अधिकारी उत्तम डोड, खेल प्रेमियों रमन सैनी, अनुराग दयाल, नवीन शर्मा, सुनील शर्मा, संदीप बेदी, आशीष सेन, संजय, तपे राम, राकेश चौधरी, दीपक जसवाल, दारा सिंह ने बधाई दी है।


अंडर-19 कुश्ती मुकाबला जीतने के बाद मेडल प्राप्त करते सुमित।

### द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी मामला

# हाई कोर्ट ने लगाई प्रबंधन समिति के निलंबन और नियुक्ती पर रोक

सन्नी पुरी, गगरेट

**जिला** ऊना की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट सोसायटी द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट की प्रबंधन समिति को विशेष आडिट तक निलंबित करने व सभा पर प्रशासक नियुक्त करने के असिस्टेंट रजिस्ट्रार सहकारी सभाएं ऊना के आदेश पर प्रदेश उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है।




असिस्टेंट रजिस्ट्रार के आदेश को सभा की प्रबंधन समिति ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने इस मामले में निर्णय देते हुए कहा कि अपीलनीय न्यायालय ने रिट का निपटान करते समय स्वतंत्र दिमाग का अनुप्रयोग नहीं किया है। शुक्रवार को इस पर निर्णय देते हुए न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने असिस्टेंट रजिस्ट्रार के निर्णय को संयुक्त सचिव सहकारी सभाएं द्वारा लिखे गए पत्र से प्रभावित बताते हुए इस आदेश पर रोक लगा दी। यही नहीं, बल्कि प्रशासक नियुक्त करने के निर्णय पर भी रोक लगा दी गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता अजय शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### सोसायटी के प्रधान बोले- सच्चाई को दबाया जा सकता है, मिटाया नहीं

**गगरेट।** द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी की प्रबंधन समिति के निलंबन पर प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक को सोसायटी के प्रधान सतीश गोगी ने सच्चाई की जीत करार दिया है। उन्होंने कहा कि अगर न्यायपालिका आम लोगों के हितों के संरक्षण के लिए आगे न आए तो राजनेता अफसरशाही के साथ मिलकर उन लोगों को तो रौंद डालें, जिनकी विचारधारा उनकी विचारधारा से नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि अफसरशाही के साथ मिलकर सत्तारूढ़ दल ने सच का गला घोंटना चाहा और उन लोगों का साथ दिया जो डिफाल्टर हैं, लेकिन सच्चाई को दबाया तो जा सकता है लेकिन मिटाया नहीं जा सकता।

### ऊना में कंपकंपी कोहरे और धुंध का प्रकोप भी बढ़ा

**ऊना।** सर्दी के मौसम के चलते जैसे-जैसे दिसंबर माह खत्म हो रहा है, वैसे-वैसे जिला ऊना में ठंड का स्तर बढ़ रहा है। सुबह-शाम लोगों को धुंध व कोहरे के कारण ठिठुरकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि पिछले 24 घंटे में मौसम विभाग ने जिला ऊना के अधिकतम तापमान में 6.2 डिग्री सेल्सियस तापमान की गिरावट दर्ज की है तो न्यूनतम तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की कमी मापी गई है। मौसम विभाग ने जिला ऊना का अधिकतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया तो न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस मापा गया। आने वाले दिनों में धुंध व कोहरे के कारण लोगों की दिक्कतें बढ़ सकती है।

# पुल पर नई सड़क का सौंदर्यीकरण तो हुआ, पर पुल गिरने की कगार पर

**एक वर्ष से जिला परिषद बैठक में उठ रहा मुद्दा, विभाग कर रहा बड़ी दुर्घटना का इंतजार**

राजेश ठाकुर, बंगाणा

**उपमंडल** बंगाणा में एक ऐसी सड़क जिस पर करोड़ों रुपए खर्च हुए, लेकिन सड़क पर बड़ा पुल बनाने के लिए न तो विभाग द्वारा दिलचस्वी दिखाई गई और न ही ठेकेदार ने उचित समझा। मात्र लीपापोथी करके सड़क को काला कर दिया गया। जी हां, हम बात कर रहे हैं उपमंडल बंगाणा से भाखड़ा जाने वाली सड़क का। थानाकलां से भाखड़ा सड़क पर थानाकलां बाजार से 100 मीटर की दूरी पर उक्त सड़क पर बना पुल उस समय का है, जब उक्त सड़क लिंक रोड हुआ करती थी। उसके बाद इस सड़क की चौड़ाई को बढ़ाने के लिए कई बार करोड़ों खर्च किए गए, लेकिन उक्त पुल को दोबारा नहीं बनाया गया। अब उक्त पुल के हालात ऐसे हैं कि जब भी कोई वाहन उक्त सड़क से गुजरता है तो उस पुल के पत्थर गिरने शुरू हो जाते हैं। थानाकलां बाजार के साथ लगते इस पुल की दयनीय हालात पर हर जगह चर्चा हो रही है, लेकिन लोक निर्माण विभाग क्यों गहरी नींद सोया है। क्या किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। उक्त सड़क पर कई भारी वाहन गुजरते हैं। सड़क के साथ हर समय उक्त पुल से निकलते पत्थर साफ दिखाई देते हैं, लेकिन फिर न जाने क्यों विभाग आंखें मूंदकर बंद कमरों में बैठा है। ज्ञात रहे थानाकलां स्कूल में एक हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स उक्त सड़क से पैदल या फिर बस, निजी गाड़ियों से गुजरते हैं। उक्त पुल के साथ बाजार की दुकानें भी लगती हैं। फिर भी उक्त पुल के जीर्णोद्धार के लिए विभाग द्वारा कोई कसरत नहीं की गई है। गौर रहे थानाकलां, भाखड़ा, नैनादेवी जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली इस सड़क की लीपापोथी का होना संबंधित विभाग और ठेकेदार ओर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है। (अनंत ज्ञान)


पुल के हालात ऐसे हैं कि जब वाहन गुजरता है, तो पुल के पत्थर गिरने शुरू हो जाते हैं।

**बीते** एक वर्ष से थानाकलां-भाखड़ा सड़क पर थानाकलां में पुल निर्माण या सुधारीकरण का मुद्दा जिला परिषद की मासिक बैठक में उठाया जा रहा है। बंगाणा उपमंडल के लोक निर्माण विभाग के बड़े अधिकारी भी इस बैठक में मौजूद होकर समस्या को सुनते हैं, लेकिन अभी तक विभाग क्यों अपनी कुंभकर्णी नींद से नहीं जाग रहा है। हैरानी की बात है। क्या विभाग भी छपरोह की तरह किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। इस बात का विभाग के आलाधिकारी जनता को जवाब देना चाहिए।

**-कृष्ण पाल शर्मा, उपाध्यक्ष जिला परिषद ऊना।**

**थानाकलां-भाखड़ा** सड़क पर पुल निर्माण के लिए सरकार को पत्र लिख दिया गया है। पत्र में जल्द धन स्वीकृत करवाने और एस्टीमेट के बारे में बताया गया है। जैसे ही सरकार की तरफ से धन की स्वीकृति मिलती है। वैसे ही थानाकलां-भाखड़ा सड़क के नए पुल निर्माण जल्द करवा दिए जाएंगे।

**- देवराज भाटिया, अधिशाषी अभियंता।**

# यमुनानगर में शीतलहर और धुंध ने किया परेशान, विजिबिलिटी 20 मीटर दर्ज

**एजेंसी, यमुनानगर**

उत्तरी मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा में कड़ाके की ठंड बढ़ रही है। पूरे इलाके में कोहरे का कहर जारी है। सर्द हवा व वातावरण में नमी की मात्रा ने ठंड के प्रकोप को और भी बढ़ा दिया है। बढ़ती ठंड का असर इन दिनों सड़क और रेल पर भी देखने को मिल रहा है।

जिले में वीरवार की रात से और शुक्रवार सुबह भी घना कोहरा छाया हुआ है। कड़ाके की ठंड से यमुनानगर व आसपास के जिलों में दिन व रात के तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस का अंतर आ गया। यमुनानगर के दामला क्षेत्र में दिन का तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस रहा। धुंध छाई हुई है और विजिबिलिटी 20 मीटर रही, जिसके चलते दो दिन से धूप भी नहीं निकली।



## कश्मीर घाटी में पड़ रही है जबरदस्त ठंड

**जम्मू।** कश्मीर घाटी में शुक्रवार सुबह घने कोहरे के कारण जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और पूरे क्षेत्र में जबरदस्त ठंड पड़ी। कश्मीर में पैदल यात्री, मोटर चालक और यहां तक कि पानी की नावें भी धीमी गति से चलीं, क्योंकि यहां विजिबिलिटी घट गई है। भीषण ठंड ने आम आदमी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग के अनुसार, श्रीनगर शहर में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि गुलमर्ग और पहलगाम में शून्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे और शून्य से 5.4 डिग्री नीचे तापमान दर्ज किया गया। लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 14.7, कारगिल में माइनस 11.6 और द्रास में माइनस 13.8 रहा। जम्मू शहर में रात का न्यूनतम तापमान 8.6, कटरा में 7.8, बटोटे में 4.4. भद्रवाह में 1 और बनिहाल में माइनस 0.8 रहा।

## कैलाशानंद गिरि महाराज का एक जनवरी को अवतरण दिवस मनेगा

**हरिद्वार।** नए साल के पहले दिन एक जनवरी को निरंजन पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज का 47वां अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। निजी सचिव अवंतिकानंद ब्रह्मचारी के मुताबिक भोलेनाथ माई के अभिषेक के अलावा गंगा घाट पर 5100 दीयों का दीपदान और भजन संध्या भक्तों के आकर्षण के केंद्र में रहेगी।



आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज ने बताया कि उनके अवतरण दिवस पर तृतीय संन्यास दीक्षा समारोह भी आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर संत समाज की मौजूदगी में मुख्य अतिथि राज्यपाल गुरमीत सिंह की उपस्थिति रहेगी।

### धाजा हो या जागरण, महिला डांसर सोनिया के नाम से फेमस सोनू की कलाकारी से हर कोई हैरान

# परागपुर का सोनू महिला डांसर बन मचा रहा धमाल

**शालविया शर्मा, गरली**

जिला कांगडा के गांव परागपुर (शांतला टिक्कर) में ज्ञान चंद के घर जन्मे 23 वर्षिय सोनू भारद्वाज इन दिनों महिला डांसर व अपनी मधुर गायकी के दम पर समूचे देश, प्रदेश में अपनी कलाकारी से धमाल मचा रहे हैं। धाजा जागरण व अन्य कई कार्यक्रमों में सोनिया डांसर के नाम से फेमस हो चुके सोनू भारद्वाज की जबरदस्त कलाकारी को देखकर हर कोई सलाम करता नजर आ रहा है। सोनू भारद्वाज एक डांसर ही नहीं है बल्कि इसकी गायकी भी बहुत कमाल है। सोनू भारद्वाज मंच पर अपनी सुरीली आवाज से पंजाबी, हिंदी, पहाड़ी व पंजाबी भेंटें व अन्य गाने सुनाकर खूब वाहवाही लूट रहा है। सोनू भारद्वाज महिला डांसर बन कर जब मंच पर अपनी डांस की प्रस्तुति देता है तो वहां मौजूद दर्शक नोटों की बरसात करने से पीछे नहीं हटते। सोनू भारद्वाज की इस दमदार कलाकारी को देखते हुए अब इसे हिमाचल के कोने-कोने से नहीं बल्कि देशभर के लोग अपने कार्यक्रम में बुलाने लगे हैं।



**मंच पर अपनी मधुर आवाज से हर तर्ज की भेंटें और गाने सुनाकर भी लूट रहा वाहवाही**

## सातवीं कक्षा से ही शुरू किए स्टेज प्रोग्राम

सोनू भारद्वाज ने बताया कि वह चार बहनों के इकलौते भाई हैं और अपने घर की अति नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्होंने नैहरनपुखर व परागपुर बाल स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते वक्त सातवीं कक्षा से ही स्टेज पर डांस करना शुरू कर दिया था। सोनू भारद्वाज ने बताया कि कई चुनौतियां मेरे सामने आईं पर मैंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा और धाजा, जागरण, रामलीमा आदि कार्यक्रमों में महिला डांसर की कलाकारी को अपना करियर मानकर आगे बढ़ता गया। अपने करियर को सफल बनाने के लिए मुझे माता-पिता का पूरा सहयोग मिला। सोनू ने बताया कि प्लस टू की पढ़ाई करने के बाद मैंने सरकारी आईटीआई नैहरनपुखर में प्लंबर का डिप्लोमा भी किया, लेकिन काम की कहीं सही सेटिंग न होने पर डांसर बनकर अपने करियर को आगे बढ़ाने का मन बनाया।



## वर्ल्ड न्यूज

### विदेशी निवेश में हरियाणा पहली पसंद : कंवरपाल

**यमुनानगर।** हरियाणा के स्कूल शिक्षा वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी स्थित अपने आवास पर जन समस्याएं सुनीं। स्कूल, शिक्षा मंत्री ने अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया और विभागाध्यक्षों को आगामी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश व विदेश से निवेश करने के लिए कोई आता है तो हरियाणा उनकी पहली पसंद है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 2014 में हरियाणा एक-हरियाणवी एक का नारा दिया, हमने जो कहा, वह करके दिखाया।

### पुलिस ने दो बाइक चोर दबोचे एक बाइक बरामद

**हरिद्वार।** कनखल थाना पुलिस ने दो वाहना चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक कृष्णा नगर कनखल निवासी मनीष सचदेवा ने 28 दिसंबर को अपनी बाइक चोरी के संबंध में पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस ने श्री यंत्र पुल से बैरागी कैंप को जाने वाले रास्ते से दो आरोपितों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

### एससी/एसटी एक्ट हटाने की होगी जांच, कमेटी का गठन

**फतेहाबाद।** पुलिस ने दो मामलों में एससी-एसटी एक्ट हटाने पर एक जांच कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में दो गैर सरकारी सदस्यों को शामिल करते हुए एडीसी डॉ. बह्मजीत सिंह रांगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मामलों की एक सप्ताह के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट एडीसी कार्यालय में प्रस्तुत की जाए। एडीसी की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी तथा जिला स्तरीय मैनवल सैं[ जिंग सतर्कता कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एडीसी डॉ. रांगी ने कहा कि किसी भी मामले में पीड़ित व्यक्ति यों को समय पर न्याय मिलना चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए।

### सरकारी डॉक्टरों की हड़ताल रही बेअसर, ओपीडी रही जारी

**यमुनानगर।** प्रदेश भर के सरकारी डॉक्टरों के शुक्रवार से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर जाने के फैसले का यमुनानगर के नागरिक अस्पताल में कोई असर देखने को नहीं मिला। यहां ओपीडी के साथ-साथ आपातकालीन सेवाएं भी जारी रहीं। हालांकि, जिले में 102 डॉक्टरों में से 46 सरकारी डॉक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला लिया। डॉक्टरों की हड़ताल को देखते हुए ओपीडी को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी 15 एनएचएम के डॉक्टर, डेंटिस्ट और मेडिकल स्टूडेंट से आपातकालीन सेवाओं को चला रहे हैं।

### लहबोली गांव में दीवार गिरने से छह मजदूरों की मौत

**हरिद्वार।** मंगलौर क्षेत्र के लहबोली गांव में ईंट भट्ठे की दीवार गिरने के कारण छह मजदूरों की मौत पर खानपुर विधायक उमेश कुमार ने दुख व्यक्त किया। विधायक ने शुक्रवार को मृतकों के परिजनों से मुलाकात और परिजनों को 25 हजार देने की घोषणा की। विधायक उमेश कुमार ने बताया कि पीड़ितों में चार परिवार हरिद्वार जनपद के निवासी हैं, दो परिवार ऐसे हैं, जिनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवार के बच्चों के साथ ही मृतकों की पत्नी को सरकार द्वारा हर सरकारी सुविधाएं दिलाने का काम करेंगे।

# पंजाब के मंत्री अमन अरोड़ा की विस सदस्यता रद्द करने की मांग

## अकाली दल ने स्पीकर को लिखा पत्र, सुनाम कोर्ट सुना चुका है दो साल की सजा

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के मंत्री अमन अरोड़ा की मुश्किलें बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। पंजाब के कैबिनेट मंत्री मंत्री अमन अरोड़ा के खिलाफ 21 दिसंबर, 2023 को संगरूर जिले की सुनाम अदालत ने दो साल की कैद की सजा सुना चुकी है। कोर्ट के इस फैसले के बाद शिरोमणि अकाली दल ने अमन अरोड़ा की विधानसभा सदस्यता रद्द करने के लिए स्पीकर कुलतार सिंह संधवा को पत्र लिखा है और अमन अरोड़ा को तत्काल अयोग्य घोषित करने की मांग की है।

गौरतलब है कि सुनाम की कोर्ट ने 21 दिसम्बर को आम आदमी पार्टी के मंत्री अमन अरोड़ा को 15 साल से चल रहे घरेलू लड़ाई-झगड़े के मामले में दो वर्ष की सजा का हुकूम सुनाया था। उसके बाद राजनीतिज्ञों में कई तरह अटकलें शुरू हो गईं। ऐसे कयास लगाए जाने लगे कि दो वर्ष की सजा के चलते उनकी विधानसभा से सदस्यता रद्द होगी या नहीं।



### 2013 में किसी केस में फंसे थे

**इसी** बीच शिरोमणि अकाली दल के विधायक सुखविंदर सिंह सुक्खी ने विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा को पत्र लिखकर संसद से उनकी सदस्यता को रद्द करने की मांग की। पत्र में सुक्खी ने सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2013 में किसी केस में सुनाए गए फैसले और अदालत के सुनाए दो साल की सजा के फैसले पर सदस्यता रद्द करने का हवाला दिया है।

### 2008 में मारपीट का मुकदमा दर्ज

**सुनाम** की जिला कोर्ट ने घरेलू लड़ाई-झगड़े के मामले पर फैसला सुनाते हुए केबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को दो साल की सजा सुनाई थी। अमन अरोड़ा के जीजा राजिंद्र दीपा ने 2008 में उन पर घर में दाखिल होकर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज करवाया था। अदालत ने अमन अरोड़ा के साथ-साथ नौ अन्य लोगों को भी दो-दो साल की सजा सुनाई थी, सजा के साथ-साथ में जुर्माना भी लगाया गया था। जानकारी के अनुसार, इन दोषियों में से एक की मौत हो चुकी है।

### भगवंत मान सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं अमन अरोड़ा

**भगवंत** मान कैबिनेट में अमन अरोड़ा के पास नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, मुद्रण और स्टेशनरी, रोजगार सृजन और प्रशिक्षण और शासन सुधार विभाग हैं। इस मामले में नौ लोगों पर आईपीसी की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसमें 452 (घर-अतिचार) और 323 शामिल है। अदालत ने उन्हें आईपीसी की धारा 452 के तहत दो साल की कैद और धारा 323 के तहत एक साल की सजा सुनाई है।

# एनआरआई सभा पंजाब के पांच जनवरी को होंगे चुनाव

**एजेंसी, चंडीगढ़**

एनआरआई सभा पंजाब के चुनाव पांच जनवरी को होने जा रहे हैं। इसके लिए जालंधर प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। विदेशों में बसे पंजाबी और पांच साल से अधिक समय तक विदेशों में काम करने वाले लोग एनआरआई सभा पंजाब के सदस्य हैं। आज इनकी संख्या 24 हजार से अधिक हो चुकी है।

एनआरआई सभा पंजाब 1996 में चर्चा में आई थी, जिसे 1998 में रजिस्टर कराया गया था। 1997 में जब पहली बार सभा के चुनाव हुए तो एडवोकेट प्रेम सिंह सर्वसम्मति से प्रधान बने, तब सदस्यों की संख्या 300 के करीब थी। एनआरआई को समस्याएं आने लगीं, तो सभा उन्हें हल करवाती थी। उसके बाद सदस्यों की संख्या लगातार बढ़ती गई। आज 24 हजार से अधिक सदस्य हैं।

**2010 में एनआरआई सभा के पहली बार चुनाव हुए, जिसमें 2200 के करीब वोटिंग हुई थी।**



### पांच साल नहीं हुए थे चुनाव

**साल** 2015 से 2020 तक तकनीकी कारणों से सभा पहली बार बिना प्रधान के रही और सारा कामकाज प्रशासन के जरिए सरकार के नुमाइंदे खुद देख रहे थे। 27 दिसंबर तक रजिस्ट्रेशन करवाने वाले सदस्य ही 2024 के चुनाव में मतदान कर सकते हैं। अब जो नए सदस्य बनेंगे, वो 2026 में होने वाले चुनाव में मतदान कर पाएंगे।

### विदेशों से बुलाते हैं वोटर

**एनआरआई** सभा पंजाब में सदस्यों की संख्या 24 हजार से अधिक है, लेकिन आज तक 2500 से ज्यादा वोट नहीं पड़े, जिसका कारण है सभा के सदस्यों की सक्रियता न होना। चुनाव में सिर्फ वहीं सदस्य वोट डालने पहुंचते हैं जिन्हें प्रधान पद के उम्मीदवार विशेष तौर पर बुलाते हैं या जो छुट्टियों में घर आए होते हैं।

## पंजाब में सिविल जज बनने पर अनन्या ऋषि का शाहपुरकंडी में जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

शाहपुरकंडी निवासी अनन्या ऋषि पंजाब में बतौर सिविल जज सेलेक्ट होने के बाद आज अपने ननिहाल शाहपुरकंडी पहुंची। यहां पहुंचने पर उनका कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष पम्मी पठानिया सहित गांव वासियों ने बुके एवं फूलमालाएं भेंट कर स्वागत किया।

इस मौके पर अनन्या ऋषि ने कहा कि वह अपने पिता अश्विनी ऋषि मां माधुरी ऋषि, नाना प्रिंसिपल एएन शर्मा, नानी पुष्पा शर्मा एवं मामा मामी की दुआओं की बदौलत इस मुकाम तक पहुंची है। उन्होंने पंजाब की लड़कियों को संदेश देते हुए कहा कि अगर वह पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई करेंगी तो वह जीवन में किसी भी बड़े मुकाम तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने कहा की आज के दौर में लड़कियां किसी भी फील्ड में पीछे नहीं है। बस एक दृढ़ विश्वास के साथ आगे बढ़ने की लगन होनी चाहिए।



इस मौके पर उनके मामा सुरेंद्र शर्मा, मामी योगिता शर्मा डॉली, भाई आर्य ऋषि, प्रज्वल शर्मा एवं बहन मुस्कान शर्मा सहित कई पारिवारिक सदस्य मौजूद थे।

## लुधियाना में रेप के बाद चार वर्षीय बच्ची की हत्या

**चंडीगढ़।** लुधियाना में एक व्यक्ति ने अपने ही रिश्तेदार की चार वर्षीय बच्ची के साथ दरिंदगी कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी शव को बेड के बॉक्स में छिपाकर भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज कर दी है।

जानकारी के अनुसार 15 दिन पहले सोनू नामका युवक इलाके में अपने भाई अशोक के पास रहने आया था। वह बच्ची को उसकी नानी की चाय की दुकान से खेलने और चीज दिलवाने के बहाने अपने साथ ले गया। सीसीटीवी में भी वह बच्ची को ले जाता दिखाई दिया। बच्ची की उंगली पकड़ कर वह उसे कमरे में ले गया। दोपहर तक जब बच्ची न दिखी तो परिवार के सदस्यों ने उसकी तालाश शुरू की। बच्ची के लापता होने की सूचना के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया तो बच्ची का शव देर रात अशोक के घर के बॉक्स बेड से बरामद हुआ।शक है कि बच्ची से रेप करके उसकी हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए टीमें लगाई गई हैं। मामला दर्ज कर लिया है।

# फरीदाबाद में फर्जी चेक देकर लाखों की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, फरीदाबाद**

11.32 लाख रुपए का स्टेशनरी का सामान खरीद कर, बैंक के बंद खाते का चेक देकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस चौकी आईएमटी की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी शानू कुमार मूल रूप से बिहार का तथा वर्तमान में दिल्ली जैतपुर में रह रहा है।

आरोपी के खिलाफ पुलिस चौकी आईएमटी में एक शिकायत प्राप्त हुई कि आरोपी ने शिकायतकर्ता शैलेंद्र से व्हाट्सऐप के माध्यम से चेट व कॉल कर चेक से पेमेंट देने के नाम पर 11.32 लाख रुपए का सामान खरीदा था जिसके लिए आरोपी ने एक चेक दिया था। जिसको शिकायकर्ता ने कैश कराया तो चेक में जो खाता था वह बंद हो चुका था। जिसकी शिकायत पर थाना सदर बल्लबगढ़ में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस चौकी आईएमटी इंचार्ज सुनिल ने एक टीम सब इंस्पेक्टर अशोक, एएसआई समय सिंह, मुख्य सिपाही परमबीर व सिपाही अकित की टीम नियुक्त की।



पुलिस के शिकंजे में पकड़ा गया आरोपी।

## भू-कानून की मांग लेकर एक जनवरी को होगा आंदोलन

**एजेंसी, ऋषिकेश**

उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि भू-कानून की मांग को लेकर उत्तराखंड की जनता में जो गुस्सा दिखाई दे रहा है, वह स्वाभाविक ही है। इसका कारण राष्ट्रीय दलों कांग्रेस और भाजपा ने लोगों की भावनाओं को आहत किया है। शुक्रवार को त्रिवेंद्र सिंह पंवार ने ऋषिकेश स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि रा'य की जनता का भू-कानून की मांग किया जाना समय के अनुसार आवश्यक हो गया है, जिनकी भावना उत्तराखंड में वर्ष 1950 से रह रहे सभी वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों को दिलाया जाना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता के हित में जमीनों के स्वामित्व का अधिकार दिए जाने और भू-कानून बनाए जाने की मांग को लेकर एक जनवरी से ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा। वहीं, 14 जनवरी को उत्तरायणी मेले में स्थायी निवास की प्रति को बागेश्वर की नदी में बहा कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा? उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में जो पहले औद्योगिक धंधे थे, उन्हें जमीनों का आवंटन किया गया था, परंतु सरकार की पॉलिसी के कारण अपने औद्योगिक धंधों को बंद करना पड़ा।




## केंद्र सरकार को बीपीसीएल से लाभांश के रूप में मिले 2413 करोड़ रुपए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड से लाभांश किश्त के रूप में लगभग 2,413 करोड़ प्राप्त हुए हैं। वित्त मंत्रालय के तहत निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांता पांडे ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि केंद्र सरकार को लाभांश किश्त के रूप में बीपीसीएल से लगभग 2,413 करोड़ प्राप्त हुए हैं। दीपम सचिव के मुताबिक एक दिन पहले वीरवार को सरकार को पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड से लाभांश के रूप में लगभग 832 करोड़ मिले। इससे पिछले पिछले हफ्ते सरकार को लाभांश किश्त के रूप में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड और आईआरईएल लिमिटेड से क्रमशः लगभग 262 करोड़ और 120 करोड़ प्राप्त हुए थे।

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत सरकार की तीसरी सबसे बड़ी एकीकृत तेल शोधन और विपणन करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**आज का पंचांग**

(30 दिसंबर, 2023)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **शुभ मुहूर्त:** अभीजित सुबह 12:02 -12:44 दोपहर तक, **तिथि :** तृतीया 09:46 सुबह तक, **नक्षत्र :** आश्लेषा 05:42 सुबह, **पक्ष** : कृष्ण,

**राहुकाल :** 09:48-11:05 सुबह तक।

**व्रत त्योहार**

▶▶ संकष्टी चतुर्थी व्रत आज।

सूर्योदय : 07:13
सूर्यास्त : 05:33

**मेष :** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से पूरा सहयोग मिलेगा। नया कार्य प्रारंभ कर सकते हैं। घर व दोस्तों के बीच अपनी स्थिति सुधारने के बारे में सोचें। समस्याओं को दिमाग से बाहर खदेड़ दें।

**वृषभ :** आज लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का अंत होगा। उच्च अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय में सोच-समझकर निर्णय लें। घर में शुभकार्य होने के आसार बन रहे हैं।

**मिथुन :** आज आप अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें। धन लाभ के नए मार्ग खुलेंगे, किसी कानूनी विवाद में फंस सकते हैं। आज अपना कीमती समय अपने पार्टनर को दें, आपके पार्टनर को आपकी जरूरत है।

**कर्क :** आज पूरा दिन मौज-मस्ती में व्यतीत होगा। महत्वपूर्ण काम आज ही पूरा करेंगे। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलने की प्रबल संभावना है। चोट व दुर्घटना से बचें। पुराना रोग उभर सकता है।

**सिंह:** आज लेन-देन के मामले को लेकर परेशान रह सकते हैं। परिवार के सदस्यों से झगड़ा करने से बचें। मन धर्म की ओर आकर्षित होगा। अध्यात्म में रुचि रहेगी। थकान रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

**कन्या :** आज आर्थिक स्थिति में सुधार होगा साथ ही सामाजिक वर्चस्व में वृद्धि होगी। आज आपके परिवार के लोग आप से खुश रहेंगे और घर में शांति बनी रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें।

**तुला :** आज आप पूरे उत्साह से काम करेंगे व सफलता मिलेगी। बकाया वसूली होगी। व्यावसाय ठीक चलेगा। कुछ लोग आपको अपमान करने और अपने आत्मविश्वास को कम करने का प्रयास कर सकते हैं।

**वृष्चिक:** आज आपको कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। खर्च अधिक होने से तनाव रहेगा। जल्दबाजी न करें। विवेक का प्रयोग करें। जरूरी वस्तु गुम हो सकती है। प्यार के लिए समय बेहतरीन है।

**धनु:** आज आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतें, जोखिम लेने से हानि होने की संभावना है। अफवाहों से दूर रहें। बिजनेस में नुकसान होने की आशंका है। आज अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मकर :** आज व्यापार-व्यावसाय में अच्छा मुनाफा होने के योग बन रहे हैं, काम बनने से उत्साहित नजर आएंगे। जल्द ही सफलता के द्वार खुलेंगे। विरोधियों को अपने राज न बताएं। दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा।

**कुंभ :** आज परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता मिलेगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। आज आपके लिए खुशनुमा और शानदार दिन है। स्वास्थ्य व प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें। किसी आनंदोत्सव का निमंत्रण मिलेगा।

**मीन :** भाग्य आपके साथ है। विविध उलझनों का सामना होगा। कठिन परिश्रम से जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा। परिवार से भरपूर सहयोग मिलेगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।

**तैयारी** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने तेल कंपनियों पर इसके प्रभाव के संयोजनों और क्रम परिवर्तन पर किया काम

# लोस चुनाव से पहले पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटा सकती है सरकार

**एजेंसी,नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव अगले साल होने हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने देश के नागरिकों को महंगाई से बड़ी राहत दिलाने की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव से पहले पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम कर सकती है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी कम हो गई हैं, इससे तेल विपणन कंपनियां इसका बोझ उठाने में सक्षम होंगी।

सूत्रों के अनुसार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दोनों ईंधनों में चार से दस रुपए प्रति लीटर तक की कीमतों में कटौती और तेल कंपनियों पर इसके प्रभाव पर विभिन्न संयोजनों और क्रम परिवर्तन पर काम किया है।



सरकार पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती पर भी विचार कर रही है, ताकि कीमत में कटौती का पूरा बोझ तेल सार्वजनिक उप, मों इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम पर न पड़े। सूत्रों ने बताया कि कीमत में कटौती पर अंतिम फैसला प्रधानमंत्री के स्तर पर लिया जाएगा।

आखिरी बार पेट्रोल और डीजल की कीमत पिछले साल मई में कम हुई थी, जब वित्त मंत्रालय ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में आठ रुपए प्रति लीटर और डीजल पर छह रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी। वैश्विक बाजार में भी कच्चे तेल की कीमतें गिर रही हैं। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का भाव 77 डॉलर प्रति बैरल के आसपास चल रहा था। यह पहले के महीनों में 85 से 90 डॉलर की रेंज से कम है, इससे ईंधन की कीमतों में कटौती करना आसान हो गया है। इस बीच, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संभावित कटौती की खबरों के बीच शुक्रवार के कारोबार में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के शेयर चार फीसदी तक टूट गए।

### 22 मई 2022 से नहीं बदला भाव

**बता** दें कि घरेलू बाजार में 22 मई 2022 से पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नहीं बदला गया है। हालांकि कुछ राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव किया गया है। इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्य शामिल हैं। केंद्र सरकार की ओर से पेट्रोल और डीजल के भाव को शामिल नहीं किया गया है। केंद्र ने तेल कंपनियों से बात शुरू की है। अगर बात सही दिशा में आगे बढ़ी तो पेट्रोल और डीजल की कीमत में गिरावट देखने में आ सकती है।

### कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्य में आई गिरावट

रेड सागर में क्रूड टैंकरों पर हमले के बाद उस मार्ग पर बंद हुआ आवागमन अब फिर से शुरू हो गया है। इसकी वजह से डब्ल्यूटीआई क्रूड आयल के रेट में लगभग तीन फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। कच्चा तेल मंदी के साथ 72.08 डॉलर प्रति बैरल पर आ पहुंचा है।

## दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद भारत को एक और झटका

# आईसीसी ने लगाया जुर्माना, डब्ल्यूटीसी में दो अंक भी कटे



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में हार गई। सेंचुरियन में मेजबान टीम पारी और 32 रन से जीती। इस हार के बाद भारत को एक और झटका लगा। आईसीसी ने धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना लगाया और साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दो अंक भी काट लिए। टीम इंडिया अंक तालिका में छठे स्थान पर खिसक गई है। वह पाकिस्तान और बांग्लादेश से भी पीछे है।

भारत सेंचुरियन टेस्ट के दौरान आवश्यक ओवर-रेट को बनाए रखने में विफल रहा। आईसीसी ने जुर्माने के तौर पर भारतीय टीम पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना भी लगाया गया है। आईसीसी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, यह प्रतिबंध भारत द्वारा लक्ष्य से दो ओवर पीछे रहने के बाद लगाया गया।

### भारत की रैंकिंग में ताजा स्थिति

**टेस्ट** में हार के बाद भारत 16 अंक और 44.44 अंक प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर था। अंकों की कटौती के कारण टीम इंडिया अब छठे स्थान पर आ गई। उसके खाते में 14 अंक और 38.89 अंक प्रतिशत हैं। दक्षिण अफ्रीका पहले, पाकिस्तान दूसरे, न्यूजीलैंड तीसरे, बांग्लादेश चौथे और ऑस्ट्रेलिया पांचवें स्थान पर है। भारत से नीचे वेस्टइंडीज सातवें, इंग्लैंड आठवें और श्रीलंका नौवें स्थान पर है।

# भारत के सामने सीरीज न गंवाने की चुनौती

## दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया से आज टकराएगी टीम इंडिया

**एजेंसी, मुंबई**

**पहला** मैच गंवाने के बाद हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में उतरेगी तो उसके सामने सीरीज बचाने की बड़ी चुनौती होगी ।

ऑस्ट्रेलिया ने वानखेड़े स्टेडियम पर पहले वनडे में भारत को हर विभाग में उन्नीस साबित कर दिया। भारत ने जेमिमा रौड्रिग्स (82) और पूजा वस्त्राकर (नाबाद 62) की पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वोच्च स्कोर आठ विकेट पर 282 रन बनाया। भारत ने गेंदबाजी में सात गेंदबाजों को आजमाया, लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया ने तीन ओवर और छह विकेट बाकी रहते जीत दर्ज की।

भारत की अपनी धरती पर यह लगातार आठवीं हार थी। इस तरह का प्रदर्शन ड्रेसिंग रूम में जरूर चिंता का सबब बना होगा।

रेणुका सिंह के पहले ओवर में स्नेह राणा ने अपने बाईं ओर डाइव लगाकर एलिसा हीली का कैच लपका, लेकिन इसके बाद से भारत का क्षेत्ररक्षण खराब हो गया और मेजबान खिलाड़ियों की कई गलतियों की वजह से ऑस्ट्रेलिया के लिए फोबे लिचफील्ड और एलिसे पेरी ने दूसरे विकेट के लिए 148 रन जोड़ डाले। नई गेंद संभालने वाले भारतीय गेंदबाज नाकाम रहे और स्पिनर भी प्रभावित नहीं कर पाए। अपना पहला टी-20 मैच खेल रही साइका इशाक ने छह ओवर में 48 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। बल्लेबाजी में भी रौड्रिग्स और वस्त्राकर के बीच आठवें विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी से पहले भारतीय जूझते नजर आए। भारत को अब चंद घंटों के भीतर इस हार को भुलाकर अगले मैच की तैयारी करनी है। पिछले 23 दिन में सभी प्रारूपों को मिलाकर भारत का यह सातवां मैच है। भारतीय टीम 35 दिन के भीतर 11 मैच खेल रही है। यह भी देखना होगा कि तबीयत खराब होने के कारण पहले मैच से बाहर रही उपकप्तान स्मृति मंधाना दूसरा मैच खेल पाती हैं या नहीं।

भारी गर्मी और उमस में बेहतरीन बल्लेबाजी करने वाली रौड्रिग्स भी डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) का शिकार हो गई थी। भारतीय गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलियाई उपकप्तान ताहलिया मैकग्रा के बल्ले पर भी अंकुश लगाना होगा, जो इस दौरे पर अब तक तीन अर्धशतक जमा चुकी हैं। पहले मैच में पिच बल्लेबाजों की मददगार थी और अगले दो मैचों में भी ऐसी ही पिच मिलने की उम्मीद है।

### भारत

**हरमनप्रीत** कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर , टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देयोल।

### ऑस्ट्रेलिया

**डार्सी** ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, बेथ मूनी (विकेटकीपर), एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम।



भारतीय महिला टीम कप्तान हरमनप्रीत कौर और उपकप्तान स्मृति मंधाना।



## 146 साल के इतिहास में पहली बार कोहली के अपने नाम विराट रिकॉर्ड

**एजेंसी, सेंचुरियन**

**दक्षिण** अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत को भले ही करारी शिकस्त मिली हो, लेकिन दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 146 साल के इतिहास में कभी नहीं हो सका। क्रिकेट 1877 से खेला जा रहा है। तब से लेकर अब तक विराट वह पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट यानी तीनों प्रारूप मिलाकर सात अलग-अलग कैलेंडर वर्ष में 2000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। विराट ने सबसे ज्यादा सात बार एक कैलेंडर वर्ष में 2000+ रन बनाए। वह ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। विराट ने दूसरी पारी में 82 गेंद में 12 चौके और एक छक्के की मदद से 76 रन की पारी खेली और मुकाम हासिल किया। हालांकि, वह टीम इंडिया को हार से नहीं बचा सके।

### भारत के स्टार बल्लेबाज ने श्रीलंका के दिग्गज कुमार संगकारा को पीछे छोड़ा

**भारत** के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने साल 2023 में 35 अंतरराष्ट्रीय मैचों की 36 पारियों में 66.06 की औसत से 2048 रन बनाए। इनमें आठ शतक और 10 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने इससे पहले साल 2012 में 2186 रन, साल 2014 में 2286 रन, साल 2016 में 2595 रन, साल 2017 में 2818 रन, साल 2018 में 2735 रन और साल 2019 में 2455 रन बनाए थे। 1877 में पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेले जाने के बाद से (आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार) किसी अन्य खिलाड़ी ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की है। विराट कोहली के बाद दूसरे नंबर पर श्रीलंका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी कुमार संगकारा हैं। कुमार संगकारा ने छह बार ऐसा किया है।

## भारत के खिलाफ विदाई टेस्ट में एल्गर बने कप्तान

**एजेंसी, सेंचुरियन**

**भारत** के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के बाद क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे डीन एल्गर केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए चोटिल तेंबा बावुमा की जगह दक्षिण अफ्रीका के कप्तान होंगे।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने वीरवा को पहले टेस्ट के बाद कहा कि बावुमा दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। बावुमा को पहले दिन फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और वह मैच में आगे नहीं खेल सके थे। उनकी गैर मौजूदगी में एल्गर ने ही कप्तानी की। दक्षिण अफ्रीका ने पहला टेस्ट एक पारी और 32 रन से जीता। शतक जमाने वाले एल्गर को प्लेयर आफ द मैच भी चुना गया।

बावुमा की जगह जुबैर हमजा तीन जनवरी से केपटाउन में होने वाला दूसरा टेस्ट खेलेंगे। एल्गर इससे पहले भी दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर चुके हैं। भारतीय टीम के पिछले दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 2021-22 में पहला टेस्ट हारने के बाद उनकी कप्तानी में शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 2-1 से जीत दर्ज की थी।

### जडेजा ने शुरू किया अभ्यास, खेलेंगे दूसरा टेस्ट

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका के हाथों पहले टेस्ट में शर्मनाक हार झेलने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए अच्छी खबर है कि हरफनमौला रविंद्र जडेजा तीन जनवरी से केपटाउन में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में खेल सकते हैं । पहले टेस्ट की सुबह पीठ में दर्द के कारण जडेजा नहीं खेल सके थे। पहले टेस्ट के तीसरे दिन उन्होंने वार्मअप में भाग लिया और बिल्कुल सहज नजर आए। उन्होंने फिटनेस अभ्यास भी किया। तीसरे दिन लंच ब्रेक के दौरान उन्होंने गेंदबाजी की। रिजर्व तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के साथ उन्होंने करीब 20 मिनट अभ्यास पिच पर गेंदबाजी की। टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच रजनीकांत उनके साथ थे। वह गेंदबाजी करते हुए भी बिल्कुल सहज लगे। गेंदबाजी में भले ही जडेजा उतने खतरनाक नहीं हों, लेकिन छठे और सातवें नंबर पर उनकी बल लेबाजी उपयोगी साबित हो सकती है।

### दूसरे टेस्ट से पहले आवेश खान भारतीय टीम में

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका के हाथों पहले टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद केपटाउन में होने वाले दूसरे और आखिरी टेस्ट के लिये तेज गेंदबाज आवेश खान को भारतीय टीम में शामिल किया गया है । बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पुरुष चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन से सात जनवरी तक केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए मोहम्मद शमी की जगह आवेश खान को टीम में जगह दी है। आवेश ने अभी तक 38 प्रथम श्रेणी मैचों में 149 विकेट लिए हैं। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा थे, जिसमें भारत ने जीत दर्ज की थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट में हराया

- कप्तान पैट कमिंस ने किया शानदार प्रदर्शन
- झटके 10 विकेट
- पाकिस्तान को 79 रन से दी शिकस्त

**एजेंसी, मेलबर्न**

**कप्तान** पैट कमिंस के दस विकेट की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन पाकिस्तान को 79 रन से हरा दिया ।

कमिंस ने दूसरी बार मैच में दस विकेट लेने का कारनामा किया है। उनकी शानदार गेंदबाजी की मदद से मेजबान टीम ने पाकिस्तान को 237 रन पर आउट कर दिया। यह पाकिस्तान की ऑस्ट्रेलिया में लगातार 16वीं टेस्ट हार थी।

मोहम्मद रिजवान और सलमान अली आगा ने 67 रन की साझेदारी की, लेकिन कमिंस ने इसे तोड़कर सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मैदानी अंपायर ने रिजवान को नॉट आउट करार दिया, लेकिन तीसरे अंपायर ने ऑस्ट्रेलिया के रिव्यू पर गेंदबाज के पक्ष में फैसला दिया। कमिंस की गेंद उनके बल्ले से टकराकर विकेटकीपर एलेक्स कारी के हाथ में गई थी।

उस समय पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 219 रन था। कमिंस ने इससे पहले कप्तान शान मसूद (60) को चाय ब्रेक से पहले आउट किया। आमिर जमाल उनका चौथा विकेट बने, जो खाता भी नहीं खोल सके।

प्लेयर आफ द मैच बने कमिंस 250 टेस्ट विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के दसवें गेंदबाज भी बन गए।

ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट 360 रन से जीता था। तीसरा टेस्ट तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया में 1995 में टेस्ट जीता था।

- **प्लेयर ऑफ द मैच बने कमिंस 250 टेस्ट विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के बने दसवें गेंदबाज**
- **पाकिस्तान की हुई ऑस्ट्रेलिया में लगातार 16वीं टेस्ट हार**



## न्यूजीलैंड-बांग्लादेश के बीच दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच बारिश की भेंट चढ़ा

**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)**

**न्यूजीलैंड** और बांग्लादेश के बीच शुक्रवार को दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में केवल 11 ओवर ही डाले जा सके, जिसके बाद बारिश के कारण इसे रद्द करना पड़ा। इससे बांग्लादेश की टीम तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाए है।

मैच समय पर शुरू हुआ और 11 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 72 रन बना लिए थे, जिसके बाद तेज बारिश होने लगी, जो पूरे समय होती रही और मैच रद्द करने सिवाय कोई चारा नहीं। सीरीज का तीसरा मैच रविवार को इसी स्टेडियम में खेला जाएगा।



**प्रेक्टिस** पेनल्टी कॉर्नर के लिए रूपिंदर पाल सिंह के साथ काम कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम

# हम प्रत्येक दिन सीख रहे हैं नई चीजें : गुरजीत

**एजेंसी, बेंगलुरु**

पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदलने की पुरानी समस्या को दूर करने के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम रांची में अगले महीने होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर से पहले यहां चल रहे पांच दिवसीय शिविर के दौरान महान ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह के साथ कौशल निखारने में लगी हुई है।

हाल में रांची में जापान को हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बावजूद भारत ने कई पेनल्टी कॉर्नर के मौके गंवाए थे और कोच यानेके शॉपमैन ने इस विभाग में तुरंत सुधार की जरूरत पर जोर दिया था।

शीर्ष महिला ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर ने बुधवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) बेंगलुरु में शुरू हुए शिविर को महत्वपूर्ण क्वालीफायर से पहले सीखने के लिए 'परफेक्ट' करार दिया। ओलंपिक क्वालीफायर अगले साल 13 से 19 जनवरी के बीच खेला जाएगा। गुरजीत ने कहा कि हम प्रत्येक दिन नई चीजें सीख रहे हैं और सुधार करने वाले कुछ विशेष पहलुओं पर ध्यान लगाकार अपने खेल में और सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं।

रूपिंदर ने हमारे मार्गदर्शन में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हम आगामी टूर्नामेंट की तैयारी में जुटे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि यहां सीखे गए सबक से मैदान में हमारे प्रदर्शन पर काफी अच्छा असर पड़ेगा। हांगझोउ एशियाड में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की कमी साफ दिखाई दी, जिसमें टीम ने कांस्य पदक जीता था। इस टूर्नामेंट में भारत को 69 पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमें से टीम महज 16 में ही गोल कर पायी थी। मेजबान चीन के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत छह पेनल्टी कॉर्नर में से एक को भी गोल में तब्दील नहीं कर पाया और 0-4 से हार गया।

दीपिका नियमित तौर पर पेनल्टी कॉर्नर पर शॉट लगाती हैं, उन्होंने कहा कि रूपिंदर ने 'ड्रैग फ्लिकिंग' की कुछ बारिकियों के बारे में बताया कि किस कोण से शॉट लिया जाये और प्रतिद्वंद्वी डिफेंस से सबसे पहले आने वाले खिलाड़ियों से किस तरह बचा जाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने सबसे पहले शॉट रोकने के लिए आने वाले खिलाड़ियों के बारे में बात साझा की कि उनसे किस तरह निपटा जाए, उन्होंने बताया कि इनसे बचने के लिए गेंद को तेजी से कब्जे में लिया जाए।

### इस फैसले से अब सवा तीन लाख भारतीय छात्र प्रभावित होंगे

# अब अमेरिका में भारतीयों का पढ़ना होगा महंगा, 30 प्रतिशत बढ़ेगी फीस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिका में पढ़ाई करने की चाहत रखने वाले भारतीय स्टूडेंट्स के लिए बड़ा झटका है। अमेरिका के कॉलेज-यूनिवर्सिटी ने अप्रैल से शुरू होने वाले नए सेशन की फीस में 30 फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब भारतीय स्टूडेंट्स का अमेरिका में पढ़ना और महंगा हो जाएगा।

इस फैसले से अब सवा तीन लाख भारतीय छात्र प्रभावित होंगे। इससे पहले कैलिफोर्निया और स्टेनफेर्ड यूनिवर्सिटी ने फीस बढ़ाई थी। वहीं, यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया का कहना है कि राष्ट्रपति ने टीचिंग स्टाफ का वेतन 972 रुपए प्रति घंटे से बढ़ाकर 1215 रुपए किया है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय छात्रों की फीस बढ़ाकर फंड की भरपाई की जा रही है।



फाइल फोटो।

#### 10 लाख रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा

**हर** साल अमेरिका में पढ़ने के इच्छुक करीब एक लाख नए भारतीय छात्र कॉलेज- यूनिवर्सिटी में आवेदन करते हैं। एक अनुमान के अनुसार, फीस में इजाफे के बाद प्रत्येक भारतीय छात्र पर डिग्री के दौरान लगभग 10 लाख रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इससे पहले संयुक्त राज्य अमेरिका ने कहा था कि वह भारतीय छात्रों के लिए छात्र वीज़ा नियुक्तियों की संख्या कम से कम 30 प्रतिशत बढ़ाने की योजना बना रहा है।

### एपॉलेट्स का लोगो बदला, एडमिरल, वाइस-एडमिरल और रियर एडमिरल रैंक के लिए जारी, पहले नेल्सन की रिंग थी

# नौसेना अफसरों के कंधों पर सजेगी शिवाजी की राजमुद्रा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** नौसेना के अफसरों के कंधों पर अब छत्रपति शिवाजी की राजमुद्रा सजेगी। नौसेना में टॉप अधिकारियों के लिए नए एपॉलेट्स को पेश किया है, जिन्हें वर्दी पर लगाया जाएगा।

नौसेना ने छत्रपति शिवाजी की राजमुद्रा से प्रेरणा लेते हुए एपॉलेट्स के नए डिजाइन को लांच किया है, जिसे अब अधिकारियों को पहनना है। राजमुद्रा पर संस्कृत में शाहसूनो: शिवस्यैषा मुद्रा भद्राय राजते लिखा रहता था।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार दिसंबर को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में नौसेना दिवस पर एपॉलेट्स के नए डिजाइन को पेश किए जाने का ऐलान किया था। नए डिजाइन वाले एपॉलेट्स को एडमिरल, वाइस-एडमिरल और रियर एडमिरल रैंक के लिए जारी किया गया है। नौसेना में ये तीन सबसे ऊंची रैंक होती हैं।

#### नया डिजाइन नौसेना ध्वज से लिया

**नौसेना** ने एडमिरल्स एपॉलेट्स का नया डिजाइन नौसेना ध्वज से लिया है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से इंस्पायर है और यह हमारी समृद्ध समुद्री विरासत का सच्चा आईना है। नए एपॉलेट्स में मराठा शासक की राजमुद्रा को लाना गुलामी की मानसिकता छोड़ने की कोशिश है, जिसे अंग्रेजी राज की नेल्सन रिंग की जगह बदला गया है।




#### रैंक के नाम भी बदले जाएंगे

**पीएम** मोदी ने नौसेना दिवस पर घोषणा की थी कि नौसेना रैंकों का नाम भी भारतीय परंपराओं के आधार पर रखा जाएगा। पिछले साल से नौसेना में कई बदलाव किए जा रहे हैं। वहीं, नौसेना ने अंग्रेजों के जरिए विरासत में मिली नाविकों के रैंक की भी समीक्षा कर ली है। नाविकों की रैंक को भारतीय नामों से बदल दिया जाएगा। इस तरह 65 हजार से ज्यादा नाविकों को नई रैंक मिलेगी।

#### नए डिजाइन में क्या-क्या है

- **गोल्डन नेवी बटन :** गुलामी की मानसिकता को दूर करने के संकल्प को दोहराता है।
- **अष्टकोण (ऑक्टागोन):** यह आठ दिशाओं का प्रतीक है, जो सेना की सर्वांगीण दीर्घकालिक दृष्टि को दर्शाता है।
- **तलवार :** यह देश की शक्ति में अग्रणी बनने और प्रभुत्व के जरिए जंग जीतने, विरोधियों को हराने और हर चुनौती पर काबू पाने के नौसेना के उद्देश्य को दिखाती है।
- **टेलीस्कोप :** यह बदलती दुनिया में दृष्टि, दूरदर्शिता और मौसम पर नजर रखने का प्रतीक है।

## वर्ल्ड न्यूज

### नए साल पर संभावित दंगों को लेकर जर्मन अधिकारी सतर्क

**बर्लिन।** 2023 में नए साल की पूर्व संध्या पर हुए दंगों और आपातकालीन सेवाओं पर हमलों से सबक लेते हुए जर्मन अधिकारियों ने कमर कस ली है। जर्मनी की आपातकालीन सेवाएं देश भर में साल के अंत में होने वाले उत्सवों से निपटने की तैयारी कर रही हैं। वहीं आतिशबाजी की बिक्री शुरू होने पर जनता से शांतिपूर्ण रहने की अपील की गई। बर्लिन में पुलिस और अग्निशमन विभाग ने वीरवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संयुक्त वीडियो में कहा, 'हम एक साथ कार्रवाई करने जा रहे हैं ताकि आप नए साल की पूर्वसंध्या सुरक्षित रूप से मना सकें।

### मोसाद से जुड़े चार लोगों को ईरान ने दी फांसी

**नई दिल्ली।** ईरान ने शुक्रवार को कहा कि उसने इसराइल की मोसाद खुफिया सेवा से जुड़े चार लोगों को फांसी दे दी है। ईरानी समाचार मीडिया ने बताया, ज़ायोनी शासन से जुड़े तोड़फोड़ दल के चार सदस्यों, जिन्होंने मोसाद अधिकारियों के मार्गदर्शन में देश की सुरक्षा के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की थी, को आज सुबह कानूनी प्रक्रियाओं के बाद फांसी दे दी गई।

### कनाडा: सरे में मंदिर के पुजारी के बेटे के घर 14 राउंड फायरिंग

**ओटावा।** कनाडा के सरे में अज्ञात हमलावरों ने एक हिंदू मंदिर के अध्यक्ष के बेटे के आवास पर 14 राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। सरे रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की तरफ से हमले की पुष्टि करते हुए बताया गया है कि लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष सतीश कुमार के बेटे के आवास पर यह फायरिंग की गई। घटना 27 दिसंबर को सुबह 8 बजे की है। इसे लेकर जांच एजेंसी ने लोगों से पूछताछ की है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है।

### हाफिज प्रत्यर्पण मामला, भारत ने जरूरी दस्तावेज पाक भेजे

**नई दिल्ली।** भारत ने हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को कहा कि हमने औपचारिक रूप से पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से आतंकी हाफिज सईद को भारत के हवाले करने की मांग की है। इसके लिए जरूरी दस्तावेज पाकिस्तान सरकार को भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि हाफिज ग्लोबल टेररिस्ट है और भारत में वॉन्टेड है। हमने दस्तावेजों में उन सभी केस का जिक्र किया है, जिसके लिए हाफिज वॉन्टेड है। दरअसल, 28 दिसंबर को पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया था कि पाकिस्तान ने सामने भारत की तरफ से हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग उठाई गई है। इस पर भारत ने आज प्रतिक्रिया दी है।

### राजस्थान में मुख्यमंत्री आज करेंगे मंत्रिमंडल का विस्तार

**जयपुर।** राजस्थान में शनिवार को मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। दोपहर 3:15 बजे राज्यपाल कलराज मिश्र नए मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। नामों पर सहमति बनाने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर के बीच लंबी बैठक हुई थी। बताया जा रहा है कि इस बैठक में लगभग सभी नाम फाइनल कर लिए गए हैं। पूर्वी राजस्थान के सबसे कद्दावर नेताओं में शामिल डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के मंत्रिमंडल में शामिल होने की प्रबल संभावना है।

# गाजा पट्टी में बिना एनेस्थीसिया दिए 1,000 बच्चों के काटे गए हाथ : यूएन

## 9,000 से अधिक बच्चे इसराइली बमबारी में घायल, दवाओं की आपूर्ति भी बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फिलिस्तीन पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत फ्रांसेसा अल्बनीज ने शुक्रवार को कहा कि गाजा में कम से कम 1,000 बच्चों के हाथ बिना एनेस्थीसिया के काट दिए गए हैं, क्योंकि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इसराइल ने आवश्यक दवाओं की आपूर्ति के प्रवेश को बंद कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत ने एक्स पर लिखा, हमारी सदी की राक्षसीता।



उन्होंने कहा कि इसराइल गाजा के उन इलाकों पर बमबारी कर रहा है, जिन्हें उसने सुरक्षित बताया है। उन्होंने लिखा कि यह पूरे परिवारों को खत्म कर रहा है, अनगिनत बच्चों को अनाथ बना रहा है और अनगिनत पुरुषों और महिलाओं को अपनी संतानों को जीवन संघर्ष के लिए मजबूर कर रहा है। उन्होंने कहा कि गाजा में प्रत्येक कहानी कष्टदायी है। यूनिसेफ ने कहा है कि गाजा में कम से कम 9,000 से अधिक बच्चे इसराइली बमबारी में घायल हो गए हैं, इससे उन्हें एक हाथ या पैर खोने की समस्या से जूझना पड़ा है। सात अक्तूबर को एक अप्रत्याशित हमले में हमास द्वारा इसराइल पर हमला करने के बाद इसराइल ने 27 अक्तूबर को गाजा के अंदर एक ज़मीनी आ, मण शुरू किया। हमास और इसराइल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से, कम से कम 21,320 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, इनमें ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं, जबकि 55,603 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं।



#### बंधकों को वापस लाने के लिए बातचीत जारी : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि बंधक बनाए गए इसराइली लोगों को वापस लाने के लिए हमास और इसराइलियों के बीच बातचीत चल रही है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने बंधकों के परिवार के सदस्यों से कहा है कि सरकार गाजा से बंधकों को वापस लाने के लिए बातचीत कर रही है। नेतन्याहू ने कहा कि हमास के साथ इस बातचीत में कतर और मिस्र मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। इसराइल सरकार ने बंधकों को वापस लाने के लिए मध्यस्थता पर दो प्रस्तावों पर चर्चा की है। एक कतरियों के साथ और दूसरा मिस्रवासियों के साथ। कतर द्वारा रखे गए प्रस्ताव के अनुसार, इसराइली जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास द्वारा सबसे पहले महिला बंधकों को रिहा किया जाएगा।

### अरविंद केजरीवाल का अनुरोध खारिज

# राघव चड्ढा नहीं संजय सिंह ही होंगे राज्यसभा में पार्टी के नेता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के अंतरिम नेता के रूप में नियुक्त करने के अरविंद केजरीवाल के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है। सभापति द्वारा दिए गए निर्णय के बाद संजय सिंह राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के नेता बने रहेंगे। फिलहाल संजय सिंह जेल में है।

जानकारी के अनुसार, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा राज्यसभा में अंतरिम पार्टी नेता के रूप में राघव चड्ढा की नियुक्ति की मांग करने वाले अनुरोध को आधिकारिक तौर पर अस्वीकार कर दिया है। राज्यसभा में पार्टी के अंतरिम नेता के रूप में राघव चड्ढा की नियुक्ति की मांग करने वाले अरविंद केजरीवाल के 14 दिसंबर, 2023 के पत्र के जवाब में, सभापति ने लिखा कि यह पहलू मान्यता प्राप्त दलों और समूहों के नेताओं और मुख्य सचेतकों संसद (सुविधाएं) अधिनियम, 1998 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अधीन है। लागू कानूनी व्यवस्था के अनुरूप नहीं होने के कारण अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जा रहा है।



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़

केजरीवाल ने अपने पहले लिखा था कि मैं राज्यसभा में अंतरिम पार्टी नेता के रूप में राघव चड्ढा का नाम प्रस्तावित करना चाहूंगा, जब तक कि आगे बदलाव आवश्यक न समझे जाएं। हमारा अनुरोध है कि राज्यसभा के नियमों और प्रि, याओं के अनुसार इस बदलाव की अनुमति दी जाए। यह वर्तमान के राज्यसभा पार्टी नेता संजय सिंह के न्यायिक हिरासत में होने और परिणामस्वरूप संसद सत्र में भाग लेने में असमर्थ होने की पृष्ठभूमि में था। यानी अब संजय सिंह राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के नेता बने रहेंगे।

## ट्रंप को दोबारा झटका, अमेरिकी राज्य मेन ने भी राष्ट्रपति चुनाव के लिए अयोग्य ठहराया

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदों को फिर बड़ा झटका लगा है। दोबारा राष्ट्रपति बनने का सपना देख रहे ट्रंप को लेकर अमेरिकी राज्य मेन की शीर्ष चुनाव अधिकारी ने फैसला सुनाया है कि वे 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में शामिल नहीं हो सकते।

मेन राज्य की सेक्रेटरी ऑफ स्टेट शेना ली बेलोज ने 2021 के कैपिटल हिल दंगे में ट्रंप की भूमिका को लेकर यह फैसला सुनाया है। बेलोज ने 34 पन्नों के फैसले में लिखा है कि अमेरिकी संविधान हमारी सरकार की नींव पर हमले को बर्दाश्त नहीं करता। निष्कर्ष निकाला गया है कि ट्रंप ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में झूठे दावे के जरिए विद्रोह को उकसाया और अपने समर्थकों से यूएस कैपिटल पर मार्च का आह्वान किया। इस फैसले के बाद रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के लिए ट्रंप अमेरिकी राज्य मेन में होने वाले प्राइमरी चुनाव में भाग नहीं ले सकते।



### देशभर में कोरोना के 797 नए केस, पांच लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना के 797 नए मामले आए हैं, जबकि पांच लोगों की मौत हुई है। सात महीने बाद कोरोना के इतने मामले दर्ज हुए हैं। 19 मई, 2023 को 865 केस रिपोर्ट हुए थे। वहीं, कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 के 145 मामले आए हैं। अब देशभर में एक्टिव केसों की संख्या 4091 पहुंच गई है।



केरल में सबसे ज्यादा 2522, कर्नाटक में 568 और महाराष्ट्र में 369 लोग संक्रमित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार कोरोना का नया जेएन-1 वेरिएंट अब तक 41 देशों में फैल चुका है। फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और स्वीडन में जेएन-1 के मामले सबसे ज्यादा हैं।

## गडकरी ने लद्दाख में सड़कों के लिए 1170 करोड़ रुपए खर्च की दी मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए 29 सड़क परियोजनाओं के लिए 1170.16 करोड़ रुपए के आवंटन को मंजूरी दी है, इसमें राज्य राजमार्ग, प्रमुख और अन्य जिला सड़कें शामिल हैं। गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए सीआरआईएफ योजना के तहत 8 पुलों के लिए 181.71 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा केंद्र शासित प्रदेश और भारत में दूसरा सबसे कम आबादी वाला लद्दाख, अनुमोदित पहलों के माध्यम से अपने दूरदराज के गांवों तक बेहतर कनेक्टिविटी का गवाह बनेगा। मंत्री ने कहा कि इस बढ़े हुए आवंटन से विशेष रूप से कृषि और पर्यटन में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जो लद्दाख के समग्र ढांचागत विकास में योगदान देगा।





### पशुपतिनाथ मंदिर ट्रस्ट में ईसाई महिला की नियुक्ति पर संसदीय समिति की आपत्ति

**काठमांडू।** हिंदू आस्था का केंद्र पशुपतिनाथ मंदिर ट्रस्ट में ईसाई महिला की नियुक्ति को लेकर नेपाल की संसदीय समिति ने विरोध जताया है। ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक के पद पर हुई ताजा नियुक्ति को लेकर देशभर में बवाल मचा है।



हाल ही में संस्कृति तथा पर्यटन मंत्री की तरफ से पशुपति क्षेत्र विकास कोष के कार्यकारी निदेशक के पद पर लक्ष्मी पुन नाम की एक महिला की नियुक्ति का निर्णय किया गया। माओवादी पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता तथा पार्टी सदस्य रही पुन की नियुक्ति को लेकर पहले योग्यता पर प्रश्न उठाया गया। स्थानीय मीडिया में लक्ष्मी पुन के ईसाई होने का जब दावा किया गया तो मामला संसदीय समिति तक पहुंचा।

## झारखंड में 50 की उम्र के बाद मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन, हेमंत सोरेन सरकार ने किया बड़ा ऐलान

**एजेंसी, रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शु, वार को रांची के मोरहाबादी मैदान से बड़ी घोषणा की। उन्होंने ऐलान किया कि राज्य के आदिवासी-दलित भाई-बहन के लिए सरकार पेंशन देने की उम्र सीमा 50 साल करेगी।

60 साल की उम्र सीमा अब समाप्त की जाएगी। सीएम ने झारखंड सरकार के चार साल पूरे होने के मौके पर यह घोषणा की। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि सरकार तो आप बनाते हैं, मुख्यमंत्री के रूप में मैं तो सिर्फ साधन मात्र हूं। आपका अधिकार आपके दरवाजे पर देने का काम करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची के लोग रेंग-रेंग कर सड़कों पर चलने को पिछले कई सालों से विवश रहे। किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया लेकिन आज रांची में फ्लाईओवर का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। अलग-अलग जिले में बाईपास सड़क का निर्माण हुआ है और हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2019 तक सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं को बैंक ,ेडिट लिंक के माध्यम से छह हजार करोड़ रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया।



## भारत समेत सभी पड़ोसी देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध रखना चाहते हैं : पाक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान ने कहा है कि वह पड़ोसी भारत सहित सभी देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध रखना चाहता है। मीडिया रिपोर्टों में यह बात कही गई है।

पाकिस्तान विदेश कार्यालय ने कहा है कि पाकिस्तान एक शांतिपूर्ण पड़ोस के लिए प्रतिबद्ध है और भारत सहित क्षेत्र के सभी देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध रखना चाहेगा। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्टों में उनके विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच के हवाले से कहा गया है कि भारत को बातचीत के लिए माहौल बनाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। बलूच ने कहा कि भारत के साथ बातचीत केवल समानता, सम्मान और प्राथमिकता वाले मुद्दे के रूप में जम्मू-कश्मीर पर चर्चा के आधार पर हो सकती है।




## नवी मुंबई में तस्करी करके लाई 5 .77 करोड़ की सिगरेट जब्त

**एजेंसी, मुंबई**

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने तस्करी करके लाई गई 5.77 करोड़ मूल्य की सिगरेट न्हावा शेवा स्थित जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह से जब्त की है। यह सिगरेट 40 फीट के रेफ्रिजेरेटेड कंटेनर में रखी गई थी।



डीआरआई सूत्रों के अनुसार न्हावा सेवा स्थित जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर 40 फीट ऊंचे रेफ्रिजेरेटेड कंटेनर में प्रतिबंधित सिगरेट लाए जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी।

इस पर डीआरआई की टीम ने छापा मारकर 33,92,000 सिगरेट के पैकेट जब्त किए। बरामद की गई प्रतिबंधित सिगरेट का बाजार मूल्य 5.77 करोड़ रुपए आंका गया है। डीआरआई के एक अधिकारी ने बताया कि सिगरेट के डिब्बों को इमली के बक्सों के अंदर रखकर सभी तरफ से ढक दिया गया था, ताकि कार्डबोर्ड के डिब्बों को खोलने पर भी सिगरेट के डिब्बों का पता न चल सके। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।


**फ्लैशबैक**

### अंडमान का नाम शहीद और निकोबार का नाम रखा था स्वराज, आज है भारत का केंद्र शासित प्रदेश

# 80 साल पहले नेता जी ने पोर्ट ब्लेयर में पहली बार फहराया था तिरंगा

**अनंत ज्ञान विशेष**

नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने 30 दिसंबर 1943 को अंडमान निकोबार के द्वीप पोर्ट ब्लेयर के जिमखाना ग्राउंड पर पहली बार तिरंगा फहराया। आज इसकी 80वीं वर्षगांठ है। यह वही तिरंगा था जिसे कांग्रेस ने अपनाया था। इसकी बीच की सफेद पट्टी पर चरखा बना था। इस द्वीप पर तिरंगा फहराने के बाद नेताजी ने अंडमान का नाम शहीद और निकोबार का नाम स्वराज रखा। इसके बाद आजाद हिंद सरकार ने जनरल लोकनाथन को यहां गवर्नर बनाया। 1947 में ब्रिटिश सरकार से मुक्ति के बाद ये भारत का केंद्र शासित प्रदेश है।



दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 1942 में जापान ने अंडमान निकोबार पर कब्जा किया जो 1945 तक बरकरार रहा। जापान ने इसे 1943 में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिंद फौज को सौंप दिया। दूसरे विश्व युद्ध में जब जापान की हार हुई तो यह वापस ब्रिटेन के पास चला गया। हालांकि सबसे पहले हालैंड ने इस पर कब्जा किया था। उसके बाद यह ब्रिटिश नियंत्रण में गया।



#### नेताजी ने कहा था कि हम भारतीय भूमि पर होंगे

**नेताजी** ने इससे पहले जापान और सिंगापुर में अपने भाषणों में कहा भी था कि इस साल के आखिर तक आजाद हिंद फौज भारतीय धरती पर कदम जरूर रखेगी। जब पोर्ट ब्लेयर पहुंचे तो उन्होंने सेल्यूलर जेल जाकर यहां एक जमाने में बंदी बनाए गए भारतीय क्रांतिकारियों और शहीदों के प्रति श्रृद्धांजलि भी व्यक्त की।

#### फिर सुभाष ने क्या भाषण दिया था

**अंडमान** पर भारतीय तिरंगा फहराने के बाद सुभाष तीन दिन यहां रहे। एक जनवरी को वह सिंगापुर पहुंचे। सिंगापुर में उन्होंने भाषण में कहा था कि आजाद हिंद फौज हिंदुस्तान में क्रांति की वो ज्वाला जगाएगी, जिसमें अंग्रेजी साम्राज्य जलकर राख हो जाएगा। अंतरिम आजाद हिंद सरकार, जिसके अधिकार में आज अंडमान और निकोबार द्वीप समूह हैं और जिसे जर्मनी और जापान सहित विश्व के नौ महान देशों ने मान्यता दी है।

#### आजादी की लड़ाई में क्या है इसका महत्व

**ब्रिटिश** शासन द्वारा इस स्थान का उपयोग स्वाधीनता आंदोलन में दमनकारी नीतियों के तहत क्रांतिकारियों को भारत से अलग रखने के लिए किया जाता था। इसी कारण यह स्थान आंदोलनकारियों के बीच काला पानी के नाम से जाना जाता था। कैद के लिए पोर्ट ब्लेयर में एक अलग कारागार सेल्यूलर जेल का निर्माण किया गया था, जो ब्रिटिश इंडिया के लिए साइबेरिया की तरह ही था। इस विशाल कारागार के अब केवल तीन अंश बचे हैं। कारागार की दीवारों पर वीर शहीदों के नाम लिखे हैं। यहां एक संग्रहालय भी है जहां उन अस्त्रों को देखा जा सकता है, जिनसे स्वतंत्रता सेनानियों पर अत्याचार किए जाते थे। यहां पर एक द्वीप रास है, जिसे सुभाष चंद्र बोस द्वीप के नाम से भी जाना जाता है।

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517